CMYK

तापमान
अधिकतम :35°C
न्यूनतम: 24°C

सेंसेक्स 82,059.42
निफ्टी 24,945.45

सोना 96,530
चांदी 98,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

देहरादून, मंगलवार 20 मई 2025 देहरादून संस्करण: वर्ष 24 अंक 287 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 8 विक्रमी सम्वत् 2082 | 21 ज़ीक़ादा 1446 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



**बाइडन प्रोस्टेट कैंसर की गंभीर अवस्था में**

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



**हरप्रीत बरार ने पत्नी को समर्पित किया प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार**

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

## पाकिस्तान ने स्वर्ण मंदिर को बनाया था निशाना : सेना

शाह टाइम्स ब्यूरो



- स्वर्ण मंदिर को निशाना बनाकर दागी थी मिसाइल एयर डिफेंस ने नाकाम कर दिया था हमला
- ऑपरेशन सिंदूर के लिए बने सांसदों के डेलीगेशन में शामिल नहीं होंगे पूर्व क्रिकेटर यूसुफ पठान

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना ने कहा कि पाकिस्तान ने अमृतसर के गोल्डन टेंपल पर निशाना बनाकर मिसाइल दागी थी। इसे भारतीय एयर डिफेंस ने नाकाम कर दिया था।

सेना के जवानों ने पंजाब में मार गिराए गए पाकिस्तानी ड्रोन और मिसाइल का मलबा भी दिखाया। वहीं पंजाब में इंटरनेशनल बॉर्डर पर तैनात एक जवान ने कहा कि 8-9 मई की रात को पाकिस्तान ने अचानक फायरिंग की और घुसपैठ की कोशिश की। जिसे हमने नाकाम कर दिया। हमारी फायरिंग का नतीजा ये हुआ कि सुबह होते-होते दुश्मन घुटनों के बल पर आ गए और अपनी पोस्ट पर सफेद झंडा फहरा दिया। ऑपरेशन सिंदूर को लेकर भारतीय सेना ने एक और नया वीडियो जारी किया। इसमें सेना ने दिखाया कि पाकिस्तान की तरफ से दागे गए ड्रोन को कैसे मार गिराया। वेस्टर्न कमांड ने वीडियो पोस्ट करते हुए लिखा कि हमने जमीन से आसमान की रक्षा की। इधर, तृणमूल कांग्रेस के सांसद और पूर्व क्रिकेटर यूसुफ पठान ने ऑपरेशन सिंदूर पर भारत का संदेश देने जाने वाले डेलीगेशन के साथ जाने से मना कर दिया है। पार्टी के सूत्रों का कहना है कि टीएमसी तय करेगी कि उनकी तरफ से डेलिगेशन में कौन जाएगा। केंद्र सरकार या भाजपा नहीं।

## संघर्ष विराम में नहीं थी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता

शाह टाइम्स ब्यूरो

- संसदीय समिति की बैठक में ट्रम्प के दावे पर उठे सवाल, विदेश सचिव ने कहा: फैसला द्विपक्षीय स्तर पर लिया गया था



**नई दिल्ली।** संसद के एनेक्सी भवन में विदेश मामलों की स्थायी संसदीय समिति की बैठक में सांसदों ने भारत-पाकिस्तान संघर्ष विराम में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के मध्यस्थता के दावे पर सवाल उठाए।

विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने कहा कि संघर्ष विराम में तीसरे पक्ष की मध्यस्थता नहीं थी। यह फैसला द्विपक्षीय स्तर पर लिया गया था। उन्होंने संसदीय समिति को बताया कि भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष हमेशा पारंपरिक क्षेत्र में रहा है और पड़ोसी देश की ओर से कोई परमाणु संकेत नहीं दिया गया है। सूत्रों ने बताया कि कुछ सांसदों ने पूछा कि क्या पाकिस्तान ने संघर्ष में चीनी मंच का इस्तेमाल किया था? इस पर मिस्री ने कहा कि इससे कोई फर्क नहीं पड़ता, क्योंकि भारत ने पाकिस्तानी हवाई ठिकानों पर हमला किया है। उन्होंने समिति को ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी दी। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने संसदीय समिति को बताया कि भारत ने पहलगाम आतंकी हमले का करारा जवाब दिया है। आतंकियों के ठिकानों को नेस्तनाबूद कर दिया गया। विदेश मामलों पर संसद की स्थायी समिति की बैठक में समिति के अध्यक्ष और कांग्रेस सांसद शशि थरूर, तृणमूल कांग्रेस के अभिषेक बनर्जी, कांग्रेस के राजीव शुक्ला और दीपेंद्र हुड्डा, एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी और भारतीय जनता पार्टी के सांसद रविशंकर प्रसाद, सतनाम सिंह, नवीन जिंदल, अपराजिता सारंगी, अरुण गोविल और आरपीएन सिंह शामिल हैं। बैठक भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा पहलगाम हमले का बदला लेने के लिए ऑपरेशन सिंदूर शुरू करने और उसके बाद दोनों देशों के बीच हुए सैन्य संघर्ष को लेकर हो रही है। पाकिस्तान को बेनकाब करने विदेश जाने वाले प्रतिनिधिमंडल में से एक का नेतृत्व कर रहे कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा कि मेरे प्रतिनिधिमंडल की ब्रीफिंग शुक्रवार को ही होगी। इसलिए मैं अभी कुछ नहीं कहूंगा।

### सेना प्रमुख ने लोंगेवाल का दौरा कर स्थिति की समीक्षा की

**नई दिल्ली।** सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने ऑपरेशन सिंदूर के जवाब में जैसलमेर से कच्छ तक फैले रेगिस्तान में दुश्मन के नापाक इरादों को विफल करने के लिए सेना, वायु सेना और बीएसएफ के जवानों और अधिकारियों की सराहना की तथा स्थिति की समीक्षा की। जनरल द्विवेदी ने सोमवार को कोणार्क कोर के अग्रिम क्षेत्रों में लोंगेवाला का दौरा किया और सैनिकों के साथ बातचीत की। उन्होंने विशेष रूप से सेनाओं और बीएसएफ की संयुक्त कार्रवाई के दौरान तालमेल की समीक्षा की। इन संयुक्त कार्रवाइयों में न केवल दुश्मन के इरादों को कुंद किया गया, बल्कि पश्चिमी मोर्चे पर संचालन प्रभुत्व बनाए रखने में भी सफलता मिली।

### जीईएम से लालफीताशाही खत्म, बचत भी सुनिश्चित : मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि सरकारी ई मार्केट प्लेस, जीईएम लालफीताशाही को खत्म कर वंचित लोगों के लिए दरवाजे खोल रहा है, जिससे उन्हें बचत भी हो रही है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल का जीईएम पर लिखा गया एक लेख साझा किया है। श्री मोदी ने इस पोस्ट में लिखा है कि सरकार के पारदर्शी शासन के प्रयासों को डिजिटल बढ़ावा मिला है। जीईएम इंडिया हाशिए पर पड़े लोगों के लिए दरवाजे खोल रहा है, लालफीताशाही को खत्म कर रहा है और भारी बचत सुनिश्चित कर रहा है। उन्होंने कहा है कि श्री गोयल ने इस विषय पर पूरी जानकारी देने वाला ज्ञानवर्धक लेख लिखा है।

### पहली बार BNS के तहत पांच आरोपियों को ठहराया दोषी

**मुंबई।** मुंबई की एक स्थानीय अदालत ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 112 के तहत पहली बार आरोपियों को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई है। अदालत ने इस मामले में एक संगठित मोबाइल फोन चोर गिरोह के पांच सदस्यों को एक वर्ष के सश्रम कारावास और प्रत्येक को 5,000 रुपये का जुर्माना लगाया। अधिवक्ता ने यह जानकारी दी। अभियुक्तों को सजा सुनाते समय स्थानीय गिरगाम अदालत ने नए कानूनी प्रावधानों के तहत जब्त संपत्ति और इलेक्ट्रॉनिक पंचनामा सहित डिजिटल साक्ष्य को मान्य किया।

### ट्रेकोमा के उन्मूलन के लिए भारत सम्मानित

**नई दिल्ली।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने भारत को आंखों की बीमारी 'ट्रेकोमा' के उन्मूलन के लिए मान्यता प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की जेनेवा 78वीं बैठक में डब्ल्यूएचओके महानिदेशक डा. घेब्रेयस टेड्रोस ने केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव को 'ट्रेकोमा उन्मूलन प्रमाणपत्र' प्रदान किया। भारत को यह प्रमाण पत्र जन स्वास्थ्य की समस्याओं के निवारण के लिए प्रदान किया गया है।

### प्रो. महमूदाबाद की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट करेगा सुनवाई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने अशोका यूनिवर्सिटी के एसोसिएट प्रोफेसर अली खान महमूदाबाद की ओर से 'ऑपरेशन सिंदूर' से संबंधित कथित सोशल मीडिया टिप्पणी के बाद हरियाणा पुलिस द्वारा उनकी गिरफ्तारी की वैधता को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करने के लिए सोमवार को सहमति व्यक्त की। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल के मामले का विशेष उल्लेख कर तत्काल सुनवाई की मांग पर कहा कि अदालत मामले को 20 या 21 मई को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करेगी।

# भारत कोई धर्मशाला नहीं, जो सबको शरण देता रहे

## शीर्ष अदालत ने की श्रीलंकाई नागरिक की याचिका खारिज

शाह टाइम्स ब्यूरो

- कोर्ट ने कहा: हम 140 करोड़ लोगों के साथ संघर्ष कर रहे हैं
- शरणार्थी ने भारत छोड़ने के आदेश को दी थी चुनौती

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने श्रीलंकाई शरणार्थी से जुड़े एक मामले में सोमवार को कहा कि भारत कोई धर्मशाला नहीं है। दुनियाभर से आए शरणार्थियों को भारत में शरण क्यों दें? हम 140 करोड़ लोगों के साथ संघर्ष कर रहे हैं। हम हर जगह से आए शरणार्थियों को शरण नहीं दे सकते।

जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस के. विनोद चंद्रन की बेंच ने यह टिप्पणी श्रीलंकाई तमिल नागरिक की शरण याचिका खारिज करते हुए की। दरअसल, मद्रास हाईकोर्ट ने श्रीलंकाई नागरिक को यूएपीए मामले में 7 साल की सजा पूरी होते ही तुरंत भारत छोड़ देने का आदेश दिया था। इसके खिलाफ उसने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर हस्तक्षेप करने की मांग की थी। याचिकाकर्ता की तरफ से आर. सुधाकरन, एस. प्रभु रामसुब्रमण्यम और वैरावन एएस ने कोर्ट में दलील दी। यह केस एक श्रीलंकाई तमिल नागरिक का है, जिसे 2015 में लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम (लिट्टे) से जुड़े होने के शक में तमिलनाडु पुलिस की ब्रांच ने दो अन्य लोगों के साथ गिरफ्तार किया था। लिट्टे पहले श्रीलंका में सक्रिय एक आतंकी संगठन था। 2018 में एक निचली अदालत ने याचिकाकर्ता को गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत 10 साल की सजा सुनाई थी। 2022 में मद्रास हाईकोर्ट ने -शेष पृष्ठ दो पर



## सुप्रीम कोर्ट ने लगाई मप्र के मंत्री शाह को फटकार

- जांच के लिए एसआईटी गठित करने के दिए निर्देश

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी पर भाजपा नेता एवं मध्य प्रदेश के मंत्री कुंवर विजय शाह की ओर से की गई 'अपमानजनक' टिप्पणियों के लिए उन्हें फटकार लगाई और जांच के लिए प्रदेश कैडर के तीन भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारियों की विशेष जांच टीम (एसआईटी) गठित करने का सोमवार को आदेश दिया।

मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति एजी मसीह की पीठ ने यह आदेश पारित किया। पीठ ने अपने आदेश में पुलिस महानिदेशक को मंगलवार तक एसआईटी गठित करने का आदेश देते हुए कहा कि इस बीच आरोपी शाह को गिरफ्तार नहीं किया जाए। शीर्ष अदालत ने आरोपी मंत्री शाह को जांच में सहयोग देने का भी आदेश दिया। पीठ अपने आदेश में कहा कि हम तीन आईपीएस अधिकारियों वाली एक एसआईटी गठित कर रहे हैं। उनमें से एक आईजी या डीजीपी स्तर का अधिकारी होना चाहिए।

### हाईकोर्ट के सभी सेवानिवृत्त न्यायाधीश समान पेंशन के हकदार: शीर्ष कोर्ट

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा कि उच्च न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीशों सहित सभी सेवानिवृत्त न्यायाधीश समान पेंशन और सेवानिवृत्ति लाभों के हकदार हैं। मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई और न्यायमूर्ति एजी मसीह की पीठ ने सोमवार को स्पष्ट किया कि पेंशन और सेवानिवृत्ति संबंधी लाभों के हकदार स्थायी या अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में कार्यरत सभी होंगे। पीठ ने कहा कि नियुक्ति के तरीके के आधार पर न्यायाधीशों के बीच सेवानिवृत्ति के बाद के लाभों में अंतर करना संविधान के अनुच्छेद 14 का उल्लंघन है। यह अनुच्छेद समानता के अधिकार की गारंटी देता है। शीर्ष अदालत ने कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद टर्मिनल लाभों के लिए न्यायाधीशों के मध्य कोई भी भेदभाव अनुच्छेद 14 का उल्लंघन है। अतिरिक्त न्यायाधीशों के रूप में सेवानिवृत्त होने वाले सभी उच्च न्यायालय न्यायाधीश पूर्ण पेंशन के हकदार हैं। मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पीठ ने स्पष्ट किया कि इस आधार पर कोई अंतर नहीं किया जा सकता है कि कोई न्यायाधीश जिला न्यायपालिका से पदोन्नत हुआ है या बार से पदोन्नत हुआ है। पीठ ने अतिरिक्त न्यायाधीशों के परिवारों को भी समानता का लाभ दिया।

## सम्भल जामा मस्जिद इंतजामिया कमेटी को झटका

### हाईकोर्ट ने की पुनरीक्षण याचिका खारिज

प्रयागराज, वार्ता



- हिन्दू पक्ष के वाद को उच्च न्यायालय ने पोषणीय माना

**इलाहाबाद उच्च** न्यायालय ने जामा मस्जिद इंतजामिया कमेटी की पुनरीक्षण याचिका खारिज कर दी है। न्यायालय के इस आदेश से मुस्लिम पक्ष को बड़ा झटका लगा है। सम्भल की शाही जामा मस्जिद को लेकर दाखिल हिन्दू पक्ष के वाद को उच्च न्यायालय ने पोषणीय माना।

कमीशन की जांच के लिए निचली अदालत के आदेश पर उच्च न्यायालय ने हस्तक्षेप से इन्कार कर दिया। हाईकोर्ट ने कमीशन जांच एवं दाखिल वाद जारी रहने में हस्तक्षेप नहीं किया है। इसी के साथ न्यायालय ने पूर्व पारित अंतरिम आदेश को निरस्त कर दिया। न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की एकल पीठ ने सोमवार को जामा मस्जिद इंतजामिया कमेटी की पुनरीक्षण याचिका पर यह आदेश दिया। न्यायालय ने अपने विस्तृत आदेश में सिविल प्रक्रिया संहिता के प्रावधानों का उल्लेख करते हुए हिन्दू पक्ष की ओर से दाखिल वाद को पोषणीय माना। उच्च न्यायालय के इस आदेश से संभल जामा मस्जिद सर्वे मामले को लेकर रास्ता साफ हो गया। इंतजामिया कमेटी ने पुनरीक्षण याचिका में दीवानी मुकदमे की पोषणीयता को चुनौती दी थी। सम्भल जामा मस्जिद इंतजामिया कमेटी की पुनरीक्षण याचिका में सम्भल जिला न्यायालय में लंबित मूल वाद की आगे की अदालती कार्यवाही पर रोक लगाने की मांग की गई थी। इस मामले में हिंदू पक्ष के वादी ने यह घोषणा करने की मांग की है कि उन्हें सम्भल जिले के मोहल्ला कोट पूर्वी में स्थित श्री हरिहर मंदिर में प्रवेश का अधिकार है, जो कथित तौर पर जामा मस्जिद है। इस मामले में न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल ने गत 13 मई को सुनवाई पूरी होने के बाद निर्णय सुरक्षित कर लिया था।

## फिर विवादों में ध्रुव राठी

शाह टाइम्स ब्यूरो

- यूट्यूबर ने सिख गुरुओं का एआई वीडियो बनाया, SGPC ने जताई आपत्ति

**नई दिल्ली।** प्रसिद्ध यूट्यूबर ध्रुव राठी सिख गुरुओं का एआई वीडियो बनाकर विवादों में घिर गए हैं। राठी ने एक 'द राइज ऑफ सिख' शीर्षक से एक एआई वीडियो जारी किया है। जिसमें सिख योद्धाओं को गलत तरीके से दिखाया गया है।

शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) ने यूट्यूबर ध्रुव राठी के वीडियो की कड़ी निंदा की है। बवाल के बाद यूट्यूबर ध्रुव राठी ने अपने चैनल से वीडियो को हटा लिया। हरियाणा के रहने वाले यूट्यूबर ध्रुव राठी (फिलहाल जर्मनी में रहते हैं) ने द सिख वॉरियर हू टेरिफाइड द मुगल शीर्षक से एक वीडियो बनाया है। इसमें उन्होंने सिखों को लेकर एआई से बनाए हुए कुछ विजुअल भी शामिल किए हैं। इसे लेकर सिख समुदाय के लोग आपत्ति जता रहे हैं। सिख समुदाय के लोग इसे सिख धर्मगुरु का अपमान बता रहे हैं। शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल ने वीडियो की निंदा करते हुए कहा कि इस प्रकार के चित्रण सिख रहत मर्यादा का उल्लंघन करते हैं, जो गुरु साहिबान के दृश्य रूप में प्रदर्शन पर रोक लगाती है।

## पंजाब में ISI के दो जासूस गिरफ्तार



- सुखप्रीत सिंह और करणबीर सिंह ऑपरेशन सिंदूर से संबंधित गोपनीय जानकारी साझा करने में लगे हुए थे

**गुरदासपुर।** पंजाब में गुरदासपुर पुलिस ने पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी, आईएसआई को संवेदनशील सैन्य जानकारी उपलब्ध कराने में शामिल दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने सोमवार को बताया कि 15 मई को विश्वसनीय खुफिया सूचनाओं से संकेत मिला कि सुखप्रीत सिंह और करणबीर सिंह पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी, आईएसआई के साथ ऑपरेशन सिंदूर से संबंधित गोपनीय जानकारी साझा करने में लगे हुए थे, जिनमें पंजाब, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर में सेना की आवाजाही और प्रमुख रणनीतिक स्थान शामिल थे। श्री यादव ने बताया कि पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों संदिग्धों को गिरफ्तार कर लिया है। उनके मोबाइल फोन की फोरेंसिक जांच ने खुफिया सूचनाओं की पुष्टि की है। पुलिस टीम ने उनके कब्जे से तीन मोबाइल फोन और आठ कारतूस (-30 बोर) भी बरामद किए हैं। प्रारंभिक निष्कर्षों से पता चलता है कि आरोपी आईएसआई संचालकों के सीधे संपर्क में थे और उन्होंने भारतीय सशस्त्र बलों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रसारित की थी। पुलिस महानिदेशक ने कहा कि दोरंगला में आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि जांच जारी है और जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ेगी और भी खुलासे होने की उम्मीद है।

### शोपियां में हथियार और गोला-बारूद के साथ दो संदिग्ध गिरफ्तार

**श्रीनगर।** दक्षिण कश्मीर के शोपियां जिले में सुरक्षा बलों ने दो संदिग्ध व्यक्तियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से हथियार और गोला-बारूद बरामद किया। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि दोनों को जम्मू-कश्मीर पुलिस के विशेष अभियान समूह (एसओजी) शोपियां, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की 178 बटालियन और सेना की 34 राष्ट्रीय राइफल्स (आरआर) द्वारा स्थापित एक चौकी पर गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि उनकी तलाशी लेने पर चार हथगोले, दो पिस्तौल, 43 जिंदा कारतूस और अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई। 'एक्स' पर एक पोस्ट में पुलिस ने कहा कि एक प्राथमिकी दर्ज की गई है। शोपियां पुलिस ने 'एक्स' पर बताया कि आतंकवाद के खिलाफ एक उल्लेखनीय अभियान में, एसओजी शोपियां, सीआरपीएफ 178 बीएन और 34 आरआर के संयुक्त नाके पर दो संदिग्ध व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। उनकी तलाशी लेने पर, 4 ग्रेनेड, 2 पिस्तौल, 43 जिंदा राउंड और अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई और तदनुसार एक प्राथमिकी दर्ज की गई।

## भगोड़े नीरव को फिर लगा बड़ा झटका

### ब्रिटेन की हाईकोर्ट ने खारिज की जमानत याचिका, अब तक 10वीं बार हुई जमानत याचिका खारिज

लंदन, वार्ता

- नीरव मोदी पीएनबी के एक अरब डॉलर के घोटाले के मामले में है मास्टरमाइंड



**ब्रिटेन की हाईकोर्ट** ने पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) में एक अरब डॉलर के घोटाले के मुख्य आरोपी नीरव मोदी को जमानत देने से इन्कार कर दिया। 2019 में हिरासत में लिए जाने के बाद यह 10वीं बार है, जब उसकी जमानत याचिका खारिज हुई है।

वहीं, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एक्स पर एक पोस्ट में बताया, ब्रिटेन की हाईकोर्ट ने एक बार फिर नीरव मोदी को जमानत देने से इन्कार कर दिया। नीरव मोदी पीएनबी के एक अरब डॉलर के घोटाले के मामले में मास्टरमाइंड है। यह फैसला 15 मई 2025 को उसकी चौथी जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान लिया गया। ईडी ने आगे लिखा, सुनवाई में नीरव मोदी के बचाव पक्ष और भारत सरकार की ओर से पेश अभियोजन पक्ष की दलीलों पर विस्तार से चर्चा हुई। ईडी ने लिखित में बताया कि कैसे नीरव मोदी ने धनशोधन (मनी लॉन्ड्रिंग) किया, शेल कंपनियों के जरिये पैसा ब्रिटेन जैसे दूसरे देशों में भेजा। घोटाले की राशि का एक हिस्सा जब्त करके वापस बैंकों को भी लौटाया गया है। इन सब तथ्यों को ध्यान में रखते हुए कोर्ट ने जमानत याचिका खारिज कर दी। वहीं, इस फैसले के बाद सीबीआई ने एक बयान में कहा कि नीरव मोदी की नई जमानत याचिका लंदन की हाई कोर्ट (किंग्स बेंच डिवीजन) में खारिज कर दी गई। भारत की तरफ से क्राउन प्रॉसिक्यूशन सर्विस के वकील ने जोरदार तरीके से विरोध किया, जिन्हें सीबीआई की एक मजबूत टीम ने मदद दी। सीबीआई ने कहा कि हमने अदालत में मजबूत दलीलें दीं, जिसकी वजह से यह याचिका खारिज हुई। नीरव मोदी 19 मार्च 2019 से ब्रिटेन की जेल में है। वह भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित किया गया है और उस पर भारत में सीबीआई द्वारा 6498.20 करोड़ रुपये की बैंक धोखाधड़ी के मामले में मुकदमा चलाया जाना है।



## संक्षिप्त समाचार

### पूर्व सैनिकों की नियुक्ति पर विचार करें उमर: महबूबा

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में पीडीपी की प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला से अनुरोध किया है कि वह केन्द्र शासित प्रदेश के प्रमुख प्रतिष्ठानों की सुरक्षा के लिए 4,000 पूर्व सैनिकों की नियुक्ति के अपने हाल के फैसले पर पुनर्विचार करें। सुश्री सईद ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर लिखे अपने एक पोस्ट में केन्द्र शासित प्रदेश में बढ़ती बेरोजगारी के संकट पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए चेतावनी दी कि सेवा. निवृत्त कर्मियों के लिए आम बेरा. जगारों की दुर्दशा को नजरअंदाज करना सामाजिक- आर्थिक चुनौतियों को और बढ़ा सकता है। सुश्री सईद ने कहा कि उमर साहब को पत्र लिखकर मैंने उनसे आग्रह किया है कि वह प्रमुख प्रतिष्ठानों की सुरक्षा के लिए 4,000 पूर्व सैनिकों की नियुक्ति के अपनी सरकार के फैसले पर पुनर्विचार करें। मेरे मन में हालांकि हमारे पूर्व सैनिकों के लिए बहुत सम्मान एवं कृतज्ञता है, लेकिन हमें जम्मू-कश्मीर में युवाओं की बढ़ती बेरोजगारी के संकट को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए, जिनकी संख्या अब लाखों में पहुंच गई है। उन्होंने कहा कि बढ़ती बेरोजगारी सिर्फ आर्थिक समस्या नहीं है, बल्कि यह एक 'सामा. जिक आपातकाल' है।

### कश्मीर में अनैतिक कारोबार में चार लोग गिरफ्तार

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में कुन्जर में पुलिस ने एक कथित अनैतिक तस्करी रैकेट का भंडाफोड़ कर एक महिला सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सोमवार को कहा कि विशिष्ट और विश्वसनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए कुन्जर क्षेत्र में एक रैकेट का भंडाफोड़ किया। उन्होंने कहा कि पुलिस थाना कुन्जर की एक टीम ने एक त्वरित और समन्वित छापेमारी की, जिससे अनैतिक गतिविधियों में लिप्त चार लोगों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान उटिकू शेखपोरा के अब्दुल अहद वाजा, बरजुल्ला कुन्जर के मोहम्मद अब्दुल्ला वाजा और बामरोदा के बिलाल अहमद भट के रूप में की गई है। जबकि महिला की पहचान का खुलासा नहीं किया गया। पुलिस ने बताया कि कुन्ज़र थाने में अनैतिक व्यापार (रोकथाम) अधिनियम (पीआईटीए) की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### भारत की विदेश नीति फेल: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि भारत की विदेश नीति पूरी तरह से विफल हो चुकी है। उन्होंने कहा कि देश की की विदेश नीति पिछले छह-सात दशकों में निरंतर और प्रभावी रही है, लेकिन वर्तमान सरकार ने इसकी नींव को केवल कमजोर करने का काम किया है। पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि पीएम ने भारत की विदेश नीति को खत्म कर दिया है। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कांग्रेस नेता ने कहा कि विश्व गुरु का ढिंढोरा पीटने से विदेश नीति नहीं बनती। विदेश नीति सिर्फ विश्व गुरु होने का दावा करना नहीं है।

## आतंकवाद के खिलाफ सरकार के हर फैसले के साथ: आप

**नई दिल्ली, वार्ता**



आम आदमी पार्टी ने एक बार फिर साफ किया है कि आतंकवाद के खिलाफ केंद्र सरकार जो भी कदम उठाएगी उसमें पार्टी पूरी तरह साथ देगी। पार्टी की मुख्य प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने सोमवार को कहा कि सरकार आतंकवाद के खिलाफ कोई भी निर्णय लेगी या कदम उठाएगी, तो आप हमेशा उसके साथ खड़ी रहेगी। अब विश्व के तमाम मुल्कों को बताना जरूरी हो गया है कि पाकिस्तान में किस तरह आतंकवाद पनपता है और आतंकवादियों को प्रशिक्षित किया जाता है। इस आतंकवाद का खामियाजा भारत के लोगों को भुगतना पड़ता है और निर्दोष लोगों की जान जाती है।

सुश्री कक्कड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहली बार सभी विपक्षी पार्टियों को साथ लेकर कुछ कदम उठाने के बारे में सोचा है। यह बहुत अच्छी पहल है, लेकिन इससे पहले यह भी जरूरी है कि प्रधानमंत्री अपने घर के अंदर उठे मुद्दों का भी समाधान करें। सर्वदलीय बैठक बुलाई जाए और उसमें प्रधानमंत्री खुद मौजूद रहें, ताकि विपक्ष द्वारा उठाए गए मुद्दों पर विशेष तौर पर चर्चा की जा सके। आप नेता ने कहा कि सारी विपक्षी पार्टियां संसद का विशेष सत्र बुलाने की काफी दिनों से मांग कर रही हैं। प्रधानमंत्री को चाहिए कि वह विशेष सत्र बुलाएं और सारे मुद्दों पर खुलकर चर्चा हो।

## सुप्रीम कोर्ट ने डीआईसीसीआई को दी अंतरिम राहत

**नई दिल्ली, वार्ता**

उच्चतम न्यायालय ने मद्रास उच्च न्यायालय में लंबित कथित भ्रष्टाचार के एक मामले में दलित इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (डीआईसीसीआई) को सोमवार को अंतरिम राहत दी।

मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति एजी मसीह की पीठ ने पिछले सप्ताह उच्च न्यायालय द्वारा पारित अंतरिम आदेश पर रोक लगा दी और निर्देश दिया कि डीआईसीसीआई को कार्यवाही में एक पक्ष के रूप में शामिल किया जाए। डीआईसीसीआई शुरू में उच्च न्यायालय की कार्यवाही में पक्ष नहीं था, जिसकी अगली सुनवाई 21 मई को होनी है। यह मामला तमिलनाडु सरकार की वार्षिक अंबेडकर बिजनेस चैंपियंस योजना (एएबीसीएस) के क्रियान्वयन में भ्रष्टाचार का आरोपों से संबंधित है। शीर्ष अदालत ने आदेश दिया, मौजूदा याचिकाकर्ताओं (डीआईसीसीआई) को प्रतिवादी के रूप में शामिल किया जाए।



मद्रास उच्च न्यायालय के अंतरिम आदेश पर लगाई रोक

उच्च न्यायालय आवेदन पर विचार करे और सभी पक्षों को सुनने के बाद आदेश पारित करे। ऐसा आदेश पारित होने तक, इस आदेश (उच्च न्यायालय के) को स्थगित रखा जाए। शीर्ष अदालत ने यह भी निर्देश दिया कि मामले में कोई भी आगे की कार्रवाई करने से पहले उच्च न्यायालय को डीआईसीसीआई को अवश्य सुनना चाहिए। शीर्ष अदालत ने सुनवाई के दौरान यह भी सवाल किया कि उच्च न्यायालय ने अपनी गर्मी की छुट्टियों के दौरान इस मामले को इतनी जल्दी क्यों उठाया। पीठ की ओर से मुख्य न्यायाधीश गवई ने पूछा, आखिर इतनी जल्दी क्या थी कि न्यायालय ने छुट्टियों के दौरान इस मामले को उठाया? यह मामला यूट्यूबर सवुक्कू शंकर द्वारा दायर एक जनहित याचिका (पीआईएल) के माध्यम से शुरू किया गया था, जिन्होंने आरोप लगाया था कि एएबीसीएस योजना को मनमाने ढंग से और अवैध रूप से डीआईसीसीआई को सौंपा गया था।

उन्होंने आगे दावा किया कि डीआईसीसीआई नेताओं के तमिलनाडु कांग्रेस कमेटी (टीएनसीसी) के अध्यक्ष और विधायक के सेल्वापेरुन्थगई से संबंध थे। साथ ही, यह भी दावा किया गया था कि इस योजना का लाभ इच्छित दलित लाभार्थियों के बजाय राजनीतिक रूप से जुड़े लोगों को दिया गया। शंकर ने मामले की केंद्रीय जांच ब्यूरो से जांच की मांग की है, जिसमें गड़बड़ी और राजनीतिक पक्षपात का आरोप लगाया गया है। जनहित याचिका पर मद्रास उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति जीआर स्वामीनाथन और न्यायमूर्ति वी. लक्ष्मीनारायणन की अवकाश पीठ सुनवाई कर रही है। उच्च न्यायालय ने 14 मई को राज्य को नोटिस जारी किया था और नगर प्रशासन एवं जल आपूर्ति विभाग, एमएसएमई विभाग और चेन्नई महानगर जल आपूर्ति एवं सीवरेज बोर्ड (सीएमडब्ल्यूएसएसबी) सहित कई सरक. ारी विभागों को पक्षकार बनाया था। अदालत ने संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करने का भी निर्देश दिया था। इस मामले में 16 मई को नगर प्रशासन विभाग की ओर से पेश अतिरिक्त महाधिवक्ता जे. रविन्द्रन ने दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए और समय मांगा था। एएजी रविन्द्रन और महाधिवक्ता पीएस रमन दोनों ने किसी भी तरह की गड़बड़ी से इनकार करते हुए कहा कि जनहित याचिका प्रचार के लिए दायर की गई थी और न्यायालय के निर्देश के बिना तमिलनाडु में सीबीआई के पास अधिकार क्षेत्र नहीं है।

### यूपी के नौ जिलों से फरियादी पहुंचे सीएम के पास

## अफसरों की जवाबदेही तय की जाएगी: योगी

**लखनऊ, वार्ता**



- सभी से मिलकर उनकी समस्याएं सुनीं
- अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई के दिए निर्देश

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार का एकमात्र उद्देश्य प्रदेशवासियों की सुरक्षा, सम्मान और समस्याओं का समाधान करना है। इसी भावना के साथ सीएम सोमवार को लखनऊ स्थित अपने सरकारी आवास पर 'जनता दर्शन' कार्यक्रम में सभी फरियादियों से मिले, उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए।

जनता दर्शन में कुल 60 से अधिक फरियादी पहुंचे। सबसे अधिक मामले प्रयागराज जिले से आए। पुलिस, राजस्व, चिकित्सा, पेंशन, सड़क, बिजली और जमीन विवाद से जुड़े मुद्दे रखे गए। सीएम योगी ने हर फरियादी को भरोसा दिलाया कि उनकी बात पर पूरा ध्यान दिया जाएगा और समस्या का समाधान हर हाल में कराया जाएगा। उन्होंने अफसरों से कहा कि वे संवे. दनशीलता के साथ लोगों की शिकायतों पर कार्य करें। सीएम ने न सिर्फ मंच पर बैठकर सुनवाई की, बल्कि खुद चलकर पीड़ितों के पास पहुंचे। वे लोगों से उनकी समस्याओं के साथ-साथ परिवार की स्थिति और ज़रूरतों के बारे में भी बात करते नजर आए। कई फरियादी के साथ बच्चे भी आए थे, जिन्हें मुख्यमंत्री ने दुलारा और चॉकलेट देकर पढ़ाई में अच्छा करने की सलाह दी।

मुख्यमंत्री ने मौजूद अधिकारियों को शिकायत पत्र सौंपते हुए कहा कि सभी मामलों में समय से कार्रवाई हो और कोई भी पीड़ित बार-बार चक्कर लगाने को मजबूर न हों। उन्होंने स्पष्ट किया कि लापरवाही करने वाले अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। इस बार जनता दर्शन में प्रयागराज से 8, देवरिया से 4, सहारनपुर, बस्ती और फतेहपुर से 3-3 फरियादी आए। वहीं मुरादाबाद, पीलीभीत, अमरोहा, गाजीपुर, शाहजहांपुर, लखीमपुर खीरी और भदोही से भी दो-दो लोग अपनी शिकायत लेकर पहुंचे।

### परंपरा को नियमित रूप से निभाया

जनता दर्शन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का वह कार्यक्रम है, जिसमें वे सीधे आमजन से मिलते हैं। मुख्यमंत्री बनने के बाद से ही योगी आदित्यनाथ ने इस परंपरा को नियमित रूप से निभाया है। गोरखपुर में जब वे महंत और सांसद थे, तब भी वे रोज सुबह जनता से मिलते थे। अब लखनऊ में भी यह सिलसिला जारी है। इसका उद्देश्य है कि शासन की ऊपरी परत तक आम जनता की आवाज सीधे पहुंचे और त्वरित न्याय मिले। यह जनता दर्शन उत्तर प्रदेश सरकार की 'जनसुनवाई' प्रणाली का एक मानवीय विस्तार है, जो बताता है कि सरकार सिर्फ फाइलों में नहीं, जमीन पर लोगों के बीच भी सक्रिय है। मुख्यमंत्री के इस व्यवहार को लोगों के बीच बेहद सकारामक प्रतिक्रिया मिल रही है।

## यूपी में अब प्रिंसिपल पहुंचेंगे बच्चों के घर परिजनों से पूछेंगे स्कूल न आने का कारण

**जब तक स्कूल नहीं आएगा, तब तक करेंगे फालोअप**

**लखनऊ।** यूपी के परिषदीय स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए नए निर्देश जारी किए गए हैं। बेसिक शिक्षा के अपर मुख्य सचिव ने निर्देश जारी करते हुए कहा है कि यदि कोई भी छात्र छह दिन या उससे अधिक दिन तक स्कूल से गैरहाजिर रहता है, तो स्कूल के प्रिंसिपल उस बच्चे के घर जाकर उसके परिजनों से मिलेंगे।

बेसिक शिक्षा अधिकारी हेमंत राव ने बताया कि प्रिंसिपल परिवार से बच्चे के स्कूल न आने का कारण पूछेंगे। साथ ही अभिभावकों से उसे स्कूल भेजने की बात कहेंगे। जब तक छात्र स्कूल नहीं आता, तब तक उसका फालोअप भी करते रहेंगे। निर्देश के अनुसार, अगर कोई छात्र एक महीने में 6 दिन, 3 माह में 10 दिन, 6 महीने में 15 दिन से अधिक विद्यालय से अनुपस्थित रहता है, तो प्रिंसिपल उसके माता-पिता को बैठक में बुलाएंगे और उनसे बातचीत करेंगे। इसके अलावा अगर छात्र 9 महीने में 21 दिन या पूरे शैक्षणिक सत्र में 30 दिन से अधिक अनुपस्थित रहते हैं, तो उनको अति संभावित ड्रॉपआउट की श्रेणी में रखा जाएगा। ऐसे छात्र अगर परीक्षा में 35 फीसदी से कम अंक प्राप्त करते हैं, तो उन्हें ड्रापआउट मानकर विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रमों से जोड़ा जाएगा। अनुपस्थित रहने के बाद स्कूल आने वाले छात्रों के लिए विशेष कक्षा का संचालन किया जाएगा, ताकि उनकी शैक्षिक कमी को दूर कर अन्य छात्रों के साथ उसकी भी पढ़ाई निरंतर कराई जा सके। इस निर्देश के बाद अब स्कूल के प्रधानाचार्यो और अध्यापकों की जिम्मेदारियां बढ़ जाएंगी कि उनके स्कूल में छात्रों की ड्रापआउट संख्या कम हो। आगर ऐसा होता है, तो प्रधानाचार्यों और अध्यापकों को विशेष कक्षाएं चलाकर अनुपस्थित रहने वाले छात्रों की पढ़ाई पूरी करवानी होगी। अब उन प्रधानाचार्यों और अध्यापकों को भी सचेत रहना होगा, जो अपने स्कूल में छात्रों का नामांकन बढ़ाने के लिए किसी तरह बच्चों का एडमिशन तो कर लेते थे, लेकिन वो स्कूल आएं या न आएं, इससे उनका कोई लेना-देना नहीं होता था।

## विदेश मंत्री के बयान पर जवाब दें मोदी : कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**



जयशंकर के बयान को कूटनीति विफलता बताया


कांग्रेस ने ऑपरेशन सिन्दूर से संबंधित जानकारी के बारे में विदेश मंत्री एस. जयशंकर के बयान को 'कूटनीतिक विफलता' बताते हुए कहा है कि ऐसा कर भारतीय जनता पार्टी सरकार ने दूसरी बार आतंकवादी हाफिज सईद को बचाया है, इसलिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इस पर जवाब देना चाहिए।

खेड़ा ने सोमवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि युद्ध सिर्फ सीमाओं पर ही नहीं लड़े जाते, बल्कि राजनी. तिक रणनीति से भी लड़े जाते हैं। सेना बहादुरी से सीमा पर अपना काम करती हैं, तो युद्ध में उन रणनीतिकारों की बहुत अहम भूमिका हो जाती है, जो राजधानी में बैठे होते हैं। इन तमाम लोगों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होती है और यह रणनीति सेनाओं के पराक्रम को या तो बढ़ा सकती है या नुकसान पहुंचा सकती है। उन्होंने कहा कि जयशंकर ने खुद मीडिया को बताया है कि हमला करने से पहले पाकिस्तान को सूचित कर दिया गया था। अब ये सूचित करने का क्या मतलब होता है। क्या विद. ेश मंत्री को भरोसा है कि पाक के कहने पर आतंकवादी चुपचाप बैठेंगे। सवाल है कि विदेश मंत्री ने पहले पाकिस्तान को क्यों बताया। उन्होंने कहा कि पहलगाम हमले का न्याय नहीं मिल पाएगा, क्योंकि देश का नेतृत्व चीन और अमेरिका से डरता है। इस युद्ध में चीन और अमेरिका की भूमिका सबको मालूम है। अमेरिका खुद युद्ध रोकने में अपनी भूमिका बढ़-चढ़कर बता रहा है, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस. जयशंकर का मुंह नहीं खुलता। ऐसे कौन से राज हैं कि कभी अमेरिका और चीन के आगे इनके मुंह नहीं खुलते। जब भी मुंह खुलता है, तो इससे देश को सीधा नुकसान पहुंचता है। कांग्रेस नेता ने कहा कि दरअसल इसे कूटनीति नहीं, बल्कि मुखबिरी कहा जाता है। विदेश मंत्री ने जो बोला उसे सबने सुना, फिर भी इस पर लीपापोती की जा रही है। क्या इसी मुखबिरी की वजह से मसूद अज़हर जिंदा बच गया और हाफिज सईद जिंदा भाग गया।

# अर्थ व्यापार

## बिकवाली से शेयर बाजार में गिरावट

**मुबई, वार्ता**



क्रेडिट रेटिंग एजेंसी मूडीज के अमेरिकी सरकार की रेटिंग घटाए जाने से वैश्विक धारणा कमजोर पड़ने के दबाव में स्थानीय स्तर पर आईटी, टेक और फोकस्ड आईटी समेत आठ समूहों में हुई बिकवाली से सोमवार को शेयर बाजार में लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में गिरावट रही।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 271.17 अंक लुढ़ककर 82,059.42 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 74.35 अंक टूटकर 25 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 24945.45 अंक पर आ गया। हालांकि बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में मजबूत लिवाली हुई, जिससे मिडकैप 0.27 प्रतिशत बढ़कर 45,127.64 अंक और स्मॉलकैप 0.75 प्रतिशत उछलकर 51,429.95 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4273 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2531 में तेजी जबकि 1565 में गिरावट रही वहीं 177 में कोई बदलाव नहीं हुआ।


इसी तरह एनएसई में कुल 3005 कंपनियों के शेयर कारोबार के लिए रखे गए, जिनमें से 1842 में लिवाली जबकि 1074 में बिकवाली हुई, वहीं 89 में टिकाव रहा। बीएसई के आठ समूहों में लिवाली हुई, वहीं अन्य में तेजी का रुख रहा। इससे ऊर्जा 0.37, एफएमसीजी 0.07, आईटी 1.23, दूरसंचार 0.24, कैपिटल गुड्स 0.16, तेल एवं गैस 0.32, टेक 1.07 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 1.33 प्रतिशत लुढ़क गए। वही हेल्थकेयर 0.58, यूटिलिटीज 0.42, ऑटो 0.41 और रियल्टी समूह के शेयरों में 2.22 प्रतिशत की तेजी रही। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 24 अंक बढ़कर 82,354.92 अंक पर खुला और मजबूत लिवाली की बदौलत थोड़ी देर बाद ही 82,424.10 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं बिकवाली होने से कारोबार के अंतिम चरण में यह 81,964.57 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया।

### अब दिल्ली मेट्रो की टिकट उबर ऐप से होगी बुक

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन यात्रा सेवा प्रदाता कंपनी उबर के ऐप से अब दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) की टिकटें बुक की जा सकेंगी। इसके लिए उबर ने ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (ओएनडीसी) के साथ करार किया है। यह सुविधा यात्रियों को क्यूआर कोड और एपीआई-सक्षम भुगतान के माध्यम से टिकट बुक करने में सक्षम बनाएगी, जिससे उन्हें मेट्रो सफर के लिए अलग ऐप या लंबी कतारों से छुटकारा मिलेगा। उबर के चीफ टेक्नोलॉजी ऑफिसर प्रवीण नेपल्ली नागा ने कहा कि भारत के डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर में गहराई से शामिल होना हमारी रणनीति का अहम हिस्सा है।

## खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा

**नई दिल्ली, वार्ता**



विदेशी बाजारों में तेजी आने के बावजूद स्थानीय स्तर पर मांग सुस्त रहने से सोमवार को दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेंत सभी जिंसों में टिकाव रहा।

तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जून वायदा 53 रिंगिट की तेजी के साथ 3892 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह जून का अमे. रिकी सोया तेल वायदा 0.30 सेंट चढ़कर 49.24 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ।

अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 6100-6200, दाल चना 7100- 7200, मसूर काली 7650-7750, मूंग दाल 9850-9950, उड़द दाल 9250-9350, अरहर दाल 8500-8600 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपए और चावल 3550-3650 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 15751 रुपए, मूंगफली तेल 18314 रुपए, सूरजमुखी तेल 16484 रुपए, सोया रिफाइंड 14725 रुपए, पाम ऑयल 13919 रुपए और वनस्पति तेल 16116 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।

## खाली नहीं, काम करने वाले बढ़ते हैं आगे: अखिलेश

**लखनऊ।** यूपी के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के संदर्भ में विवादित बयानों के फेर में फंसे सपा मुखिया अखिलेश यादव ने एक पत्र लिखा है। कन्नौज सांसद ने लिखा है कि यह इस मामले में उनका अंतिम पत्र है, क्योंकि उन्हें जनहित के काम पर निकलना है। अखिलेश का यह पत्र मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रतिक्रिया के बाद आया है, जिसमें उन्होंने सपा चीफ और उनकी पार्टी को नसीहत दी थी कि भाषा का संयम बरकरार रखा जाए।सोशल मीडिया साइट एक्स पर अखिलेश ने लिखा कि खाली बैठे लोग बात आगे बढ़ाते हैं, काम करने वाले आगे बढ़ जाते हैं। चलो हम सब पीडीए मिलकर सकारात्मक राजनीति के मार्ग पर आगे बढ़कर संकल्प उठाएं कि अपनी पीडीए सरकार बनाएंगे, सामाजिक न्याय का राज लाएंगे। उन्होंने लिखा कि जो लोग अपने दलों में पूछे नहीं जाते हैं, अपने मंत्रालय को नाकामी का तमगा पहनाते हैं, निरर्थक बातों में, चाटुकारिता में अपना दिन और समय बिताते हैं।

### प्रथम पृष्ठ का शेष...

**भारत कोई...** सजा को सात साल कर दिया और कहा कि सजा पूरी होने के बाद उसे देश छोड़ना होगा और निर्वासन से पहले शरणार्थी कैंप में रहना होगा। याचिकाकर्ता ने सुप्रीम कोर्ट में कहा कि वह वीजा लेकर भारत आया है। श्रीलंका में उसकी जान को खतरा है। उसकी पत्नी और बच्चे भारत में बसे हैं, और वह तीन साल से हिरासत में है, लेकिन निर्वासन की प्रक्रिया शुरू नहीं हुई। याचिकाकर्ता ने बताया कि वह 2009 में श्रीलंकाई युद्ध में लिट्टे के सदस्य के रूप में लड़ा था, इसलिए श्रीलंका में उसे ब्लैक-गजटेड (वांटेड) घोषित किया गया है। अगर उसे वापस भेजा गया, तो उसे गिरफ्तारी और यातना का सामना करना पड़ सकता है। उसने यह भी कहा कि उसकी पत्नी कई बीमारियों से पीड़ित है और उसका बेटा जन्मजात हृदय रोग से जूझ रहा है। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने रोहिंग्या शरणार्थियों के डिपोर्टेशन में भी हस्तक्षेप करने से इन्कार कर दिया था।

## नए वक्फ कानून के समर्थन में उतरे मुस्लिम बुद्धिजीवी

**नई दिल्ली, वार्ता**

**मस्जिदों, कब्रिस्तानों, मदरसों, दरगाहों के लिए दान की गई अचल संपत्तियां जैसी वक्फ की संपत्तियों के प्रबंधन के लिए व्यवस्थित समाधान पेश किया: शीराज**

मुस्लिम बुद्धिजीवियों के संगठन 'भारत फर्स्ट' ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम 2025 को पारदर्शिता, जवाबदेही तथा जनहित की दिशा में बेहद सामयिक एवं जरूरी कदम बताते हुए सोमवार को कहा कि इस कानून ने लंबे समय से दुर्व्यवस्था, मुकदमों और अनियमितताओं से जूझ रही भारत की मस्जिदों, कब्रिस्तानों, मदरसों, दरगाहों और सामाजिक कल्याण के लिए दान की गई अचल संपत्तियां जैसी वक्फ की संपत्तियों के प्रबंधन के लिए व्यवस्थित समाधान पेश किया है।

भारत फर्स्ट संगठन के राष्ट्रीय संयोजक शीराज़ कुरैशी ने आज यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कौम का रहनुमा बनने के फेर में कुछ मुस्लिम नेता इस विधेयक पर मुसलमानों को गुमराह कर रहे हैं कि सरकार वक्फ की जमीन हड़पना चाहती है, जबकि धारा 91-ख में साफ़ प्रावधान है कि किसी वक्फ संपत्ति का अधिग्रहण तभी हो सकता है, जब बोर्ड की मंज़ूरी हो और पूरी कीमत बाजार के दर से वक्फ विकास कोष में जमा हो। मालिकाना हक राज्य को हस्तांतरित नहीं होता। कुरैशी ने इस कानून से धार्मिक स्वतंत्रता पर चोट पहुंचने के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि यह संशोधन ऑडिट, डिजिटलीकरण एवं सीईओ की योग्यता जैसी प्रशासनिक पारदर्शिता से जुड़ा है और नमाज़, इमामत एवं मजहबी रस्मों में कोई दखल नहीं देता। उच्चतम न्यायालय ने 15 मई 2025 की सुनवाई में इसी बिंदु को रेखांकित किया कि वह केवल अंतरिम राहत पर सुनवाई कर रहा है, कानून के निलंबन पर नहीं। इस विधेयक से मुस्लिम पहचान को खतरे के आरोपों को हास्यास्पद करार देते हुए उन्होंने कहा कि तुर्किए, मलेशिया और खाड़ी देशों के जन सेवा कोष (औकाफ) मॉडल में इसी तरह के ऑनलाइन रजिस्टर और सामा. जिक-कल्याण कोटे के प्रावधान हैं और जब वहां मुस्लिम पहचान को कोई खतरा नहीं हुआ, तो यहां कैसे हो सकता है। उन्होंने कहा कि विधेयक पर भावनाएं भड़का कर कुछ लोग चुनावों में लाभ चाहते हैं। इस विरोध के पीछे कारण है कि बोर्ड-स्तर पर पेशेवर भर्ती से उन लोगों की पकड़ ढीली पड़ सकती है, जो वर्षों से बिना योग्यता के पदों पर हैं। इस कानून के बारे में जानकारी का अभाव है और अधिकांश लोग डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म, कैग ऑडिट, 50 फीसदी सामाजिक व्यय जैसे इसके प्रावधानों को पढ़े बिना ही इसका विरोध कर रहे हैं। कान्फ्रेंस में अन्य वक्ताओं ने कहा कि नया वक्फ कानून पारदर्शिता और डिजिटलीकरण को बढ़ावा देता है।

इस कान्फ्रेंस में सैयद राशिद अली, फ़ैज़ान रहीस कुरैशी, अधिवक्ता जावेद खान सैफ़, ताहिर खान, सैफ़ राणा, मोहम्मद साबरीन, अधिवक्ता सैफ़ कुरैशी, अकील खान, कैसर अंसारी, इक़बाल अहमद, मज़ाहिर खान, शालिनी अली, नज़ीर मीर, मौलाना कोकब मुज़तबा, फ़ैज़ अहमद फ़ैज़, इरफ़ान पीरज़ादा, मोहम्मद अफजाल, अबू बकर नकवी और अधिवक्ता दीवान सैफ़ुल्लाह भी मौजूद थे। इन लोगों ने कहा कि नई व्यवस्था से वक्फ की प्रशासनिक सरंचना सुदृढ़ होगी। बहु-धार्मिक प्रतिनिधित्व के लिए जोड़ी गई नई धारा 14-क के अनुसार प्रत्एक राज्य के लिए वक्फ बोर्ड में एक गैर-मुस्लिम कानूनी विशेषज्ञ तथा एक महिला सामा. जिक-कार्यकर्ता को नामित करना अनिवार्य है, ताकि सभी हितधारक वर्गों और लैंगिक दृष्टि से संतुलित निगरानी सुनिश्चित हो।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## 16वें वित्त आयोग के साथ सीएम की अध्यक्षता में सरकार की मंत्रणा

# वित्तीय चुनौतियों से निपटने को मुख्यमंत्री ने विशेष अनुदान मांगा

**एम. फहीम 'तन्हा'**

**देहरादून।** (शाह टाइम्स) राज्य की पुष्कर सिंह धामी सरकार ने आगामी पांच वर्षों के लिए विकास योजनाओं के लिए 16वें वित्त आयोग के सामने राज्य की चुनौतियों का पिटारा खोला। मुख्यमंत्री ने आयोग को विशेष आर्थिक सहायता के मांग की है। केंद्र सरकार और राज्यों के मध्य बेहतर वित्तीय समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से सोमवार को वित्त आयोग के साथ सरकार की बैठक हुई। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को सचिवालय में 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगढ़िया एवं अन्य सदस्यों के साथ बैठक में प्रदेश की वित्तीय परिस्थितियों, चुनौतियों एवं विकास आवश्यकताओं पर विस्तृत रूप से राज्य का पक्ष रखा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के कुल भौगोलिक क्षेत्र का 70 प्रतिशत से अधिक भाग वनों से आच्छादित होने के कारण प्रमुख रूप से दो चुनौतियों का सामना भी करना पड़ रहा है। जहां एक ओर वनों के संरक्षण हेतु अधिक व्यय करना पड़ता है। मुख्यमंत्री ने उत्तराखण्ड की ''ईको सर्विस लागत'' को देखते हुए ''इनवॉयरमेंटल फेडरललिज्म'' की भावना के अनुरूप उपयुक्त क्षतिपूर्ति का अनुरोध किया है। साथ ही ''कर-हस्तांतरण'' में वन आच्छादन के लिए निर्धारित भार को 20 प्रतिशत तक बढ़ाए जाने का सुझाव दिया। राज्य में वनों के उचित प्रबंधन और संरक्षण के लिए विशेष अनुदान पर भी विचार किया जाना चाहिए।

इस अवसर पर सचिव वित्त दिलीप जावलकर ने राज्य की विभिन्न चुनौतियों पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण किया। बैठक में मुख्य सचिव आनंद वर्धन, प्रमुख सचिव आर.के. सुधांशु, एल. फैनई, आर.मीनाक्षी सुंदरम, सचिव और अपर सचिव गण उपस्थित थे।



### जल संरक्षण को मिले विशेष अनुदान:धामी

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि उत्तराखंड प्राकृतिक आपदाओं के प्रति अत्यंत संवेदनशील राज्य है। इन आपदाओं से प्रभावी ढंग से निपटने एवं राहत तथा पुनर्वास कार्यों के लिए राज्य को सतत आर्थिक सहयोग की आवश्यकता होती है। राज्य में जल स्रोतों को पुनर्जीवित करने हेतु स्थापित सारा और आम नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु ''भागीरथ एप'' की जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री ने जल संरक्षण के इन विशिष्ट प्रयासों के लिए विशेष अनुदान पर विचार किए जाने का अनुरोध किया।

### हर क्षेत्र में तेजी से विकास: पनगढ़िया

16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगढ़िया ने कहा कि उत्तराखण्ड राज्य हर क्षेत्र में तेजी विकास कर रहा है। राज्य की प्रति व्यक्ति आय बढ़ी है। बेरोजगारी को कम करने की दिशा में भी राज्य में अच्छा कार्य हो रहा है। उन्होंने कहा कि विषम भौगोलिक परिस्थितियों के दृष्टिगत जिन चुनौतियों का सामना उत्तराखंड समेत अन्य पर्वतीय राज्य कर रहे हैं, उनके समाधान के लिए व्यापक स्तर पर विचार विमर्श किया जायेगा। उन्होंने कहा कि 16वें वित्त आयोग द्वारा 31 अक्टूबर 2025 तक अपनी रिपोर्ट केन्द्र सरकार को उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है।

**■ कर-हस्तांतरण में वनों का आच्छादन भार 20 फीसदी बढ़ाने का सुझाव, उत्तराखंड की ''ईको सर्विस लागत'' में उपयुक्त क्षतिपूर्ति का अनुरोध**
**मुख्यमंत्री धामी की अध्यक्षता में सचिवालय में हुई आयोग के साथ बैठक,राज्य सरकार ने आगामी पांच वर्षों के लिए अनुदान की प्रस्तुत की रिपोर्ट, पर्वतीय क्षेत्रों में शिक्षा व स्वास्थ्य के लिए करने पड़ते हैं विशेष प्रावधान, 2010 में औद्योगिक पैकेज समाप्त होने के बाद हो रही है कठिनाई**

### आयुर्वेद के क्षेत्र में अधिक लोगों को जोड़ा जाए: सीएस

**देहरादून।** मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने सोमवार को सचिवालय में आयुष विभाग की समीक्षा की। मुख्य सचिव ने कहा कि उत्तराखण्ड आयुर्वेद की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद के क्षेत्र में अधिक लोगों को कैसे जोड़ा जाए, इसमें अधिक शोध और अनुसंधान को कैसे बढ़ावा मिले तथा आयुष चिकित्सा को आम जनमानस के बीच कैसे लोकप्रिय बनाया जाए इस पर योजना तैयार की जाए। मुख्य सचिव ने कहा कि प्रदेश में आयुर्वेद एवं होम्योपैथी को आम जनमानस तक पहुंचाने के लिए शुरुआत में प्रदेश के 25 आयुष एवं वेलनेस सेंटर को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाया जाए। उन्होंने कहा कि इन केंद्रों में आयुर्वेद, होम्योपैथी, पंचकर्मा, योगा आदि की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने इन केंद्रों को पर्यटन से जोड़ने के भी निर्देश दिए।

# हरदा ने उछाला ग्रीन बोनस का मुद्दा

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने 16 वित्त आयोग के उत्तराखंड दौरे को लेकर कहा कि हिमालयी राज्यों का एक बहुत पुराना मुकदमा केंद्र सरकार के सम्मुख लम्बित है। कांग्रेस सरकार ने 2013-14 में हिमालय राज्यों को एक राशि, चाहे वह राशि एक ही हजार करोड़ रुपए की थी। मगर ग्रीन बोनस या ऑक्सीजन सर्विसेज जो भी कह लीजिए, हमसे अपेक्षा की जाती है कि हम जंगलों के आवरण को बनाए रखें और उसके लिए हमें कोई प्रोत्साहन राशि नहीं दी जाती है। ग्रीन बोनस एक प्रोत्साहन राशि है और हिमालयी राज्यों के रूप में उत्तराखंड को ग्रीन बोनस की मांग वित्त आयोग के सामने उठानी चाहिए।

देश जिस तरीके से जलवायु परिवर्तन का अभिशाप झेल रहा है उसका सबसे ज्यादा खामियाजा हिमालय राज्यों को उठाना पड़ रहा है।

**■ जलवायु परिवर्तन का खामियाजा हिमालय राज्यों को उठाना पड़ रहा**

मुआवजा की राशि या अनुदान राशि जो भी कह लीजिए, वह देते वक्त केंद्र सरकार एक ही लाठी से सबको हांकती है। जबकि हिमालयी राज्यों में नुकसान भरपाई करना बहुत ही खर्च साध्य होता है, तीन-चार गुना खर्चा आता है। इनके मानक बदले जाने चाहिए, नहीं तो उत्तराखंड, हिमाचल, जम्मू कश्मीर मध्य हिमालयी के क्षेत्र जो इस समय दैवीय आपदा के सबसे ज्यादा प्रभावित क्षेत्र हैं, उनके लिए अपने अर्थव्यवस्था को संभालना बहुत कठिन हो जाता है।

हमने वित्तीय फाइनेंशियल डेफिसिट, उत्तर प्रदेश से राज्य बनते वक्त लिया था। खैर अब तो उस डेफिसिट को कर्ज ले-ले करके भारतीय जनता पार्टी सरकार ने बहुत ही बढ़ा दिया है। हमारे समय में राज्य में कर्ज की राशि 25 हजार करोड़ रुपए थी, आज वह राशि बढ़कर के 1 लाख, 20 हजार करोड़ रुपए से ऊपर पहुंच गई है। लेकिन राज्य तो राज्य है, जनता तो जनता है, दोष किसी का हो, मगर जो वित्तीय फाइनेंशियल डेफिसिट है, हिमालयी राज्यों के विषय में उसकी प्रतिपूर्ति के लिए एक विशेष राष्ट्रीय दृष्टिकोण की आवश्यकता है। क्योंकि यह अकेले उत्तराखंड की कहानी नहीं है, सभी राज्यों की कहानी है।

नहीं तो इन राज्यों का वित्तीय प्रबंधन गड़बड़ा जाएगा जिसे ठीक करना किसी भी सरकार के लिए कम से कम आज तो कठिन लगता है और जो ग्रीन बोनस का ही हिस्सा हो सकता है। मगर पर्वतीय क्षेत्रों और जंगलों के नजदीक के क्षेत्रों में लोगों के लिए कृषि आजीविका का कृषि आजीविका अर्थात खेती को करना कठिनतर होता जा रहा है इसके लिए आवश्यक है कि उत्तराखंड जैसे राज्यों को वन टाइम जंगली जानवरों से प्रोटेक्शन के लिए जंगलों की घेराबंदी के लिए राशि मिले ताकि जंगली जानवर आबाद रूप से खेतों में न आ सके और वन टाइम ग्रान्ट उत्तराखंड जैसे राज्यों को यदि पड़ती पड़ी जमीन को वो आबाद करना चाहते है तो वन टाइम ग्रांट क्योंकि उस कार्य में बड़ी धनराशि की आवश्यकता है वो वन टाईट ग्रांट की मांग उत्तराखंड जैसे राज्य को वित्त आयोग से करनी चाहिए और मैं भी एक ई लेटर डॉ. अरविंद पनगढ़िया साहब को उपरोक्त आधार पर अपने सुझावों को विस्तृता देते हुए भेजूंगा।

# पंचायतीराज को दो सप्ताह के भीतर आदेश की अनुपालन रिपोर्ट कोर्ट में पेश करनी होगी

**■ हाईकोर्ट ने प्लास्टिक से निर्मित कचरे पर प्रतिबंध लगाए जाने को लेकर दायर याचिका पर की सुनवाई**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने प्लास्टिक से निर्मित कचरे पर प्रतिबंध लगाए जाने को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद मुख्य न्यायधीश नरेंद्र व न्यायमूर्ति आलोक महरा की खंडपीठ ने निदेशक पंचायतीराज को निर्देश दिए हैं कि दो सप्ताह के भीतर कोर्ट के आदेश की अनुपालन रिपोर्ट कोर्ट में पेश करें।

बता दें सोमवार को हुई सुनवाई पर याचिकर्ता की तरफ से कहा गया कि अभी तक जो दिशा निर्देश कोर्ट ने राज्य सरकार को दिए थे उनका अनुपालन अभी तक नहीं हुआ है। उसका अनुपालन करवाया जाए, जिस पर कोर्ट ने निदेशक पंचायती राज को निर्देश दिए हैं कि पूर्व के आदेश की अनुपालन रिपोर्ट दो सप्ताह में पेश करें। सोमवार को हुई सुनवाई पर कोर्ट ने कहा कि नैनीताल-भवाली, नैनीताल-हल्द्वानी व नैनीताल-कालाढूंगी की सडकों के दोनो तरफ से चिप्स के रैपर व पानी की खाली बोतल विखरे पड़े हैं जिसकी वजह से पर्यावरण को क्षति हो रही है इसलिए पूर्व के आदेश की अनुपालन रिपोर्ट पेश करें। पूर्व में दिए गए आदेशों का पालन नहीं करने पर कोर्ट ने नाराजगी व्यक्त की थी। कोर्ट ने कहा था कि सड़कों, नालों, जगंलों तथा निकायों में वेस्ट के ढेर के ढेर लगे हुए हैं यह उन्होंने खुद देखा है और कर्मचारी स्वच्छता पर उदासीन हैं। कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा था कि आने वाले 18 जून बुधवार को प्रदेश की समस्त ज्यूडिशयरी प्रदेश में स्वच्छता अभियान चलायेगी जिसमे उच्च न्यायलय के न्यायमूर्तिगण तथा कर्मचारी भी शामिल होंगे और सरकार से भी अपेक्षा की गई थी कि वह इसमें शामिल हों। कोर्ट ने स्र ाई अभियान भी चलाया था।

# विकसित कृषि संकल्प अभियान 2025 को सफल बनाने के लिए उत्तराखंड पूरी तरह तैयार:जोशी

**शाह टाइम्स मुख्य संवाददाता**

**देहरादून ।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में सोमवार को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद एवं केंद्रीय कृषि मंत्रालय की और से आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंस बैठक में प्रदेश के कृषि मंत्री गणेश जोशी ने वर्चुअल रूप से प्रतिभाग किया। इस बैठक में देशभर के सभी राज्यों के कृषि मंत्री वर्चुअल माध्यम से शामिल हुए। बैठक का उद्देश्य आगामी 29 मई से 12 जून तक चलने वाले 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' की रणनीति एवं क्रियान्वयन को लेकर सभी राज्यों के साथ समन्वय स्थापित कर चर्चा की गई। इस अवसर पर केंद्रीय कृषि मंत्री ने सभी राज्यों से अभियान को गंभीरता से लेने और अधिक से अधिक किसानों तक लाभ पहुंचाने की अपील की। सुबे के कृषि मंत्री गणेश जोशी ने बैठक में अवगत कराया कि राज्य में वर्ष 2007 से खरीफ एवं रबी सत्रों में 'कृषि महोत्सव' का आयोजन किया जा रहा है।

इसके अंतर्गत प्रदेश की समस्त 670 न्याय पंचायतों में 'कृषि रथ' के माध्यम से कृषि वैज्ञानिकों एवं विभागीय अधिकारियों की टीम किसानों से सीधा संवाद करती है और उन्हें विभिन्न योजनाओं एवं तकनीकों की जानकारी प्रदान करती है। कृषि मंत्री जोशी ने विश्वास दिलाया कि उत्तराखंड में भी विकसित कृषि संकल्प अभियान 2025 को पूरी सक्रियता के साथ चलाया जाएगा ताकि राज्य के अधिक से अधिक किसानों को इसका लाभ मिल सके। साथ ही उन्होंने राज्य की भौगोलिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए अभियान की अवधि बढ़ाने का भी सुझाव केंद्रीय मंत्री को दिया। उन्होंने 'घेरबाड़ योजना' में केंद्र सरकार से सहयोग की भी मांग की ताकि पर्वतीय क्षेत्रों में कृषि को संरक्षित एवं सशक्त बनाया जा सके।



गौरतलब है कि यह 15 दिवसीय अभियान कृषि वैज्ञानिकों द्वारा गांव-गांव जाकर किसानों को टिकाऊ खेती, खरीफ फसल प्रबंधन, पशुपालन, मुर्गीपालन, मत्स्यपालन जैसी गतिविधियों से जुड़ी आधुनिक तकनीकों की जानकारी देने, मृदा स्वास्थ्य कार्ड के उपयोग को बढ़ावा देने तथा किसानों से फीडबैक प्राप्त कर अनुसंधान को दिशा देने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है।

बैठक में सचिव कृषि एसएन पांडे, कृषि महानिदेशक रणवीर सिंह चौहान, निदेशक कृषि कैसी पाठक, निदेशक बागवानी मिशन महेंद्र पाल, संयुक्त निदेशक दिनेश कुमार, एमडी जैविक बोर्ड विनय कुमार सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।


NIRF RANKED AMONG TOP 50 UNIVERSITIES IN INDIA Ranking 2024 | THE World University Rankings 2025 RANKED 7TH IN INDIA

UPES UNIVERSITY OF TOMORROW

100+ Programs

Engineering | Computer Science | Business | Law
Design | Health Sciences | Liberal Studies and Media

- B.Tech.
- BBA
- LL.B.
- B.Des.
- B.Pharm.
- B.Sc. (Hons.)
- BA (Hons.)
- BA
- B.Com.
- BCA

and more...

#1 IN ACADEMIC REPUTATION*
LIFETIME PLACEMENT^
START-UP SUPPORT
46 FACULTY AMONG TOP 2% RESEARCHERS GLOBALLY**

^25% fee concession for bonafide Uttarakhand students

APPLY WITH JEE/UCEED/NIFT/CLAT SCORES OR CLASS 12TH BOARD MARKS

LAST DATE TO APPLY: MAY 29, 2025

UPES Dehradun | upes.ac.in | 040 68440685 (10 am to 7 pm)

^T&C apply *Among private universities in India by QS World Rankings 2025 **As per Stanford University List


# समर्थ पोर्टल का संचालन खुद करेंगे विश्वविद्यालय: डॉ. रावत

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** सूबे में समर्थ पोर्टल का संचालन अब राजकीय विश्वविद्यालय खुद करेंगे। शासन स्तर पर सिर्फ पोर्टल की मॉनिटिरिंग की जायेगी। इस संबंध में विभागीय उच्चाधिकारियों को निर्देश दे दिये गये हैं। राजकीय विश्वविद्यालयों को समय पर वर्षिक शैक्षिक कैलेण्डर तैयार कर जारी करने को कहा गया है ताकि छात्र-छात्राएं समय पर स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश ले सकें।

सूबे के उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने आज विधानसभा स्थित सभाकक्ष में उच्च शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक ली। जिसमें उन्होंने समर्थ पोर्टल के संचालन की जिम्मेदारी शासन से हटाकर राजकीय विश्वविद्यालयों को सौंपने के निर्देश दिये।

उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय अब समर्थ पोर्टल का संचालन खुद करेंगे ताकि राजकीय महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालय परिसरों में स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश से लेकर शैक्षणिक एवं अन्य गतिविधियां सुचारू रूप से संचालित की जा सके। डॉ. रावत ने कहा कि शासन का कार्य सिर्फ पोर्टल की मॉनिटिरिंग करना है न कि पोर्टल का संचालन। जिसके अंतर्गत शासन समर्थ पोर्टल को खोले जाने और बंद करने की तिथि निर्धारित करेगा। उन्होंने कहा कि विगत वर्ष समर्थ पोर्टल को लेकर कई दिक्कते समाने आई, जिसे देखते हुये यह निर्णय लिया गया। बैठक में विभागीय मंत्री ने निदेशक उच्च शिक्षा को राजकीय महाविद्यालयों में प्राचार्यों के रिक्त पदों पर एक सप्ताह के भीतर डीपीसी कराने के निर्देश दिये, ताकि जिन महाविद्यालयों में प्राचार्य के पद रिक्त हैं वहां प्राचार्य भेजे जा सकें। इसके साथ ही उन्होंने विभिन्न संकायों में असिस्टेंट प्रोफेसरों के रिक्त पदों की रिपोर्ट विषयवार तीन दिन के भीतर शासन को उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिये।

बैठक में सचिव उच्च शिक्षा रणजीत सिन्हा, कुलपति श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय प्रो. एन.के. जोशी, कुलपति दून विश्वविद्यालय प्रो. सुरेखा डंगवाल, रूसा सलाहकार प्रो. के.डी. पुरोहित, उप सचिव उच्च शिक्षा ब्योमकेश दुबे, संयुक्त निदेशक उच्च शिक्षा प्रो. ए.एस. उनियाल, उप निदेशक डॉ. दीपक पाण्डेय, शैलेन्द्र कुमार सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे, जबकि एस.एस.जे विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एस. एस. बिष्ट एवं निदेशक उच्च शिक्षा प्रो. कमल किशोर पाण्डे ने वर्चुअल माध्यम से बैठक में प्रतिभाग किया।

**■ कहा, शासन के पास सिर्फ पोर्टल की मॉनिटिरिंग की रहेगी जिम्मेदारी, राजकीय विश्वविद्यालय मिलकर तय करेंगे अपना शैक्षणिक कैलेण्डर**



### विश्वविद्यालय मिलकर तय करेंगे अपना शैक्षणिक कैलेण्डर

बैठक में डॉ. रावत ने राजकीय विश्वविद्यालयों के कुलपतियों को एक समान वार्षिक शैक्षिक कैलेण्डर जारी करने के निर्देश दिये। इसके लिये उन्होंने सभी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों को आपस में समन्वय कर शैक्षणिक कैलेण्डर तैयार करने को कहा। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षण संस्थानों में अनुशासन सुनिश्चित करने के लिये शैक्षिक कैलेण्डर जरूरी है ताकि महाविद्यालयों एवं विश्वविद्याल परिसरों में एक साथ प्रवेश, परीक्षा और परीक्षा परिणाम घोषित किये जा सके। उन्होंने शैक्षणिक कैलेण्डर में तमाम गतिविधियों को शामिल कर महाविद्यालयों में अनिवार्य रूप से 180 दिवस कक्षाएं संचालित करने व 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य रूप से लागू करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। इसके अलावा उन्होंने स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश के लिये प्रचार-प्रसार करने के निर्देश भी बैठक में दिये।

# यूसीसी: कोर्ट ने केंद्र सरकार से तीन सप्ताह में मांगा जवाब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार की और से लागू किये गए यूसीसी-2025 को चुनौती देती कई जनहित याचिकाओं सहित प्रभावित लोगों की तरफ से दायर याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई की।

मामले की सुनवाई के बाद मुख्य न्यायधीश जी नरेंद्र व न्यायमूर्ति आलोक मेहरा की खण्डपीठ ने अगली सुनवाई के लिये 14 जुलाई (सोमवार) की तिथि नियत की है। सोमवार को हाईकोर्ट में हुई सुनवाई के दौरान जमीअत व भीमताल निवासी सुरेंद्र सिंह नेगी की तरफ से कहा गया कि प्रदेश में यूसीसी बिल जनवरी से लागू हो गया है। इससे प्रभावित लोगों ने कई याचिकाएं कोर्ट में दायर की है लेकिन अभी तक याचिकाओं में बनाये गए कुछ ही पक्षकारों की तरफ से जवाब न्यायलय में पेश किया गया। वहीं अभी तक केंद्र सरकार का जवाब भी नहीं आया, इसलिए शिघ्र ही केंद्र सरकार का जवाब तलब कराया जाय, जिस पर कोर्ट ने केंद्र सरकार से कहा है कि तीन सप्ताह के भीतर जवाब पेश करें। कोर्ट ने मामले की सुनवाई के लिये अगली तिथि 14 जुलाई (सोमवार) की नीयत की है।



**■ अब अगली सुनवाई 14 जुलाई को होगी**

मामले के अनुसार यूसीसी को लेकर अभी तक उच्च न्यायलय में प्रभावित व अन्य समुदायों ने इसे चुनोती दी गयी है। जिनपर सुनवाई करते हुए पूर्व से अब तक कोर्ट ने जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश राज्य सरकार को दिये थे। राज्य सरकार ने अब इसमे अपना जवाब प्रस्तुत कर दिया है। अभी तक जो याचिकाएं दायर की गई है उनमें से खासकर मुस्लिम सुमदाय व लिव इन रिलेशन में रह रहे लोगों के द्वारा दायर की गई हैं। लिव इन रिलेशन में रह रहे लोगों का कहना है कि जो फार्म रजिस्ट्रेशन के लिए उनसे भरवाया जा रहा है उसमें उनसे कई तरह की पूर्व जानकारी मांगी गई है। अगर वे पूर्व की जानकारी फार्म में फील करते है तो उन्हें जानमाल का खतरा भी हो सकता है।

वर्तमान की शर्ते तो वो सब ठीक है। पूर्व की देने के उनकी व्यक्तिगत प्राइवेसी के खिलाफ है। इसको संसोधित किया जाय। मुस्लिम, पारसी आदि के वैवाहिक पद्धति की यूसीसी में अनदेखी किये जाने सहित कुछ अन्य प्रावधानों को भी चुनौती दी गई है ।

### 29 अगस्त तक खेल विश्वविद्यालय शिलान्यास सुनिश्चित करें मुख्य सचिव:रेखा आर्या

**देहरादून।** प्रदेश सरकार किसी भी सूरत में आगामी राष्ट्रीय खेल दिवस 29 अगस्त को राज्य के पहले खेल विश्वविद्यालय का शिलान्यास करने की तैयारी में जुटी है। इसे सुनिश्चित करने के लिए खेल मंत्री रेखा आर्या ने मुख्य सचिव को पत्र लिखा है। ज्ञात हो कि प्रदेश में पहले खेल विश्वविद्यालय की स्थापना मुख्यमंत्री की मुख्य घोषणाओं में शामिल है और इसके विधेयक को संशोधन के बाद राज्यपाल पहले ही अधिसूचित कर चुके हैं। हल्द्वानी के गौलापार खेल परिसर में विश्वविद्यालय की स्थापना की जानी है। लेकिन इसमें कुछ बिंदुओं पर राज्य सरकार के प्रस्ताव पर वन विभाग के क्षेत्रीय कार्यालय ने आपत्ति जताई है। खेल मंत्री रेखा आर्या ने इस बारे में मुख्य सचिव को पत्र लिखकर कहा है कि वह अपनी देखरेख में वन विभाग के राज्य और केंद्र के अधिकारियों की बैठक जल्द से जल्द आयोजित करें और इन आपत्तियों को निस्तारित कराएं।

# जलविद्युत परियोजनाओं के लिए मिले क्षतिपूर्ति: सीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगढ़िया के साथ बैठक में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य की चुनौतियों का हवाला देते हुए जलविद्युत परियोजनाओं से विद्युत उत्पादन की संभावनाएं सीमित होने की स्थिति बयान की है। उन्होने कहा कि गंगा को राष्ट्रीय नदी घोषित किए जाने के फलस्वरूप लागू होने वाले नियमों के कारण उत्तराखंड में जल विद्युत उत्पादन की संभावनाएं सीमित हो गई हैं। जल विद्युत क्षेत्र, विभिन्न कारणों से आर्थिकी में अपेक्षित योगदान नहीं दे पा रहा है, जिससे राजस्व के साथ-साथ रोजगार के क्षेत्र में भी भारी क्षति हो रही है। मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने प्रभावित परियोजनाओं की क्षतिपूर्ति की राशि और संबंधित मैकेनिज्म निर्धारित किये जाने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि तीर्थ स्थलों में आने वाली ''फ्लोटिंग पाप्यूलेशन'' के कारण परिवहन, पेयजल, स्वास्थ्य, कचरा प्रबंधन एवं अन्य सेवाओं के लिए भी अतिरिक्त इन्फ्रास्ट्रक्चर विकसित करना पड़ता है। जटिल भौगोलिक परिस्थितियों के कारण राज्य में इन्फ्रास्ट्रक्चर के निर्माण में अधिक लागत को ध्यान में रखते हुए विशेष सहायता प्रदान की जाए।



**■ गंगा राष्ट्रीय नदी घोषित होने के कारण आर्थिकी में हो रहा नुकसान तीर्थाटन एवं पर्यटन के कारण अतिरिक्त इन्फ्रास्ट्रक्चर की जरुरत**

### रेवेन्यू नीड ग्रांट लागू करने का सुझाव

मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने सुझाव देते हुए कहा कि ''कर-हस्तांतरण'' के अंतर्गत राज्यों के बीच हिस्सेदारी के मानदंडों में टैक्स प्रयास के साथ-साथ ''राजकोषीय अनुशासन'' को भी ''डिवोल्यूशन'' फार्मूला में एक घटक के रूप में सम्मिलित किया जाना चाहिए। ''रेवेन्यू डेफिसिट ग्रान्ट'' के स्थान पर ''रेवन्यू नीड ग्रान्ट'' को लागू करना युक्तिसंगत रहेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की भौगोलिक संरचना की त्रिविमीयता (थ्री डाइमेनसियेलीटी) के कारण पूंजीगत व्यय तथा अनुरक्षण लागत दोनों ही अधिक होते हैं। राज्य में क्रेडिट-डिपॉजिट अनुपात भी कम है।

सचिवालय में आयोजित बैठक में मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार और राज्यों के मध्य बेहतर वित्तीय समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से आयोजित विशिष्ट बैठक में उपस्थित वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगढ़िया, आयोग के सदस्यों ऐनी जॉर्ज मैथ्यू, डा. मनोज पाण्डा, डा. सौम्या कांति घोष, सचिव ऋत्विक पांडेय, संयुक्त सचिव के.के. मिश्रा का उत्तराखंड राज्य स्थापना के इस रजत जयंती वर्ष में देवभूमि उत्तराखंड पधारने पर स्वागत किया।

# जनता मिलन कार्यक्रम में सुनवाई, 34 शिकायतों पर हुई कार्रवाई

■ जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने जनता की समस्याएं सुनीं, कई मामलों का मौके पर हुआ निस्तारण, विभागीय अधिकारियों को दिए निर्देश जन शिकायतों का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने पर दिया जोर

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई टिहरी।** जिला सभागार नई टिहरी में सोमवार को जिलाधिकारी मयूर दीक्षित की अध्यक्षता में आयोजित जनता मिलन कार्यक्रम में जिलेभर से आए लोगों ने अपनी समस्याएं रखीं। कार्यक्रम में लगभग 34 जन शिकायतें और अनुरोध पत्र दर्ज किए गए, जो मुख्यत: लोक निर्माण विभाग, पुनर्वास, पीएमजीएसवाई, बाल विकास, राजस्व, वन विभाग, उरेडा, कृषि, शिक्षा और पशुपालन सहित अन्य विभागों से संबंधित रहे।

जिलाधिकारी ने अधिकतर समस्याओं को मौके पर ही सुनकर उनका समाधान सुनिश्चित किया। कार्यक्रम के दौरान सीएम हेल्पलाइन, जनता दर्शन, तहसील दिवसों और विभिन्न विकास योजनाओं की भी गहन समीक्षा की गई। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी लंबित शिकायतों पर शीघ्र कार्रवाई करते हुए उनका समाधान सुनिश्चित करें। इसके साथ ही उन्होंने जनपद में तीन वर्ष से अधिक समय से कार्यरत कर्मियों की जानकारी जिला कार्यालय और विभागीय निदेशालय को भेजने के निर्देश भी दिए।

कृषि विभाग से पीएम किसान निधि की भौतिक सत्यापन और अंश निर्धारण की स्थिति पर रिपोर्ट लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही, बूढ़ाकेदार क्षेत्र के झकनियाली, टोली और आस-पास के गांवों में बारिश के चलते संभावित खतरे को देखते हुए सिंचाई विभाग को 31 जून से पूर्व रिवर चौनलाइजेशन और अन्य जरूरी कार्यवाही पूरी करने के निर्देश दिए गए। वहीं नरेंद्रनगर के सौंधना गांव में



भी सिंचाई संबंधी कार्य तत्काल करने को कहा गया।

कार्यक्रम में ग्राम पुजार गांव प्रताप. नगर की चवनी देवी ने बरसात के दौरान मथेगांव चमियाला कोटालगांव मोटर मार्ग से अपने घर को खतरे की बात कही। इसी तरह रिंगालगढ़ सकलाना निवासी गोविंद सिंह पंवार ने पीएमजीएसवाई के तहत सड़क निर्माण से अपने मकान को खतरे में बताया और सुरक्षा दीवार बनाए जाने की मांग की। जिलाधिकारी ने दोनों मामलों में संबंधित अधिशासी अभियंताओं को समस्या का तत्काल समाधान कर सुरक्षात्मक कार्य करने के निर्देश दिए।

जखोली गजा निवासी हरि सिंह सजवाण ने जल निकासी की समस्या से अवगत कराया, जिस पर एसडीएम नरेंद्रनगर और तहसीलदार गजा को सभी पक्षों से वार्ता कर त्वरित समाधान निकालने को कहा गया। वहीं भिलंग क्षेत्र के भाटगांव में चंदनी नाग बोल्या राजा ट्रस्ट से जुड़े पदाधिकारियों द्वारा किए जा रहे मान. सिक उत्पीड़न की शिकायत पर तहसीलदार घनसाली को दस्तावेजों की जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

प्रतापनगर के ग्राम कोरदी निवासी मुलायम सिंह रावत ने ढैल तोक को राजस्व ग्राम घोषित किए जाने की मांग रखी, जिस पर जिलाधिकारी ने एडीएम को एसडीएम से रिपोर्ट लेकर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

कार्यक्रम में सीडीओ वरुणा अग्रवाल, सीएमओ श्याम विजय, एसडीएम संदीप कुमार सहित जिला स्तर के अधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# रात के समय भी केदारपुरी को संवारने में जुटे सफाई कर्मी

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रप्रयाग।** करोड़ों हिंदुओं की आस्था के केन्द्र केदारनाथ धाम में इस बार साफ-सफाई पर विशेष जोर दिया जा रहा है। स्वच्छता को लेकर दिन के साथ ही रात के समय भी पर्यावरण मित्रों की ड्यूटी लगाई गई है। ताकि रात के समय यात्रा करने वाले तीर्थ यात्रियों को भी स्वच्छ माहौल मिल सके। सीतापुर से लेकर केदारनाथ धाम तक 18 दिन की यात्रा में तीस कुंतल कूड़ा एकत्रित करके निस्तारण किया गया है। वहीं, दूसरी ओर घोड़े-खच्चरों की लीद को भी अलग से एकत्रित कर निस्तारण किया जा रहा है। समय-समय पर धाम और यात्रा मार्ग पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाये जा रहे हैं और यात्रियों से भी स्वच्छता रखने की अपील की जा रही है। बाबा केदारनाथ की यात्रा को 18 दिन का समय हो गया है और अब तक चार लाख से अधिक भक्त बाबा केदार के दर्शन कर चुके हैं, जो कि एक नया रिकार्ड बन गया है। प्रत्येक दिन हजारों की संख्या में तीर्थ यात्री टोकन सिस्टम के जरिये बाबा केदार के दर्शन कर रहे हैं।

भीड़ को नियंत्रित करने के लिये प्रत्येक तीर्थ यात्री को पंक्तिवद्ध तरीके से दर्शनों के लिये भेजा जा रहा है। सबसे अच्छी बात यह है कि यात्रियों को इस बार स्वच्छ माहौल में दर्शन कराये जा रहे हैं। दिन के साथ ही रात्रि के समय भी साफ-सफाई पर विशेष जोर दिया जा रहा है। प्रत्येक एक किमी में 10 पर्यावरण मित्रों की तैनाती की गई है। यह पर्यावरण मित्र शिफ्ट के अनुसार कार्य कर रहे हैं।

# देवप्रयाग विस क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति न होने से ग्रामीणों में रोष

शाह टाइम्स संवाददाता

**श्रीनगर।** देवप्रयाग विधानसभा में जल जीवन मिशन के अंतर्गत दिए गए कनेक्शनों पर ग्रामीणों ने सवाल उठाये है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि विभाग द्वारा कनेक्शनों की गलत रिपोर्ट शासन को भेजी है। सोमवार को सामाजिक कार्यकार्ता गणेश भट्ट के नेतृत्व में पहुंचे दंदेली, सिरनी गाँव, बागवान, धारकोट, सिरोला, जियालगढ़ अनु बस्ती के ग्रामीणों ने कीर्तिनगर उपजिलाधिकारी को ज्ञापन प्रेषित किया। इस मौके पर गणेश भट्ट ने कहा कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत देवप्रयाग और कीर्तिनगर क्षेत्र के दर्जनों गांवों में पेयजल आपूर्ति ठप्प पड़ी हुई है।

वहीं दूसरी ओर स्थानीय विधायक एवं विभागीय अधिकारीयों द्वारा जल जीवन मिशन की उपलब्धियों का



झूठा ढिंढोरा पीटा जा रहा है। उन्होने प्रशासन से बागवान, पौड़ीखाल, लक्ष्मोली आदि पेयजल पम्पिंग योजनाओं से जल जीवन मिशन में दिए गए कनेक्शनो पर पानी आपूर्ति की जांच के लिए एक जांच समिति बनाने की मांग की है। दंदेली गाँव के ग्रामीण रंगी लाल और राहुल कुमार ने बताया कि दंदेली अनु बस्ती में पिछले 2 साल से पेयजल आपूर्ति सुचारू नहीं है। पेयजल आपूर्ति न होने से ग्रामीणों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होने पुरानी व्यवस्था के तहत सीधे मुख्य टैंक से पेयजल लाइन जोड़ को जोड़े जाने की मांग की है। जियालगढ़ के ग्रामीण विजय कुमार ने बताया कि उनके तोक में बना हुआ पेयजल टैंक 4 वर्ष से लीकेज कर रहा है, जिस पर पानी एकत्र नहीं हो पाता है। जिस कारण गाँव में पानी की भारी कमी बनी हुई है। बागवान गाँव के गोविन्द प्रसाद ने बताया कि पिछले 3 वर्षों से उनके घर में दिए गए हर घर नल कनेक्शन में आज तक एक बूंद पानी नहीं आया वे सार्वजनिक स्टेंड पोस्ट से ही पानी भरते हैं।

गणेश भट्ट ने कहा कि कीर्तिनगर के सिरोला गाँव, कीर्तिनगर के डांग गाँव में भी पेयजल आपूर्ति ठप्प है। ग्रामीणों ने एक सप्ताह के भीतर पेयजल समस्या हल ना होने पर आन्दोलन की चेतावनी दी है। भट्ट ने बताया कि वार्ता के दौरान कीर्तिनगर तहसीलदार द्वारा जल निगम के अधिकारीयों से बात कर एक सप्ताह में जाँच समिति गठित कर रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। ज्ञापन देने वालों में सुरेन्द्र लाल, श्रीमती सोनी देवी, दिल्ला देवी, गोविन्द राम, प्रेम लाल, विजय कुमार सहित आदि मौजूद थे।

# गढ़वाल विवि में नियमितिकरण को लेकर धरना जारी

शाह टाइम्स संवाददाता

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि में दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों के मामला शांत होता नजर नहीं आ रहा है। सोमवार को गढ़वाल विवि के मुख्य प्रशासनिक भवन में कर्मचारियों का सांकेतिक धरना चौथे दिन भी जारी रहा। बताते चले कि हाईकोर्ट ने 148 दैनिक वैतन भोगी कर्मचारियों को नियमित करने को लेकर फैसला सुनाया था, लेकिन गढ़वाल विवि के ही एक कर्मचारी ने इस पर एमएचआरडी को पत्र लिखकर इसपर आपत्ति दर्ज कर दी थी। जिसके चलते कर्मचारियों का नियमितीकरण का मामला एक बार फिर अटक गया।

शैक्षणेत्तर कर्मचारी परिषद के अध्यक्ष देवेंद्र फर्सवाण ने कहा कि लम्बे समय से दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी लड़ाई लड़ रहे, लेकिन कुछ लोगों द्वारा कोर्ट के आदेशों की अवे. हलना की जा रहीं है। कर्मचारियों ने कहा कि जब तक कोर्ट के आदेश के अनुसार 148 कर्मचारियों को नियमित को लेकर गढ़वाल विवि स्तर से समाधान नहीं निकाला जाता और कोर्ट के आदेशों के खिलाफ जाने वाले व्यक्ति के खिलाफ भी कार्यवाही नहीं होती तब तक आंदोलन जारी रहेगा। बताया कि मामले को लेकर उन्होने गढ़वाल विवि के कुलपति से वार्ता की। जिसपर कुलपति प्रो. एमएमएस रौथाण ने कोर्ट के आदेशों का शत-प्रतिशत अनुपालन करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर शैक्षणेत्तर कर्मचारी परिषद के महासचिव रविंद्र सिलवाल, पुष्कर सिंह सहित आदि मौजूद थे।

## एक नजर.....

### टकोली से बगड़वालधार तक मोटरमार्ग के डामरीकरण का कार्य षुरू

**श्रीनगर।** विकासखंड कीर्तिनगर के टकोली से बगड़वालधार तक सड़क सुधारीकरण एवं डामरीकरण कार्य का सोमवार को देवप्रयाग विधायक विनोद कंडारी ने विधिवत शिलान्यास किया। विधायक विनोद कंडारी ने बताया कि 12.350 किलोमीटर के टकोली से बगड़वालधार मोटरमार्ग का निर्माण कार्य का 9 करोड़ 54 लाख 44 हजार रूपये से सड़क सुधारीकरण एवं डामरीकरण कार्य पूर्ण होगा। उन्होने विभागीय अधिकारियों से समय सीमा के भीतर गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

### कालिंदी फाउंडेशन ऑनलाइन रक्तदाता पंजीकरण फार्म लॉच किया

**श्रीनगर।** समाज सेवा के क्षेत्र में सक्रिय कालिंदी फाउंडेशन ने प्रदेशभर में रक्तदान को प्रोत्साहित करने के लिए एक पहल शुरू की है। अभियान के तहत फाउंडेशन ने एक ऑनलाइन रक्तदाता पंजीकरण फार्म लांच किया है, जहां कोई भी व्यक्ति अपना नाम, रक्त समूह और संपर्क विवरण दर्ज कर सकता है। आवश्यकता पड़ने पर फाउंडेशन की टीम पंजीकृत रक्तदाता से संपर्क कर रक्त की व्यवस्था सुनिश्चित करेगी। फाउंडेशन के ट्रस्टी दिव्यांशु बहुगुणा ने बताया कि यह केवल रक्त एकत्र करने की योजना नहीं है, बल्कि एक ऐसा समर्पित और सक्रिय नेटवर्क तैयार करने का प्रयास है, जो हर संकट की घड़ी में तत्परता से सहायता कर सके। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड सेवा और सहयोग की भूमि रही है। अब समय है कि हम सभी मिलकर इस जीवनदायिनी कार्य में सहभागी बनें। फाउंडेशन ने प्रदेशवासियों से अपील की है कि वे आगे आकर रक्तदान करें, क्योंकि एक यूनिट रक्त किसी की जान बचा सकता है। यह अभियान समाज में सामाजिक जिम्मेदारी और मानवीय संवेदना को और सशक्त करने का माध्यम बनेगा।

### पीएसीएल ठगी पीड़ित निवेशकों ने धरना प्रदर्शन करने का लिया निर्णय

**कोटद्वार।** पीएसीएल ठगी पीड़ित निवेशकों ने कंपनी में निवेश की गई उनकी मेहनत की कमाई वापस न मिलने पर रोष व्यक्त किया है। इस प्रकरण में अब तक कोई कार्रवाई न होने पर पीड़ित निवेशकों ने 21 मई को तहसील में धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है। इस संबंध में सोमवार को पदमपुर स्थित कार्यालय में आयोजित बैठक में वक्ताओं ने कहा कि सरकार को ठगी पीड़ित नागरिकों के भुगतान देने की गारंटी वाले अनियमित जमा योजनाएं पाबंदी अधिनियम 2019 का अनुपालन सुनिश्चित कराकर उनकी रकम को वापस दिलाना चाहिए। तय किया गया कि इस संबंध में 21 मई को तहसील में धरना-प्रदर्शन किया जायेगा और सक्षम अधिकारियों के माध्यम से प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, गृह मंत्री व राष्ट्रपति को ज्ञापन प्रेषित किए जायेंगे।

### शीशों में बाल श्रम मुक्त अभियान कार्यशाला का आयोजन

**रुद्रप्रयाग।** उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल एवं जनपद न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्ग-दर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव की अध्यक्षता में सोमवार को लाटा बाबा इंटरमीडिएट कॉलेज शीशों में बाल श्रम मुक्त कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में बाल को लेकर नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किए।

कार्यशाला में सिविल जज (सीडि) रवि रंजन ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का मुख्य उद्देश्य समाज के वंचित वर्गो को न्याय दिलाने के साथ ही इसके लिए जागरूक करना है। उन्होंने बाल श्रम (निशेष और विनियमन) अधिनियम 1986, चाइल्ड हेल्प लाइन नम्बर 1098, राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के टोल फ्री नंम्बर 15100, पुलिस हेल्प लाइन नम्बर 112 आदि एवं कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निशेध और निवारण) अधिनियम, 2013 के विषय में भी विस्तार से जानकारी दी। कार्यशाला में रिटेरन अधिवक्ता यशोदा खत्री, विद्यालय के प्रधानाचार्य विरेन्द्र बर्त्वाल सहित समस्त शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### भारत विकास परिषद की नवीन कार्यकारिणी के सदस्यों को दिलाई शपथ

**कोटद्वार।** भारत विकास परिषद की ओर से सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में परिषद की नवीन कार्यकारिणी के सदस्यों को शपथ दिलाई गई। इस दौरान उत्कृष्ट कार्य करने पर मेयर सहित तीन व्यक्तियों को सम्मानित करने के साथ ही अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जयन्ती मनायी गयी। देवी रोड स्थित एक बारातघर के सभागार में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मेयर शैलेंन्द्र सिंह रावत ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि आज के समय में समाज सेवा के लिए समय निकालना बहुत बड़ी बात है। भारत विकास परिषद भी इसी समाज सेवा का हिस्सा है। तत्पश्चात परिषद की नवीन कार्यकारिणी को प्रांतीय संयोजक संपर्क गोपाल बंसल ने पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। मौके पर मेयर शैलेन्द्र सिंह रावत, सफाई श्रमिक बाबूभाई और देवेन्द्र कुमार भाटिया को उनके सेवाभाव के लिए प्रशस्तिपत्र व शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

### व्यापारी का भुगतान न करने पर ऋत्विक कंपनी पर मुकदमा दर्ज

श्रीनगर। ऋषिकेश कर्णप्रयाग रेलवे परियोजना में कार्यरत कार्यदा यी संस्था ऋत्विक के खिलाफ स्थानीय व्यापारी ने भुगतान न किए जाने का आरोप लगाया है। आरोप है कि स्वीत डूंगरीपंत सुरंग निर्माण में लगी ऋत्विक कंपनी के अधिकारियों ने व्यापारी के लगभग 50 लाख की धनराशि का भुगतान दो साल बाद भी नहीं किया है। इस संबंध में कोतवाली श्रीनगर में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रेलवे की कार्यरत संस्था ऋत्विक प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड के आधिकारी एवं कर्मचारियों पर गबन व धोखाधड़ी का स्थानीय व्यापारी ने आरोप लगाया है। इस संबंध में व्यापारी द्वारा 14 मई को कंपनी के खिलाफ कोतवाली श्रीनगर में एफआईआर दर्ज कराई गई। दर्ज शिकायत में श्रीकोट गंगानाली निवासी अमित सजवाण ने बताया कि उनकी क्वालिटी बास्केट नाम से श्रीकोट में दुकान है। बताया कि वर्ष 2021 से डुगरीपंथ (श्रीनगर) में कार्यरत रेलवे परियोजना की ऋत्विक कंपनी द्वारा उनकी दुकान से सामान ले जाया जा रहा था। 2021-2023 तक उनके फर्म क्वालिटी बास्केट से तथा 2023-24 में उन्हीं की दूसरी फर्म शाश्वत इंटरप्राइजेज से सामान क्रय किया गया।

# शिक्षक रह चुकी हूं, पढ़ाई की महत्वता समझती हूं: ऋतु खण्डूडी

शाह टाइम्स संवाददाता

**कोटद्वार।** विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूडी भूषण ने कोटद्वार विधानसभा के कोटद्वार - नजीबाबाद मार्ग पर स्थित आर्य कन्या इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। कार्यकम में विद्यालय प्रबंधक आनंद प्रकाश, प्रधानाचार्य रेनू नेगी द्वारा अध्यक्ष ऋतु खण्डूडी का आभार व्यक्त किया गया, उन्होंने बताया कि अध्यक्ष ऋतु खण्डूडी द्वारा अपनी विधायक निधि के 09.90 लाख रुपए से कोटद्वार की छत की ग्राउटिंग एवं छत की बाउंड्रीवाल का कार्य किया गया, जिससे छत के स्थिति में सुधार हुआ है। इससे पूर्व में उन्होंने हमारे विद्यालय को 150 जोड़ी फर्नीचर दिए थे, साथ ही उन्होंने बीएल के माध्यम से विज्ञान, प्रौद्योगिक इंजीनियरिंग एवं गणित प्रयोगशाला भी खुलवाई।। ऋतु खण्डूडी ने अपने संबोधन में विद्यालय के सभी स्टाफ का धन्यवाद किया और साथ ही कहा कि विद्यालयों में कार्य करवाना उनकी हमेशा पहली प्राथमिकता रही है। कोटद्वार के विभिन्न विद्यालयों में विकास कार्य चल रहा है। उन्होंने आर्य समाज के लोगों को भी कहा, कि समाज में पढ़ाई को आगे बढ़ाने में उनका योगदान है। विद्यालय में पढ़ रही बालिकाओं को उन्होंने मन लगा कर पढ़ाई कर अपना और अपने विद्यालय का नाम रोशन करने के लिए आशीर्वाद किया। इस अवसर पर पार्षद प्रेमा खंतवाल, प्रधान आर्य समाज राजेंद्र ग्रोवर, मंच संचालन सरोज रावत ने किया।

# जन्म-मृत्यु पंजीकरण को लेकर जिला समन्वय समिति की बैठक सम्पन्न

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई टिहरी।** जिला सभागार नई टिहरी में सोमवार को जिलाधिकारी मयूर दीक्षित की अध्यक्षता में जन्म-मृत्यु पंजीकरण के अंतर्गत जिला स्तरीय अंतर्विभागीय समन्वय समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य नागरिक पंजीकरण प्रणाली को प्रभावी, पारदर्शी और समन्वित बनाना था।

इस अवसर पर भारत सरकार के जनगणना कार्य निदेशालय उत्तराखंड के संयुक्त निदेशक शैलेंद्र सिंह नेगी ने नागरिक पंजीकरण प्रणाली और जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रेशन अधिनियम 1969 के तहत विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नवजात शिशुओं का पंजीकरण चाहे वह संस्थागत हो, घर पर हुआ हो या अन्य किसी माध्यम से,



बिना नाम के भी किया जा सकता है। इसके बाद यदि 12 महीने के भीतर बच्चे का नाम जोड़ दिया जाए तो प्रमाण पत्र नाम सहित प्राप्त किया जा सकता है।

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र में एक बार जारी हो जाने के बाद किसी भी प्रकार का बदलाव संभव नहीं होता, इसलिए सावधानीपूर्वक पंजीकरण अनिवार्य है। शैलेंद्र सिंह नेगी ने राज्य में प्राकृतिक आपदाओं के दौरान लापता व्यक्तियों की मृत्यु, अदालत द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार 21 दिनों के भीतर सूचना देने की अनिवार्यता और अन्य कानूनी पहलुओं की जानकारी भी साझा की। बैठक के दौरान निरीक्षण में सामने आई कमियों पर भी चर्चा की गई। विलंबित पंजीकरण की प्रक्रिया और नए प्रपत्रों के उपयोग को लेकर सभी रजिस्ट्रारों को निर्देशित किया गया कि वे केवल सीआरएस पोर्टल के माध्यम से ही पंजीकरण दर्ज करें। यह सुनिश्चित किया गया कि पूरे पंजीकरण कार्य में पारदर्शिता और सटीकता बनी रहे।

जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे नागरिक पंजीकरण प्रणाली से जुड़ी सभी प्रक्रियाओं का कड़ाई से पालन करें और किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने पारदर्शिता को प्राथमिकता देते हुए समयबद्ध पंजीकरण की आवश्यकता पर जोर दिया।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी वरुणा अग्रवाल, मुख्य चिकित्साधिकारी श्याम विजय, सभी सीएमएस, जिला विकास अधिकारी मोहम्मद असलम, जिला कार्यक्रम अधिकारी संजय गौरव, पुलिस विभाग के प्रतिनिधि सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# कम वसूली से एडीएम नाराज, अमीनों का स्पष्टीकरण लेने के निर्देश

शाह टाइम्स संवाददाता

उत्तरकाशी 19, मई : जिलाधिकारी डॉ.मेहरबान सिंह बिष्ट के निर्देश के क्रम में अपर जिलाधिकारी पीएल शाह की अध्यक्षता में सोमवार को एनआईसी कक्ष में राजस्व विभाग एवं स्टाफ बैठक आयोजित हुई। राजकीय देयकों की समीक्षा करते हुए अपर जिलाधिकारी ने मुख्य एवं विविध देयकों की कम प्रगति होने पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए एसडीएम को सम्बंधित अमीनों का स्पष्टीकरण लेने के निर्देश देते हुए अगली बैठक में वसूली में अपेक्षित प्रगति लाने को कहा। उन्होंने संबंधित तहसीलदारों को अमीनों के साथ नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए। बैठक में व्यापार कर,विद्युत,बैंक देय,मोटर देय एवं बड़े बकायदारों की स्थिति के साथ-साथ



राजस्व वादों की गहन समीक्षा की गई।

अपर जिलाधिकारी ने जल कर,विद्युत एवं अन्य देयकों की कम प्रगति को लेकर संबंधित अधिकारियों को इसमें तेजी लाने के निर्देश दिए। बड़े बकायदारों के खिलाफ चल रही कुर्की एवं आरसी की कार्यवाही में तेजी लाने के साथ ही उनके बैंक खाते एवं अचल संपत्ति को सीज करने की प्रक्रिया को सुनिश्चित करने पर भी बल दिया।

अपर जिलाधिकारी ने लंबित सेवा. निवृत्त कार्मिकों के पेंशन प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण को अत्यंत आवश्यक बताते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान परिवहन,खनन सहित अन्य विभागों की भी गहन समीक्षा की गई एवं जरूरी दिशा-निर्देश दिए।

राज्य आंदोलनकारियों की पेंशन संबंधी प्रकरणों पर विशेष ध्यान देते हुए अपर जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि आंदोलनकारियों के पेंशन भुगतान कोषागार के माध्यम से किया जाना है। इसलिए तहसील स्तर पर लंबित सत्यापन प्रक्रिया को त्वरित गति से पूर्ण किया जाए,ताकि आंदोलनकारियों को समय से पेंशन भुगतान की कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।बैठक में एसडीएम भटवाड़ी शालिनी नेगी,वरिष्ठ कोषाधिकारी शिवेंद्र कुमार,जिला खान अधिकारी प्रदीप कुमार,जिला आबकारी अधिकारी संजय कुमार,एआरटीओ रत्नाकर सिंह समेत राजस्व से जुड़े अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# काफलपानी में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई टिहरी।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से सोमवार को थौलधार ब्लॉक स्थित राजकीय इंटर कॉलेज काफलपानी में छात्र-छात्राओं के लिए विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य युवाओं को कानून संबंधी जानकारी देकर उन्हें उनके अधिकारों और जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करना था। प्राधिकरण के सचिव आलोक राम त्रिपाठी ने छात्रों को बाल विवाह, बाल श्रम, बच्चों के विधिक अधिकारों और समाज कल्याण विभाग द्वारा विकलांग व्यक्तियों को दी जाने वाली पेंशन योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने मानव तस्करी और यौन शोषण पीड़ितों के लिए उपलब्ध विधिक सहायता योजनाओं के बारे में भी बताया। इसके साथ ही, 'सुरक्षित दवा, सुरक्षित जीवन' अभियान की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए उन्होंने छात्रों को दवाओं के सुरक्षित उपयोग के प्रति सतर्क रहने की सलाह दी।

शिविर में उन्होंने वाहन दुर्घटनाओं को रोकने के उपायों पर भी चर्चा की और छात्रों से सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने का आग्रह किया। अधिवक्ता राजपाल सिंह मियां ने प्राधिकरण के उद्देश्यों की विस्तृत जानकारी देते हुए साइबर क्राइम, सोशल मीडिया के दुरुपयोग और आईटी एक्ट से जुड़े कानूनी प्रावधानों पर प्रकाश डाला।

# जन समस्याओं के निस्तारण में ढिलाई बर्दाश्त नहीं: जिलाधिकारी

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रप्रयाग।** विकासभवन सभागार में जिलाधिकारी सौरभ गहरवार की अध्यक्षता में जनता मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न विभागों से जुड़ी 25 शिकायतें दर्ज की गई। इनमें 11 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया।

इस अवसर पर डीएम डॉ गहरवार ने कहा कि जनता की शिकायतों का समय से समाधान किया जाए। शिकायतों का स्थलीय निरीक्षण भी करें और निर्धारित समय के भीतर समाधान किया जाए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि किसी अधिकारी ने किसी भी प्रकार की ढिलाई बरती तो उनके विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि किसी भी आम जनमानस के साथ कर्मचारी की कोई समस्या या भुगतान संबंधित



प्रकरण लंबित होने पर संवेदनशीलता के साथ निस्तारण किया जाए, ताकि संबंधित को त्वरित लाभ मिल सके।

जनता मिलन में ग्रामीणों ने खांकरा-दैजीमांडा-पौड़ीखाल से लिंक रोड रामपुर में मोटर मार्ग निर्माण के दौरान क्षतिग्रस्त हुए खेतों का मुआवजे की मांग उठाई। बांसी निवासी देवेंद्र सिंह ने बताया कि मनरेगा के तहत बनाई गई सुरक्षा दीवार के क्षतिग्रस्त होने से उनके आवासीय भवन को खतरा उत्पन्न हो गया है। उन्होंने सुरक्षा दीवार के पुनर्निर्माण की मांग की। स्यूंड गांव के प्रकाश चंद्र सेमवाल ने विद्युत ट्रांसफॉर्मर के एक फेज बंद होने से सोलर उत्पादन की क्षमता प्रभावित होने की समस्या से अवगत कराया। गडमिल निवासी दशरथ बुटोला ने कहा कि आने वाले दिनों में बरसात का मौसम शुरू होने वाला है। उन्होंने विद्युत लाइनों से सटे हुए वृक्षों की लॉपिंग करने की मांग उठाई। जखनोली गांव के राजपाल सिंह रावत ने मयाली-गुप्तकाशी मोटर मार्ग से जखनोली में हो रहे भूस्खलन से उनके आवासीय भवन व गौशाला को उत्पन्न हुए खतरे की समस्या से अवगत कराया। फलई के मासंतू लाल ने शिकायत दर्ज करते हुए कहा कि उनकी प्रधानमंत्री सम्मान निधि की राशि किसी अन्य व्यक्ति के खाते में हस्तांतरित हो रही है। जिस पर उन्होंने आवश्यक कार्यवाही करने की मांग की।

पिपली निवासी पान सिंह ने पुत्री के विवाह को लेकर आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि जन संवाद कार्यक्रम में प्राप्त शिकायतों को सभी अधिकारी गंभीरता से लें तथा समयबद्धता के साथ उनका निस्तारण करें।

जनता मिलन कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री पोर्टल पर दर्ज शिकायतों की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने बताया कि एल-1 स्तर पर 177 और एल-2 स्तर पर 38 शिकायतें लंबित हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन सभी शिकायतों का शीघ्र निस्तारण किया जाए और किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। इस अवसर पर उप वन संरक्षक रुद्रप्रयाग कल्याणी, मुख्य विकास अधिकारी डॉ. जीएस खाती, उपजिलाधिकारी रुद्रप्रयाग आशीष घिल्डियाल, जखोली भगत सिंह फोनिया, ऊखीमठ अनिल कुमार शुक्ला, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रामप्रकाश, पुलिस उपाधीक्षक प्रबोध कुमार घिल्डियाल, अधिशासी अभियंता ग्रामीण निर्माण विभाग मीनल गुलाटी, जिला कार्यक्रम अधिकारी अखिलेश मिश्रा, जिला पूर्ति अधिकारी केएस कोहली, प्रभारी शिकायत प्रकोष्ठ विनोद कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादी मौजूद थे।

# कोट गांव की महिलाओं ने सीखे हर्बल उत्पाद के तरीके

**रुद्रप्रयाग।** ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के तत्वाधान में कोट गांव में चल रहा 12 दिवसीय प्रशिक्षण संपंन हो गया है। प्रशिक्षण में महिलाओं ने हर्बल उत्पाद बनाने के गुर सीखे। प्रशिक्षण में कुल 33 महिलाओं ने प्रतिभाग किया। अगस्त्यमुनि ब्लॉक के कोट गांव में आयोजित 12 दिवसीय प्रशिक्षण में महिलाओं को होममेड अगरबत्ती के साथ हर्बल धूप, तोरण, दीये, मूर्तियां आदि घरेलू उत्पादों के निर्माण का प्रशिक्षण दिया गया। महिलाओं ने स्थानीय उत्पाद जैसे गुलाब, तुलसी, पंया, सौम्या, बद्री गाय के गोबर, आदि से उत्पाद तैयार किए।प्रशिक्षण के समापन अवसर पर पहुंचे मुख्य अतिथि विधायक भरत चौधरी ने कहा कि ग्रामीण महिलाएं पहाड़ की रीध्ढ़ हैं।

# वित्त आयोग ने सराहा राज्य सरकार का वित्तीय प्रबंधन

## विकासशील राज्य में संतुलित राजकोषीय घाटा बुरी स्थिति नहीं: आयोग

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** उत्तराखंड के दौरे पर आए 16 वें वित्त आयोग ने उत्तराखंड के वित्तीय प्रबंधन को सराहा है। आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगढ़िया ने कहा कि किसी भी विकासशील राज्य में यदि संतुलित राजकोषीय घाटा है, तो यह बुरी स्थिति नहीं है। हां, यह घाटा ज्यादा ना होने पाए, इसका ध्यान रखना जरूरी है। उन्होंने कहा-वित्तीय चुनौतियों को लेकर उत्तराखंड जागरूक है और सही तरीके से काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य अपनी आमदनी को बढ़ाने के लिए प्रयासरत है। इसमें बढ़ोत्तरी की पूरी संभावना है।



■ उत्तराखंड वित्तीय चुनौतियों को लेकर जागरूक: डॉ. पनगढ़िया, आयोग ने कहा- आय बढ़ाने के लिए प्रयास कर रहा है राज्य, सचिवालय मीडिया सेंटर में आयोग अध्यक्ष ने की प्रेस वार्ता

सचिवालय स्थित मीडिया सेंटर में सोमवार को पत्रकारों से बातचीत में डॉ. पनगढ़िया ने कहा कि उत्तराखंड की प्रति व्यक्ति आय अच्छी है। यह राष्ट्रीय औसत से अधिक है। इसको और बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि आज तक जितने आयोग बने हैं, उन्होंने हिमालयी राज्यों की विशिष्ट भौगोलिक स्थितियों को ध्यान में रखते हुए व्यवस्थाएं की हैं। उन्होंने केंद्र और राज्यों के बीच कर बंटवारे की व्यवस्था को विस्तार से समझाया। उन्होंने कहा कि संवैधानिक व्यवस्था और आवश्यकताओं के अनुरूप कर से प्राप्त आय केंद्र और राज्यों के बीच विभाजित करने के लिए वित्त आयोग विधि और सूत्र निर्धारित करता है।

डॉ. पनगढ़िया ने कहा कि केंद्र व राज्यों के बीच कर विभाजन के लिए आयोग ने जो सूत्र प्रस्तुत किया है, उसमें राजस्व हिस्सेदारी के निर्धारण के लिए पैमाने तय किए गए हैं। जनसांख्यिकी प्रदर्शन (कम प्रजनन दर के आधार पर) को 12.5 प्रतिशत, आय के अंतर को 45 प्रतिशत, जनसंख्या व क्षेत्रफल प्रत्येक के लिए 15 प्रतिशत, वन एवं पारिस्थितिकी के लिए दस प्रतिशत, कर एवं राजकोषीय प्रबंधन को 2.5 प्रतिशत रखा गया है।

एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि स्थानीय निकायों और पंचायतों के विकास के लिए बजट आवंटन के दौरान पूरा ध्यान रखा जाता है। यह राज्यों पर भी निर्भर करता है कि वह अवमुक्त बजट के हिसाब से कैसे काम करते हैं।

# जोशी ने किया पेयजल आपूर्ति की ट्यूबवेल निर्माण कार्य का शुभारंभ

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने देहरादून के वार्ड 10 डोभालवाला में कालीदास रोड स्थित इन्द्र विहार में रुपये 01 करोड़ 88 लाख की लागत से नलकूप निर्माण एवं तत्सम्बन्धी कार्यो का भूमि पूजन कर कार्य प्रारम्भ किया।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि इंद्र विहार एवं निकटवर्ती क्षेत्र में लंबे समय से जल संकट की समस्या सामने आ रही थी, जिसे ध्यान में रखते हुए इस नलकूप का निर्माण कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जनता को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है और इसी क्रम में क्षेत्रवासियों को स्वच्छ और निर्बाध जल आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह नलकूप निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया है।



■ देहरादून के वार्ड 10 डोभालवाला के इन्द्र विहार में 188 लाख की लागत से निर्मित होगा नलकूप

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्य को तय समय सीमा के भीतर पूर्ण किया जाए, ताकि जनता को शीघ्र लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि धामी सरकार जिन योजनाओं का शिलान्यास करती है, उनका लोकार्पण भी करती है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि यह नलकूप निर्माण क्षेत्रीय जलापूर्ति व्यवस्था को सुदृढ़ करेगा और स्थानीय निवासियों को राहत प्रदान करेगा।

इस अवसर पर भाजपा मण्डल अध्यक्ष प्रदीप रावत, पार्षद मोहन बहुगुणा, डा एनएल अमोली, हेमराज, अजय कुमार, सुशील नैनवाल, सुनील कुमार, जलसंस्थान के अधिशासी अभियंता आशीष भट्ट सहित कई क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# सर्वोच्च प्राथमिकता से जन शिकायतों का करें निस्तारण: सीडीओ

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में सभागार कलेक्ट्रेट में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह की अध्यक्षता में जनता दर्शन, जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया।। जनता दर्शन में 145 अधिकतर शिकायतें भूमि सम्बन्धी प्राप्त हुई। इसके अतिरिक्त आपसी विवाद, आर्थिक, सहायता, सफाई, पेयजल, राशन कार्ड बनाने, पुश्ता लगवाने, ऋण माफ, पेंशन, आदि से सम्बन्धित प्राप्त हुई।

मुख्य विकास अधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता दर्शन कार्यक्रम में प्राप्त हो रही शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण करें, जिन शिकायतों पर जांच समय लग रहा है उससे सम्बन्धित शिकायतकर्ताओं को भी अवगत करा दिया जाए। उन्होंने सरकारी भूमि पर अतिक्रमण तथा अवैध कब्जों की शिकायत पर सम्बन्धित उप जिलाधिकारियों सहित नगर निगम अपनी भूमि को कब्जामुक्त करने के निर्देश दिए। साथ ही निर्देशित किया कि भूमि सीमांकन के जैसी शिकायतों पर मौका मुआवना कर कार्यवाही त्वरित कार्यवाही करें। जनता दर्शन में आज तहसील विकासनगर अन्तर्गत ग्राम सिमोग कोटी कालोनी वासियों द्वारा शिकायत की गई कि व्यासनहरी में सरकारी भूमि, नदी खाते की भूमि पर अतिक्रमण किया जा रहा है।जिस पर एसडीएम विकासनगर को कार्यवाही के निर्देश दिए। मौहल्ला कल्याण समिति तेगबहादुर रोड शिकायत की गई कि तेगबहादुर रोड पर सार्वजनिक भूमि पर अनाधिकृत कब्जा किया जा रहा है, जिस पर एएसडीएम सदर को आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

ग्राम नवादा में विवादित भूमि पर वैडिंग प्वांईट निर्माण होने तथा फलदार वृक्ष काटकर प्लाटिंग की शिकायत की गई जिस पर मुख्य उद्यान अधिकारी एवं तहसीलदार सदर को जांच कर आख्या प्रस्तुत करने को निर्देशित किया।

विकासखण्ड रायपुर के ग्राम पंचायत अपर तलाई निवासी कैलाश कुकरेती द्वारा शिकायत करते हुए बताया कि लोनिवि की सड़क निर्माण के दौरान उनकी भूमि पर मलबा डाल दिया। जिससे सिंचाई नहर तथा पानी के स्त्रोत टैंक क्षतिग्रस्त कर दिए गए, जिस पर अधिशासी अभियंता लोनिवि ऋषिकेश को आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व के.के मिश्रा, संयुक्त मजिस्ट्रेट हर्षिता सिंह, उप नगर आयुक्त गोपाल राम बिनवाल, उप जिलाधिकारी मुख्यालय अपूर्वा सिंह, जिला विकास अधिकारी सुनील कुमार, अधिशासी अभियंता लोनिवि जितेन्द्र त्रिपाठी उपस्थित रहे।

## 21 मई से 9 जून तक लगेंगे यूसीसी पंजीकरण के विशेष शिविर

**देहरादून।** उत्तराखण्ड शासन गृह अनुभाग-5 द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार राज्य में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के तहत विभिन्न श्रेणियों के अन्तर्गत यूसीसी पोर्टल पर पंजीकरण कराया जाना है। इस महत्वपूर्ण कार्य को युद्धस्तर पर सम्पादित कराये जाने के लिये नगर निगम देहरादून के समस्त वार्डो में विशेष शिविरों का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। डीएम ने नगर निगम देहरादून क्षेत्रान्तर्गत यूसीसी पोर्टल पर नियमानुसार अनिवार्य पंजीकरण सुनिश्चित किये जाने के लिये मुख्य नगर स्वास्थ्य अधिकारी, नगर निगम, देहरादून को नोडल अधिकारी नामित किया है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि नगर निगम देहरादून के प्रत्येक वार्ड में नामित पर्यवेक्षक यू०सी०सी पोर्टल पर पंजीकरण के लिये सीएससी के साथ समन्वय स्थापित कर स्थान चिन्हित करते हुये निर्धारित तिथि को समय पर पंजीकरण शिविर के लिये समस्त आवश्यक व्यवस्थायें करना सुनिश्चित करेंगे। निर्धारित तिथियों में शिविरों के आयोजन एवं पंजीकरण के लिये वांछित अभिलेखों के सम्बन्ध में में सम्बन्धित वार्ड में शिविर से पूर्व ही व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाये।

## अनुज रतूडी को सौंपा मंडल उपाध्यक्ष का दायित्व

**विकासनगर।** भारतीय जनता पार्टी सहसपुर मंडल में अनुज रतूड़ी को मंडल उपाध्यक्ष का दायित्व सौंपे जाने पर सुद्धोवाला कैंप कार्यालय में जाकर रतूड़ी ने सहसपुर विधायक सहदेव सिंह पुंडीर व जिलाध्यक्ष मीता सिंह का आभार व्यक्त किया। अनुज रतूड़ी ने कहा कि वे संगठन की रीति नीति को जन जन तक पहुंचाने के लिए तन मन धन से कार्य करेंगे। मनोनयन पर विधायक सहसपुर सहदेव पुंडीर, जिला अध्यक्ष भाजपा मीता सिंह, मंडल अध्यक्ष सहसपुर सिद्धार्थ, यशपाल नेगी, क्षेत्र पंचायत सदस्य खघ्मेलता नेगी, मोहित राणा, धीरज रावत, नरेश टम्टा, मोहित राणा, दीपक ठाकुर, विनोद सजवान, ताहिर व धीरज रावत और भाजपा कार्यकताओं ने अनुज रतूड़ी को शुभकामनाएं प्रेषित की।

## एक नजर .......

### सटीक रणनीति से सहसपुर पुलिस के चक्रव्यूह में फंसा नशा तस्कर

**सहसपुर।** भारी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ (स्मैक) के साथ 1 नशा तस्कर को सहसपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार। पुलिस ने आरोपी के पास से 31 लाख रूपये की 104. 2 ग्राम स्मैक बरामद की। स्मैक की कीमत पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया। जहां से पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी शहबाज पुत्र सलीम निवासी गाडा रोड अस्पताल के पास, मिर्जापुर, सहारनपुर, उ0प्र0, सहारनपुर से खरीदकर लाया था अवैध स्मैक। विकासनगर क्षेत्र में महिला नशा तस्कर के साथ मिलकर डिमाण्ड के हिसाब से नशे के आदि व्यक्तियों को स्मैक उपलब्ध कराता था। पूछताछ में आरोपी शहबाज द्वारा बताया गया कि स्मैक को वह मिर्जापुर सहारनपुर के रहने वाले वांछित जिशान नाम के व्यक्ति से सस्ते दामों में खरीदकर लाया था तथा जिसे वह कुंजा ग्रांट के रहने वाली वांछित हसीबा उर्फ माडी पत्नी तसव्वर उर्फ भुरा, निवासी कुरैशी मोहल्ला कुंजा ग्रान्ट, विकासनगर को देने जा रहा था, जिसके साथ मिलकर आरोपी नशे के आदि व्यक्तियों को उक्त स्मैक को ऊँचे दामो में बेचता था। पुलिस टीम में निरीक्षक शंकर सिह बिष्ट, प्रभारी थाना सहसपुर, एसएसआई विकास रावत, एसआई विवेक राठी, चौकी प्रभारी धर्मावाला, सिपाही सुरेश रावत, संदीप कुमार, मनदीप शामिल रहे।

### विभाग प्रचारक धनन्जय ने विद्यार्थियों का किया मार्गदर्शन

**विकासनगर।** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज डाकपत्थर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ देहरादून विभाग के विभाग प्रचारक धनंजय द्वारा वंदना सत्र में छात्र छात्राओं का मार्गदर्शन किया गया, इससे पहले कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्रधानाचार्य अनुसूया प्रसाद जखमोला, विभाग प्रचारक धनंजय और विभाग कार्यवाह देहरादून विभाग रविंद्र चौहान द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। विभाग प्रचारक धनंजय द्वारा छात्र छात्राओं को विद्या भारती द्वारा पंच परिवर्तनों की विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई, पंच परिवर्तनों में सामाजिक समरसता परिवार प्रबोधन नागरिक कर्तव्य स्वयं का बोध और पर्यावरण इन सभी बिंदुओं पर विभाग प्रचारक द्वारा प्रकाश डाला गया और विद्यार्थिये को उनके कर्तव्यों और कैसे जीवन में अनुशासन का पालन करके वह सफल हो सकते हैं पर विस्तार पूर्वक समझाया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की कन्या भारती की अध्यक्षा वंशिका जोशी ने किया।इस अवसर पर विभाग कार्यवाह रविंद्र चौहान, विद्यालय के भौतिक प्रवक्ता कमलेश सिलोडी, समस्त आचार्य अवधेश, तपेंद्र, चंदन, कमलेश, दिवाकर, अनिल, धन सिंह, विशाल, फकीर, मुकेश, शकुंतला, शीतल, पूजा, शिवानी, रिंकी, विजेता, रेनू, निर्मला, इशू आदि उपस्थित रहे।

### मानथात पीएचसी में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता पर हुआ मंथन

**चकराता।** तहसील चकराता के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मानथात में सोमवार को समस्त पीएचसी स्टाफ की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता केंद्र प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. मयंक भट्ट ने की। इस दौरान उपकेंद्र मानथात, लाखामंडल व कांण्डोई-बौन्दूर से सीएचओ, एएनएम, आशा कार्यकर्ता, वार्ड बॉय व दाई सहित समस्त स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।बैठक में गैर संचारी रोगों जैसे उच्च रक्तचाप (बीपी) और मधुमेह (शुगर) के मरीजों की पहचान व उनका प्राथमिक स्तर पर उपचार सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। डॉ. मयंक ने कहा कि कैंसर जैसे गंभीर रोगों की समय पर स्क्रीनिंग और इलाज जीवन बचा सकता है।

### अहिल्याबाई होल्कर की जयंती मनाई

**विकासनगर।** अहिल्याबाई होल्कर जी की 300वी जयंती के निमित्त जिला देहरादून ग्रामीण की कार्ययोजना बैठक सोमवार को विकासनगर में जिला अध्यक्ष मीता सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में कार्यक्रम जिला संयोजक अमित डबराल ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने काशी विश्वनाथ कॉरिडोर में उनकी प्रतिमा स्थापित करके उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि पुण्य श्लोक अहिल्याबाई होल्कर काशी विश्वनाथ से लेकर के सोमनाथ तक कितने मंदिरों का जिर्णोद्धार द्वारा कराया। प्राचीनता और आधुनिकता का जो संगम उनके जीवन में था आज देश उसे आदर्श मानकर आगे बढ़ रहा है। डबराल ने कहा कि भाजपा 31 मई के बीच देश के सभी जिलों में वृद्ध स्तर पर पुण्य श्लोक अहिल्याबाई होल्कर की 300 हुई जयंती मनाने का निर्णय लिया है। इस अवसर पर सहसंयोजक कृष्णा तोमर, संजय तोमर, नगर पालिका अध्यक्ष नीरू देवी, सन्तोष रावत, विनोद कश्यप व मंडल अध्यक्ष मंडल महामंत्री जिला कार्यकारिणी मोर्चे के जिला अध्यक्ष आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सरकारी धन घोटाले मामले में आईजी ने दिए निस्तारण के निर्देश



शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** पुलिस महानिरीक्षक गढ़वाल परिक्षेत्र राजीव स्वरूप द्वारा उप्र राजकीय निर्माण निगम से थाना नेहरु कॉलोनी में दर्ज मुकदमो की विवेचना के लिये गठित विशेष जांच दल के सदस्यों के साथ बैठक की गई। जनपद देहरादून में उप्र राजकीय निर्माण निगम द्वारा कार्यदायी संस्था के रुप में विभिन्न सरकारी निर्माण कार्यों में राजकीय धन का दुरुपयोग एवं धोखाधड़ी कर सरकारी धन का भारी गबन करने के सम्बन्ध में जनपद देहरादून में पंजीकृत अभियोगों की विवेचना के लिये परिक्षेत्र स्तर पर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण में गठित जांच दल के साथ गोष्ठी कर विवेचनाओं के सफल निस्तारण के लिये सभी विवेचकों को पुलिस महा. निरीक्षक गढ़वाल परिक्षेत्र द्वारा आवश्यक निर्देश दिये गये।

## शपथ ग्रहण समारोह का हुआ आयोजन

**विकासनगर।** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज बाबूगढ़ विकासनगर में नव निर्वाचित छात्र सांसद, कन्या भारती, शिशु भारती के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर 150 सांसद ने शपथ ली जिसमें छात्र सांसद सुजल न्यायधीश, आशु उपन्यायधीश, आयुष प्रधानमंत्री, रिषभ डिमरी उप प्रधानमंत्री, हिमांशु जोशी सेनापति, सार्थक गौड़ उप सेनापति, कन्या भारती प्रिया कोहली न्यायाधीश, कनक उपन्यादिश, स्नेहा तोमर प्रधानमंत्री, आरती खत्री उप प्रधानमंत्री, अंबिका सेनापति, अनुष्का उपसेनापति, शिशु भारती अध्यक्ष आशिका, उपाध्यक्ष रामेश्वर भंडारी, मंत्री उज्जवल कुमार, उपमंत्री रजत, सेनापति प्रणव कवि, उप सेनापति तेजस्वी चौधरी आये हुए अतिथियों के द्वारा सभी पदाधिकारी को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई गई।

# आईटीबीपी का छह दिवसीय योग शिविर शुरू

शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता

**देहरादून।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का पांच दिवसीय योगाभ्यास शिविर आईटीबीपी कैम्पस सीमाद्वार देहरादून में सोमवार से जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. जीसीएस जंगपांगी व अपर जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. सविता कोठियाल, संजय कुमार गुंज्याल (आईजी) की उपस्थिति में आरंभ किया गया जो 24 मई तक चलेगा।

मीडिया प्रभारी डॉ. डीसी पसबोला ने जानकारी देते हुए बताया गया कि जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी देहरादून डॉ. जीसीएस जंगपांगी की और से आदेश जारी कर दिए गए थे तथा महानिरीक्षक, आईटीबीपी ने भी कार्यक्रम का अनुमा.



दन कर दिया है। सभी अधिकारियों, कर्मचारियों व आईटीबीपी के जवानों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में जुड़ने तथा दूसरों को जोड़ने की अपेक्षा की गयी है।

कार्यक्रम का नोडल अधिकारी डॉ. सुगम तिवारी को बनाया गया है। टीम में डॉ. प्रतिभा बलोदी, विजय सेमवाल, सुशील बलोदी और योग अनुदेशकों मोनिका एवं सुमित को शामिल किया गया है। कार्यक्रम में डॉ. एचएम त्रिपाठी तथा डॉ. राकेश जोशी का भी विशेष सहयोग रहा।

योग शिविर में आईटीबीपी के सतीश कुमार, अरविन्द, विपिन मिश्रा, देवेन्दर सिंह सहित 20 से अधिक अधिकारियों व 300 से अधिक आईटीबीपी जवानों के ने योग का अभ्यास किया, साथ ही मनु महाराज (डीआईजी) व विशाल आनंद (डीआईजी) का भी विशेष सहयोग रहा।

# शिविर में 28 युवाओं ने किया रक्तदान

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** जिला रेडक्रॉस सोसायटी के तत्वावधान में यूथ रेडक्रास कमेटी की और से रायपुर स्थित समर्पित संस्था विकसित जीवन के प्रांगण में महंत इंदिरेश हॉस्पिटल ब्लड बैंक के सहयोग से आयोजित रक्तदान शिविर एवं सम्मान समारोह में कुल 28 ग्रामीण युवाओं ने रक्तदान किया। इस अवसर पर यूथ रेडक्रास के अनिल वर्मा को विकसित जीवन-रक्त भूषण अवार्ड से सम्मानित किया गया।

साथ ही डॉ. एम एस अंसारी, कल्पना बिष्ट, मोहन सिंह खत्री, विकास कुमार व मेजर प्रेमलता वर्मा को विक. सित जीवन सम्मान से नवाजा गया।

शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला रेडक्रास कमेटी के चेयरमैन डॉ. एमएस अंसारी, विशिष्ट अतिथियों राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त सचिव कल्पना



■ रेडक्रॉस के डॉ. अनिल वर्मा को विकसित जीवन-रक्त भूषण अवार्ड

बिष्ट, यूथ रेडक्रास के डॉ. अनिल वर्मा, मैनेजिंग कमेटी सदस्य व समा. जसेवी मोहन सिंह खत्री, सदस्य एवं ट्रैवल पैराडाइज प्रा.लि. के मैनेजिंग डायरेक्टर विकास कुमार, मेजर प्रेमलता वर्मा, ब्लड बैंक समन्वयक मोहित चावला, शिविर अध्यक्ष व विकसित जीवन संस्था के निदेशक आकाश थॉमस व केंद्र प्रभारी नवीन सहोत्रा ने फीता काट कर किया।इस मौके पर संस्था के निदेशक आकाश थॉमस, प्रभारी नवीन सहोत्रा, ब्लड बैंक मेडिकल ऑफिसर अपूर्वा भट्टाचार्जी, को-आर्डिनेटर मोहित चावला को शाल ओढ़ाकर तथा प्रतीक चिन्ह प्रदान करके सम्मानित किया गया।

## समारोह में कई पत्रकार हुए सम्मानित

**विकासनगर।** देवऋषि नारद जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जिला विकासनगर की ओर से हनुमद्धाम में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें वक्ताओं ने देवऋषि नारद के विराट स्वरूप एवं ज्ञान रूपी वाणी पर प्रकाश डाला। समारोह में आरएसएस के पदाधिकारियों ने पछवादून प्रेस क्लब से जुड़े विभिन्न मीडिया संस्थान के वरिष्ठ पत्रकारों को देवऋषि नारद सम्मान से पुरस्कृत किया।विकासनगर स्थित हनुमद्धाम में आरएसएस की ओर से देवऋषि नारद जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि पछवादून प्रेस क्लब के अध्यक्ष चंदराम राजगुरु, विभाग प्रचार प्रमुख गजेन्द्र खंडूरी, वरिष्ठ साहित्यकार हेमचंद्र सकलानी व हनुमद्धाम समिति के अध्यक्ष विष्णु महावर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

# 24 वर्षों में मात्र 1700 आंदोलनकारियों को ही मिली नौकरी: प्रताप

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** उत्तराखंड के 12 हजार चिन्हित राज्य निर्माण आंदोलनकारी की ओर से चिन्हित राज्य आंदोलनक. ारी संयुक्त समिति के केंद्रीय मुख्य संरक्षक और उत्तराखंड कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप ने प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से आग्रह किया है कि प्रदेश सरकार की और से राज्य आंदोलनकारियों के हक में प्रदत्त 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण की हर हाल में रक्षा की जानी चाहिए।

प्रताप ने कहा है कि आज उत्तराखंड अपनी स्थापना की रजत जयंती वर्ष मना रहा है। बीते 24 वर्षो में उत्तराखंड सरकार ने लाखों लाख लाखों गैर उत्तराखण्डियों को उत्तराखंड का स्थाई निवासी बनाकर सभी श्रेणी की

■ आंदोलनकारियों की नौकरी को लेकर धीरेंद्र ने की सरकार से मार्मिक अपील

नौकरियों में स्थापित होने के बेशुमार मौके प्रदान किए। लेकिन बीते 24 वर्षो में मात्र 1700 आंदोलनकारियों को ही सरकार विभिन्न विभागों में नौकरियां प्रदान कर पाई है। धीरेंद्र प्रताप ने कहा कि मुख्यमंत्री को इस पूरे प्रकरण पर संज्ञान लेना चाहिए, तथा आवश्यक दखल देनी चाहिए। अभी भी हमारे राज्य आंदोलनकारी परिवार 10 प्रतिशत आरक्षण धरातल पर विधिवत लागू न हो पाने के कारण सरकारी नौकरियों से कोसों दूर है।

# शाह को तत्काल मंत्री पद से बर्खास्त करे मध्य प्रदेश सरकार: रौतेला

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** उत्तराखण्ड प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष ज्योति रौतेला ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार के मंत्री विजय शाह की और से सेना अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी पर की गई आपत्तिजनक, अमर्यादित और महिला विरोधी टिप्पणी की कडेध शब्दों में निदा करती है। उन्होंने कहा यह बयान न सिर्फ महिलाओं की गरिमा पर सीधा हमला है, बल्कि देश की सेना और उन महिलाओं का भी अपमान है जिन्होंने राष्ट्र सेवा में अपना जीवन समर्पित किया हैं। उन्होंने कहा कर्नल सोफिया कुरैशी, जो एक सम्मानित सैन्य अधिकारी है, उनके विरूद्व मंत्री विजय शाह की टिप्पणी में छिपी मानसिकता भाजपा सरकार की महिला विरोधी सोच को उजागर करती है। उन्होंने कहा कि महिला

■ मंत्री विजय का बयान महिलाओं की गरिमा पर सीधा हमला

कांग्रेस स्पष्ट रूप से मांग करती है कि मुख्यमंत्री मोहन यादव, विजय शाह को तुरन्त मंत्री पद से बर्खास्त करे और उनके खिलाफ तत्काल कानूनी कार्यवाही की जाए।ज्योति रौतेला ने कहा कि हम मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय और भारत के सर्वोच्च न्यायालय का आभार प्रकट करते है जिन्होंने इस मामले से संज्ञान लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए हैं। यह न्यायपालिका के प्रति विश्वास को और भी मजबूत करता है ओर यह दिखाता है कि कानून औ संविधान के ऊपर कोई नही है, चाहे वह किसी भी पद पर क्यों ना हो।

## कवि नाथी राम ने कविता के जरिए पाकिस्तान की उड़ाई धज्जियां

**विकासनगर।** श्री गुरु राम राय इंटर कालेज सहसपुर में प्रार्थना सभा में कवि नाथी राम देहाती तथा मदन पाल बिरला को विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ रविन्द्र सैनी ने शाल ओढाकर और माला पहनाकर स्वागत और सम्मान किया। कवि नाथी राम देहाती ने भारत-पाकिस्तान के आज कल के हालात के ऊपर बहुत सुन्दर कविता सुनाई। इस कविता को सुनकर छात्र छात्राओं के साथ सभी शिक्षक झूम उठे। उन्होंने भारत को पाकिस्तान का बाप बताते हुए कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था, हथियारों, सैन्य शक्ति के आगे पाकिस्तान कहीं नही टिकता। भारत ने 1965 के युद्ध में भी पाकिस्तान को बुरी तरह पीटा था। इस प्रकार नाथी राम देहाती ने अपनी कविता में पाकिस्तान की धज्जियां उड़ा कर रख दीं। इससे छात्र छात्राओं का खूब मनोरंजन भी हुआ।

# लाखों की अवैध स्मैक के साथ तीन नशा तस्कर गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** अलग-अलग थाना क्षेत्र में लाखों रुपए कीमत की नशा सामग्री के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेजा।

एसएसपी अजय सिंह की सटीक रणनीति से दून पुलिस के चक्रव्यूह में नशे की दुनिया में कारोबार करने वाले तस्कर फास्ट नजर आ रहे हैं जिसके चलते दून पुलिस ने अलग-अलग थाना क्षेत्र में लाखों की अवैध स्मैक के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार कर उन्हें सलाखों के पीछे भेजा। पुलिस सूत्रों के अनुसार चेकिंग के दौरान सहसपुर पुलिस ने एक तस्कर को उसे वक्त धर दबोचा जब उसके कब्जे से 31 लाख रुपए कीमत की 104.02 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई।

पकड़े के नशा तस्कर का नाम शहबाज पुत्र सलीम निवासी गाडा रोड मिर्जापुर सहारनपुर का बताया गया है।



पूछताछ में पता चला है कि स्मैक को वह मिर्जापुर सहारनपुर के रहने वाले जिशान नाम के व्यक्ति से सस्ते दामों में खरीदकर लाया था जिसे वह कुंजा ग्रांट के रहने वाली हसीबा उर्फ माडी पत्नी तसव्वर उर्फ भुरा निवासी कुरैशी मोहल्ला कुंजा ग्रान्ट विकासनगर को देने जा रहा था।जिसके साथ मिलकर आरोपी तस्कर नशे के आदि व्यक्तियों को उक्त स्मैक को ऊँचे दामो में बेचता था। वहीं दूसरी और नेहरू कॉलोनी पुलिस ने चेकिंग के दौरान दो तस्करों अविनाश राठौर पुत्र ललता प्रसाद व प्रशान्त भारद्वाज पुत्र ललन भारद्वाज निवासी सी ब्लॉक रेसकोर्स, थाना नेहरु कॉलोनी को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 14.85 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई।

# कालसी पुलिस ने सत्यापन अभियान चलाकर काटा चालान



शाह टाइम्स संवाददाता

**कालसी।** थाना कालसी पुलिस ने कस्बा व्यास भूड, हरिपुर, सहिया कालसी में चलाया सत्यापन अभियान चलाकर उल्लंघन कर्ता 13 मकान मालिकों का किरायेदारों का सत्यापन न कराये जाने पर चालान 130000 रूपये का जुर्माना किया अध्यारोपित तथा 6 चालान 81 पुलिस अधिनियम में कर 1500 नगद वसूले गए।

सोमवार को थाना कालसी क्षेत्रान्तर्गत चारधाम यात्रा एवं आपराधिक घटनाओं की रोकथाम हेतु बाहरी व्यक्तियों, किरायेदारों के सत्यापन हेत टीमो का गठन कर सत्यापन अभियान चलाये जाने को एसपी देहात व सीओ विकासनगर के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी कालसी के निर्देशन पर थाना क्षेत्र में पुलिस की अलग अलग टीमें बनाकर थाना क्षेत्रांतर्गत व्यास भुड, हरिपुर, सहिया, कालसी क्षेत्र में निवासरत बाहरी व्यक्तियों एवं किरायेदोरों का सत्यापन अभियान चलाया गया।

उक्त अभियान के दौरान क्षेत्र में निवास कर रहे बाहरी व्यक्तियों किरायेदारों व संदिग्ध व्यक्तियों का सत्यापन किया गया।

# अफवाहों पर अंकुश लगाने में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका : डीएम



शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा आपदा प्रबंधन में मीडिया की भूमिका विषयक पर एक कार्यशाला का आयोजन मेला नियंत्रण भवन के सभागार में जिलाधिकारी कर्मेंद्र सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। जिलाधिकारी कर्मेंद्र सिंह ने कहा कि आपदा प्रबंधन में मीडिया की भूमिका विषय पर कार्यशाला आयोजन का मुख्य उद्देश्य आपदा से पहले, आपदा के दौरान व आपदा के बाद मीडिया एंव प्रशासन की भूमिका व कमियों के बारे चर्चा करना है।

उन्होंने कहा कि आपदा के दौरान सही जानकारी व समयबद्धता सबसे ज्यादा जरूरी है। उन्होंने कहा कि सही व सटीक जानकारियां जनता तक उपलब्ध कराने में समाचार पत्र, आउटलेट, रेडियो, टेलीविजन, आदि आपदा की प्रकृति, निकासी प्रक्रियाओं, सुरक्षा दिशा-निर्देशों, आपातकालीन संपर्क जानकारी और उपलब्ध संसाधनों के बारे में महत्वपूर्ण अपडेट प्रसारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और भ्रामक व गलत जानकारियों के खण्डन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विश्वसनीय जानकारी प्रदान करके, मीडिया व्यक्तियों को सूचित निर्णय लेने और खुद को और अपने समुदायों की सुरक्षा के लिए उचित कार्रवाई करने में मदद करता है साथ ही उन्होंने कह की आपदा प्रबंधन और मीडिया को आपसी समन्वय के साथ काम करना चाहिए। जिलाधिकारी कर्मेंद्र सिंह ने कहा कि आपदाओं के दौरान मीडिया की अत्यन्त महत्वपूर्ण भूमिका होती है, जिसमें से विशेष भूमिका है कि जनता को समय पर और सटीक जानकारी प्रदान करना। आपदा प्रबंधन अधिकारी मीरा रावत ने कार्यशाला के संचालन के दौरान राज्य में आपदा प्रबंधन कब लागू हुआ ,राज्य सलाहकार समिति में कौन कौन सदस्य है और आपदा प्रबंधन एक्ट के नियम एवं कानून के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

इस दौरान विभिन्न एनडीआरएफ ओर एसडीआरएफ विशेषज्ञों ने आपदा में मीडिया की भूमिका बचाव व किस तरह से विश्वसनीय जानकारियों से लोगों को भयभीत होने से बचाया जाये सहित विभिन्न मुद्दों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की। इस दौरान बड़ी संख्या में पत्रकार एवं छायाकार बन्धु उपस्थित थे।

# स्मैक तस्कर गिरफ्तार, 4.30 ग्राम स्मैक बरामद



शाह टाइम्स संवाददाता

**बहादराबाद।** थाना पुलिस ने स्मैक समेत एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। एसएसपी के निर्देश पर नशा तस्करी और बिक्री करने वालों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत थाना स्तर पर पुलिस टीमों का गठन भी किया गया है। इसी क्रम में बाजार चौकी प्रभारी बलवीर सिंह डोबाल ने सहयोगी पुलिसकर्मियों कांस्टेबल वीरेन्द्र सिंह चौहान व जयपाल सिंह के साथ नहर पटरी पर चेकिंग के दौरान शिवम सैनी पुत्र सुखवीर सिंह निवासी स्योहारा सफाकत थाना स्योहारा तहसील धामपुर जिला बिजनौर हाल निवासी देवनगर निकट कृपाल आश्रम सिडकुल को दबोच लिया। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से 4.30 ग्राम स्मैक और इलेक्ट्रॉनिक तराजू बरामद हुई। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

# चोरी की बाइक के साथ युवक दबोचा, चार बाइक बरामद



शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** ज्वालापुर कोतवाली पुलिस ने बाइक चोरी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से अलग-अलग स्थानों से चोरी की हुई 4 बाइक बरामद की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ज्वालापुर कोतवाली प्रभारी अमरजीत सिंह ने बातया कि बहादराबाद निवासी सुशील कुमार व भूपतवाला निवासी विकास कोरी द्वारा दर्ज कराए गए बाइक चोरी के मुकदमों की जांच पड़ताल के दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने आरोपी नमन पाल पुत्र उमेश पाल निवासी बालाजी धाम के पास आनंद विहार कॉलोनी श्यामपुर को सेक्टर-2 के पास से चोरी की बाइक समेत गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद आरोपी की निशानदेही पर अलग-अलग स्थान 3 अन्य बाइक बरामद की गयी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस टीम में रेल चौकी प्रभारी एसआई नवीन नेगी, कांस्टेबल महावीर पुंडीर व अंकुर चौधरी शामिल रहे।

# मासूम बच्ची को न्याय दिलाने को कांग्रेस ने निकाली पदयात्रा



शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** मासूम बच्ची को न्याय दिलाने के लिए कांग्रेस ने बाल्मिकी चौक से नगर कोतवाली तक पदयात्रा निकाली। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष अमन गर्ग ने कहा कि पुलिस की कार्यवाही से कोई संतुष्ट नहीं है। एक छोटी बच्ची की नृशंस हत्या से सभी स्तब्ध हैं। युवा नेता वरुण बालियान ने कहा कि शहर में अपराध बढ़ रहा है। मासूम की हत्या के बाद अभी तक पुलिस के हाथ खाली है। एक गरीब बच्ची के साथ इतनी बड़ी घटना हो गई और प्रशासन हल्के में ले रही। पूर्व महिला आयोग अध्यक्ष संतोष चौहान, महिला शहर अध्यक्ष लता जोशी ने कहा कि बीजेपी सरकार में बच्चे, महिला कोई भी सुरक्षित नहीं है। सरकार भ्रष्टाचार में डूबी हुई है। वरिष्ठ नेता मुरली मनोहर ने कहा कि जब तक बच्ची को न्याय नहीं मिलता कांग्रेस सड़क पर रहेगी। इस अवसर पर पार्षद सुनील कुमार, हिमांशु गुप्ता, विवेक भूषण विक्की, सोहित सेठी, पूर्व पार्षद उदयवीर सिंह चौहान, कैलाश भट्ट, राजीव भार्गव, सोहेल कुरेशी, हाजी शहाबुद्दीन, नितिन तेश्वर, विमला पांडे, विकास चंद्रा, मनोज सैनी, करन पंडित, सपना श्री, अंजू मिश्रा, रचना शर्मा, तरुण व्यास, दिनेश वालिया, वंदना गुप्ता, सुरेश मोहन, डीके चौधरी, रॉबिन सिंह, लक्ष्य चौहान, रवि बाबू शर्मा, यागिक वर्मा, अंकित चौधरी, ग्रेस कश्यप, अकरम अंसारी, पार्षद सन्नी कुमार, पंडित अधीर कौशिक, राजीव पराशर, अमन शर्मा, जावेद खान, दीपक पांडे, विमल, शर्मा, ऋषभ वशिष्ठ, तुषार कपिल,प्रदीप त्यागी, सुरेश मोहन, विकास कुमार, आशु श्रीवास्तव, मोहित गर्ग, नितिन यादव, अश्वनी कौशिक, जतिन सोढ़ी, महेश बर्मन, कमलेश यादव, प्रदीप कुमार, नवीन सेंस, अरुण राघव, अमन यादव, आशुतोष वर्मा, आयुष सैनी आदि शामिल थे।

# भाकिम उत्थान यूनियन ने की अतिक्रमण हटाने की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** भारतीय किसान मजदूर उत्थान यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव इरशाद अली ने जमालपुर से ज्वालापुर रोड पर हुए अतिक्रमण को हटाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि जमालपुर गायत्री मंदिर से लेकर ज्वालापुर तक सड़क पर अवैध किए गए अतिक्रमण की वजह से सड़क पर चलना भी मुश्किल हो गया है। अतिक्रमण हटाए जाने की मांग को लेकर 10 दिन पूर्व यूनियन के प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम को ज्ञापन भी दिया था। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इरशाद अली ने कहा कि प्रशासन को जल्द से जल्द अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाकर अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। अतिक्रमण की वजह से राहगिरों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो एसडीएम कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। राजेंद्र प्रसाद त्रिपाठी ने बताया कि जमालपुर गायत्री मंदिर के पास ही खाने पीने की दुकान भी लगी हुई है। मंदिर के ठीक सामने झूठे बर्तनों को धोने से वहां गंदगी फैल जाती है। मंदिर में आने जाने वाले श्रद्धालुओं के ऊपर भी गंदगी गिरती है और उनके कपड़े भी खराब हो जाते हैं। इससे आस्था को भी ठेस पहुंच रही है। नजदीक ही दो स्कूल भी हैं। अतिक्रमण की वजह से छात्र-छात्राओं को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। किसान संगठन के अन्य पदाधिकारियों ने भी जल्द से जल्द अतिक्रमण हटाने की मांग की है।

# अंजना अरोड़ा चुनी गई माध्यिमक शिक्षक संघ म्यू. इंटर कालेज ज्वालापुर शाखा अध्यक्ष

### अखिलेश मैठाणी मंत्री, अश्विनी शर्मा उपाध्यक्ष, राजू सिंह उपमंत्री एवं कमलेश कोषाध्यक्ष निर्वाचित

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** उत्तराखंड माध्यमिक शिक्षक संघ जनपद हरिद्वार म्युनिसिपल इंटर कलेज ज्वालापुर शाखा के सर्वसम्मति से संपन्न हुए चुनाव में अंजना अरोड़ा अध्यक्ष एवं अखिलेश मैठाणी मंत्री चुने गए। उत्तराखंड माध्यमिक शिक्षक संघ जनपद हरिद्वार के तहत सभी हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट कालेज शाखाओं में चुनाव संपन्न कराए जा रहे हैं। इसी क्रम में सोमवार को म्युनिसिपल इंटर कालेज ज्वालापुर शाखा के चुनाव संपन्न हुए। चुनाव अधिकारी मनोज कुमार की देखरेख में संपन्न हुए चुनाव में कालेज के प्रधानाचार्य सुनील कुमार कटारिया ने अध्यक्ष पद पर अंजना अरोड़ा, मंत्री पद पर अखिलेश मैठाणी, उपाध्यक्ष पद पर अश्वनी शर्मा उप मंत्री पद पर राजू सिंह एवं कोषाध्यक्ष पद पर कमलेश के नाम का प्रस्ताव रखा। जिसका संघ के जिलाध्यक्ष राजेश सैनी सहित सभी उपस्थित सदस्यों ने समर्थन किया। जिसके बाद चुनाव अधिकारी ने उपरोक्त सभी के निर्विरोध निर्वाचित होने की घोषणा की। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुनील कुमार कटारिया, संघ के जिला अध्यक्ष राजेश सैनी, निवर्तमान शाखा मंत्री दीपक नौटियाल, निवर्तमान शाखा उपाध्यक्ष अलका अग्रवाल, डा.द्विजेन्द्र बल्लभ शर्मा, डा.मुक्ता कौशिक, समय सिंह, पंकज शर्मा, सुमित सारस्वत सहित सभी अध्यापकों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया और बधाई एवं शुभकामनाएं दी। बैठक का संचालन दीपक नौटियाल ने किया।

### प्रेस क्लब में स्थापित किया गया वाटर कूलर

# गंगा सभा व प्रेस क्लब पदाधिकारियों ने वाटर कूलर का किया उद्घाटन

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** हरकी पैड़ी की प्रबंध कारिणी संस्था श्री गंगा सभा एवं इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के सहयोग से प्रेस क्लब प्रांगण में स्थापित किए गए वाटर कूलर का उद्घाटन श्री गंगा सभा के अध्यक्ष नितिन गौतम, महामंत्री तन्मय वशिष्ठ, महामंडलेश्वर स्वामी ललितानंद गिरी, प्रेस क्लब अध्यक्ष धर्मेंद्र चौधरी व महासचिव दीपक मिश्रा ने संयुक्त रूप से रिबन काटकर किया।

प्रेस क्लब अध्यक्ष धर्मेंद्र चौधरी व महासचिव दीपक मिश्रा ने फूलमाला पहनाकर और स्मृति चिन्ह भेंटकर गंगा सभा पदाधिकारियों व स्वामी ललितानंद गिरी का स्वागत किया और वाटर कूलर भेंट करने लिए आभार जताया। श्री गंगा सभा के अध्यक्ष नितिन गौतम एवं महामंत्री तन्मय वशिष्ठ ने कहां कि समाज को जागरूक करने में पत्रकारों की बड़ी भूमिका है। हरिद्वार प्रेस क्लब पत्रकारों की बड़ी संस्था है। तमाम विशिष्ट क्षेत्रों से जुड़े लोगों को अपनी बात और विचार जनसामान्य तक पहुंचाने के लिए प्रेस क्लब मंच उपलब्ध कराता है। प्रेस क्लब सकारात्मक पत्रकारिता को आगे बढ़ाने के साथ सामाजिक दायित्व निभाते हुए समाज सेवा में भी अनुकरणीय योगदान कर रहा है। महामंडलेश्वर स्वामी ललितानंद गिरी महाराज ने कहा कि समाज में जनचेतना का प्रसार करने में पत्रकारों की अहम भूमिका है। जल सेवा करना ईश्वर भक्ति के समान है। सभी को मानव कल्याण में योगदान करना चाहिए। प्रेस क्लब अध्यक्ष धर्मेंद्र चौधरी एवं महासचिव दीपक मिश्रा ने कहा कि धर्म और अध्यात्म के प्रचार प्रसार के साथ श्री गंगा पदाधिकारी जनसेवा में भी अहम योगदान कर रहे हैं। श्री गंगा सभा के सहयोग से प्रेस क्लब में वाटर कूलर स्थापित होने से पत्रकारों के साथ जनसामान्य को भी शीतल जल की सुविधा मिलेगी। इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार शिवशंकर जायसवाल, आदेश त्यागी, सुनीलदत्त पांडे, पूर्व अध्यक्ष अमित शर्मा, संजय आर्य आदि ने भी श्री गंगा सभा पदाधिकारियों का आभार जताया। इस अवसर पर श्री गंगा सभा के स्वागत मंत्री सिद्धार्थ चक्रपाणी, उपाध्यक्ष मनोज झा, घाट व्यवस्था सचिव वीरेंद्र कौशिक, गंगा सेवक दल के सचिव उज्जवल पंडित, सुधीर शर्मा, कोषाध्यक्ष अविनाश श्रोत्रिय, कार्यकारिणी सदस्य अभय त्रिपाठी, गौरव झा, दलपति पुनीत त्रिपाठी, प्रेस क्लब कोषाध्यक्ष काशीराम सैनी, बालकृष्ण शास्त्री, अविक्षित रमन, रामचंद्र कन्नौजिया, राहुल वर्मा, मयूर सैनी, सुनील पाल, मनोज खन्ना, सुनील मिश्रा, रोहित सिखोला, शिवकुमार शर्मा, महावीर नेगी, मुदित अग्रवाल, महेश पारीख, अमित गुप्ता, विकास कुमार, सूर्यकांत बेलवाल, बृजपाल, आशीष धीमान, हिमांशु द्विवेदी, दयाशंकर वर्मा, रविंद्रपाल सिंह, जिला सूचना अधिकारी नदीम अहमद के अलावा पुलकित शुक्ला, सचिन सैनी, जहांगीर मलिक, सचिन कुमार, अमरीश, राजकुमार पाल, हरीश, सुमित यश कल्याण, कुलदीप, छोटा विकास आदि मौजूद रहे।

# शिकायत करने के बाद भी विद्युत विभाग के अधिकारी नहीं करते समाधान

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहादराबाद।** विद्युत विभाग की बड़ी लापरवाही के कारण ग्राहकों को परेशान होना पड़ रहा है। उच्च अधिकारियों से शिकायत करने के बावजूद भी समस्या का समाधान नहीं होता है। मामला अलीपुर रोड इंडियन ओवरसीज बैंक के पास बनी दुकानों का है। दुकान के मालिक दुष्यंत चौहान ने अपनी दुकानों के लिए बिजली का कमर्शियल कनेक्शन लिया हुआ है। जिसका समय पर बिल भी जमा हो रहा है। दुकान के मालिक दुष्यंत चौहान का कहना है कि ट्रांसफार्मर पर लगे मेरे केबल में कट लगे होने के कारण फाल्ट होने का खतरा बना हुआ है जिसके कारण कोई दुर्घटना भी हो सकती है। ऑनलाइन शिकायत करने के बावजूद भी विभाग का कोई भी कर्मचारी समस्या का समाधान करने नहीं पहुंचते। पीड़ित का कहना है कि विद्युत विभाग के उच्च अधिकारी एसडीओ अमित तोमर को सूचना दी तो एसडीओ साहब ने कहा है कि यह काम मेरा नहीं है। आप अपने जेई से बात करें। जब विद्युत विभाग उपखंड कार्यालय के सबसे बड़े



अधिकारी एसडीओ को सूचना दे दी गई है तो विभाग के छोटे अधिकारी को सूचना देना कोई उचित नहीं बनता। इसकी सूचना जब जिले के उच्च अधिकारियों से की तो उच्च अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि जिस भी अधिकारी से आपको शिकायत है। उस अधिकारी के खिलाफ लिखित में शिकायत करें। हम जांच करके कार्यवाही करेंगे।

# विधि विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ गंगा में विसर्जित की गई महंत अमृत मुनि की अस्थियां

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** श्री पंचायती अखाड़ा बड़ा उदासीन के पंजाब के ब्रह्मलीन महंत अमृत मुनि महाराज की अस्थियां पूर्ण विधि विधान और वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कनखल सती घाट पर गंगा में विसर्जित की गयी। महंत अमृत मुनि महाराज का पिछले दिनों निधन हो गया था। पंजाब से उनका अस्थि कलश हरिद्वार लाया गया। राजघाट कनखल स्थित श्री पंचायती अखाड़ा बड़ा उदासीन में अखाड़े के संतों महंतों ने ब्रह्मलीन महंत अमृत मुनि महाराज को श्रद्धांजलि अर्पित की। अखाड़े के मुखिया महंत रामनौमी दास महाराज ने कहा कि ब्रह्मलीन अमृत मुनि महाराज त्याग, तपस्या और सेवा की प्रतिमूर्ति थे। अखाड़े को आगे बढ़ाने में उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। उनके ब्रह्मलीन होने से अखाड़े को अपूर्णीय क्षति हुई है। महामंडलेश्वर स्वामी हरिचेतनानंद ने कहा कि ब्रह्मलीन महंत अमृत मुनि महाराज ने आजीवन संत परंपराओं का पालन करते हुए श्रद्धालु भक्तों का मार्गदर्शन और सनातन धर्म संस्कृति की कीर्ति पताका को फहराने में योगदान किया। महामंडलेश्वर स्वामी कपिल मुनि एवं महांडलेश्वर स्वामी रूपेंद्र प्रकाश ने कहा कि ब्रह्मलीन महंत अमृत मुनि महाराज के जीवन से प्रेरणा लेते हुए सभी को मानव कल्याण में योगदान का संकल्प लेना चाहिए। कोठारी महंत राघवेंद्र दास, महंत गोविंद दास व महंत कमलदास ने कहा कि ब्रह्मलीन महंत अमृत मुनि महाराज महान संत थे। भक्तों को ज्ञान की प्रेरणा देकर धर्म और अध्यात्म के मार्ग पर अग्रसर करने के साथ सनातन धर्म संस्कृति के प्रचार प्रसार में उनका अहम योगदान रहा। श्रद्धांजलि देने वालों में महामंडलेश्वर स्वामी भगवत स्वरूप, महंत गंगादास, महंत जयेंद्र मुनि, महंत गोविंद दास, स्वामी रवि देव शास्त्री, महंत रामशरण दास, महंत जसविन्दर सिंह, महंत प्रेमदास सहित कई संत महंत शामिल रहे।

# कुष्ठ एवं असहाय लोक सेवा समिति की वार्षिक बैठक आयोजित

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** कुष्ठ एवं असहाय लोक सेवा समिति की वार्षिक बैठक रानीपुर मोड स्थित होटल में आयोजित की गयी। घ्बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व डीआईजी जगतराम जोशी एवं संस्था के चेयरमैन राकेश मल्होत्रा ने कहा कि 2009 में स्थापना के बाद से संस्था 16 वर्षों से निरंतर कुष्ठ एवं असहाय लोगों की सेवा में योगदान कर रही है। अध्यक्ष नारायण आहूजा एवं महामंत्री दीपक सेठी ने कहा कि संस्था 350 सदस्य सक्रिय रूप से समाजसेवा में योगदान कर रहे हैं। संस्था की और समाज के जरूरतमंद वर्ग की सेवा के लिए समय-समय पर मेडिकल कैंप के आयोजन के साथ आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की कन्याओं के विवाह में सहयोग भी किया जाता है। बताया कि संस्था की और से कुष्ठ रोगियों, अनाथ कन्याओं के आश्रम एवं 22 निर्धन परिवारों को प्रति माह राशन भी उपलब्ध कराया जाता है। सीआईडी एसएसपी यशवंत सिंह तथा एसपी सिटी पंकज गैरोला एवं समाजसेवी जगदीशलाल पाहवा ने भी संस्था के कार्यो की सराहना की।

बैठक के दौरान संस्था की और ब्लड वॉलिंटियर, श्रीराम चौक सेवा समिति, गंगा सेवा दल, मां सुरेश्वरी देवी मंदिर समिति को सम्मानित भी किया गया। बैठक में संरक्षक ओम पाहवा, तेजप्रकाश लांबा, संजीव बब्बर, कोषाध्यक्ष सचिन अरोरा, डा.भविष्य कुम्भावत, डा.पवन सिंह, राहुल बजाज, ओमप्रकाश विरमानी, हनी कथुरिया, राजकुमार अरोड़ा, अजय अरोड़ा, शुगर सिंह, हरीश तनेजा, सागर अरोड़ा, सुमित पटपटिया, विक्की तनेजा, रवि ढींगरा, जगदीश अरोड़ा, अमर कुमार, विजय शेट्टी आदि शामिल रहे।

# गुरूकृपा इलेक्ट्रिक रिक्शा यूनियन का किया गठन

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** नवगठित गुरु कृपा इलेक्ट्रिक रिक्शा यूनियन से जुड़े चालकों व मालिकों की सिंहद्वार स्थित गंगा घाट पर यूनियन के संरक्षक समाजसेवी नवीन अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से टीटू मलिक को यूनियन अध्यक्ष, शौकीन को महासचिव व मोहित चौहान को कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौपी गयी। बैठक में संरक्षक नवीन अग्रवाल को सलाहकार व मीडिया प्रभारी का दायित्व भी सौंपा गया। नवीन अग्रवाल ने कहा कि जल्द ही यूनियन की कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा और सभी पदाधिकारी एकजुट होकर यूनियन के सदस्यों के हित में कार्य करेंगे। नवीन अग्रवाल ने कहा कि यूनियन से जुड़े चालकों व मालिकों की सुविधा के लिए सिंहद्वार पर स्टैंड का निर्माण भी जल्द कराया जाएगा। इस दौरान तौफीक, सुनील यादव, सोनू सैनी सहित बड़ी संख्या में इलेक्ट्रिक रिक्शा चालक व मालिक मौजूद रहे।

# चारधाम यात्रा से होती है अक्षय पुण्य की प्राप्ति : मधुसूदन गिरी

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** कनखल स्थित बापेश्वर धाम के परमाध्यक्ष श्रीमहंत मधुसूदन गिरी महाराज ने कहा कि उत्तराखंड में स्थित बद्रीनाथ, केदारनाथ और यमुनोत्री व गंगोत्री चारों धाम करोड़ों लोगों की आस्था का केंद्र हैं। चारों धाम की यात्रा करने से अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है। यात्रा के फलस्वरूप ईश्वरीय कृपा के चलते परिवार में सुख समृद्धि का वास होता है और जीवन भवसागर से पार हो जाता है। चारधाम यात्रा करने आए गुजरात के श्रद्धालु भक्तों को संबोधित करते हुए श्रीमहंत मधुसूदन गिरी महाराज ने कहा कि तीर्थ यात्रा के दौरान तीर्थ की मर्यादा का पालन करें। कोई भी ऐसा कार्य ना करें, जो तीर्थ की गरिमा के विपरीत हो। इसलिए यात्रा करते समय शास्त्र सम्मत सभी नियमों का पालन करें। हरिद्वार देवभूमि उत्तराखंड का प्रवेश द्वार है। हरिद्वार से ही यात्रा का शुभारंभ होता है। यात्रा पर जाने से पहले हरकी पैड़ी पर गंगा स्नान कर मां गंगा का आशीर्वाद अवश्य प्राप्त करें। मां गंगा के आशीर्वाद से यात्रा सकुशल और मंगलमय संपन्न होगी। श्रीमहंत मधुसूदन गिरी महाराज ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड सरकार द्वारा श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करायी जा रही हैं। चारधाम यात्रा के सकुशल संचालन के लिए सरकार ने जो नियम निर्धारित किए हैं। उनका पालन करते हुए सरकार का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड पर्वतीय राज्य है। इसलिए यात्रा करते समय पर्यावरण का भी ध्यान रखें। यात्रा के दौरान पॉलीथीन आदि का प्रयोग बिल्कुल ना करें। कचरा आदि निधारित स्थान पर ही फेंके। इस अवसर पर स्वामी मुरारी दास, स्वामी मस्तराम, स्वामी कृष्णानंद गिरी, स्वामी शंभू पुरी, जयंती भाई द्विवेदी, अरूण, नेशा, रक्षा, वर्षा, भूमिका द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

**सूचना ( संबंध विच्छेद )**

मेरा भाई मेहताब व उसकी पत्नी श्रीमती सबिया हमारे कहने सुनने में नही है इसलिये तंग आकर अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इन दोनों के किसी भी कृत्य व लेन-देन की मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नही होगी। इस्तयाक, नसीम, हसीन व शहजान पुत्रगण स्व. मौ0 हनीफ, निवासी ग्राम व पोस्ट सराय, तहसील व जिला हरिद्वार।

**सूचना ( संबंध विच्छेद )**

मेरे तीनों बच्चे रोहित उर्फ भोलू, पुत्री पिंकी व प्रीति गलत संगत के कारण मेरे कहने सुनने में नही है इसलिये तंग आकर अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इन तीनों के किसी भी कृत्य व लेन-देन की मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नही होगी। मुनेश कुमार पुत्र श्री पूरण सिंह, निवासी ग्राम सजनपुर पीली, थाना श्यामपुर, जिला हरिद्वार।

## प्रभावित बस्तीवासी आज करेंगे सचिवालय पर प्रदर्शन

देहरादून। एलिवेटेड रोड और एनजीटी के दिशानिर्देशों के चलते बिन्दाल-रिस्पना की प्रभावित बस्तियों की समस्याओं को लेकर बस्तीवासी कल (आज) सचिवालय का घेराव करेंगे।

बस्ती बचाओ आन्दोलन के संयोजक आन्नद आकाश ने कहा कि गैर जरूरी एलिवेटेड रोड की परियोजना रद्द की जाए और इन बस्तियों में सभी प्रकार की नागरिक सुविधाएं दी जाएं। एनजीटी के आद. ेश के नाम पर अवैध घोषित किए गए मकानों को इस श्रेणी से हटाया जाए। प्रभावितों के लिए सर्वोच्च न्यायालय के दिशा-निर्देशों का पालन हो। सरकार, जिला-प्रशासन और जनप्रतिनिधि प्रभावितों के हित में कार्य करें। प्रभावित नागरिकों की समिति बनाकर सभी मामलों में न्यायसंगत कार्यवाही की जाए। सरकार अपने वायदे के अनुसार बस्तीवासियों को मालिकाना हक दिया जाए। इस मौके पर राजेन्द्र पुरोहित और अनन्त आकाश शामिल रहे।

# सेना को भेड़, बकरी व पोल्ट्री उत्पाद उपलब्ध कराएंगे स्थानीय किसान

■ पहले चरण में अग्रिम चौकी माणा व मलारी के लिए रवाना की गई पोल्ट्री उत्पादों की खेप, सीडीओ डॉ. अभिषेक त्रिपाठी ने झंडी दिखाकर आपूर्ति वाहनों को किया रवाना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गोपेश्वर/देहरादून।** राज्य सरकार की और से प्रदेश के काश्तकारों एक किसानों की आजीविक सुधार के लिए किए जा रहे प्रयासों में एक और उपलब्धि जुड़ गई है। भारतीय सेना अब पशुपालन विभाग के माध्यम से प्रदेश के स्थानीय किसानों से पोल्ट्री उत्पादों की खरीद करेगी। सोमवार को जनपद चमोली में भारतीय सेना की अग्रिम चौकियों माणा एवं मलारी के लिए आपूर्ति की पहली खेप रवाना की गई। सोमवार को मुख्य विकास अधिकारी डॉ अभिषेक त्रिपाठी ने झंडी दिखाकर आपूर्ति वाहनो को रवाना किया।

पशुपालन विभाग की इस पहल के तहत उत्तराखण्ड में सेना की अग्रिम चौकियों पर स्थानीय स्तर पर उत्पादित भेड़, बकरी एवं पोल्ट्री उत्पादों की आपूर्ति सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखा गया है। पहले चरण में पोल्ट्री उत्पादों की आपूर्ति की जा रही है।

जोशीमठ से रवाना की गई प्रथम खेप में भारतीय सेना की माणा पोस्ट व मलारी पोस्ट को पोल्ट्री की आपूर्ति की गई ,जो स्थानीय पशुपालक श्री गुलशन सिंह राणा एवं श्री सौरभ नेगी द्वारा उपलब्ध करायी गई।

इसका उद्देश्य उत्पादन बढ़ाने के साथ-साथ स्थानीय पशुपालकों को स्थानीय स्तर पर ही एक सुदृढ़ बाजार व्यवस्था प्रदान करना है। इसके माध्यम से उनके उत्पादों का सही मूल्य एवं नियमित भुगतान सुनिश्चित किया जाएगा।

गौरतलब है कि पशुपालन विभाग द्वारा आईटीबीपी के साथ पूर्व में एमओयू किया गया था। जिसके परिणामस्वरूप, पशुपालकों को स्थानीय बाजार उपलब्ध हुआ है। इसी प्रकार सेना को जीवित भेड़ ,बकरी एवं कुक्कुट की आपूर्ति के नये बाजार की संभावना से वाईब्रेंट ग्रामों के पशुपालकों को अतिरिक्त आमदनी का साधन प्राप्त होगा और रोजगार की तलाश में बाहर जाने वाले युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार की व्यवस्था भी सुनिश्चित हुई है। यह पहल वाइब्रेंट गांवों से पलायन की समस्या को समाप्त करने में भी सहायक सिद्ध होगी।

चमोली से शुरू हुई यह ऐतिहासिक पहल जिसमें भारतीय सेना को स्थानीय किसानों और पशुपालकों की और से भेड़, बकरी व पोल्ट्री उत्पादों की आपूर्ति की जा रही है-आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में एक मजबूत कदम है। हमारे सीमावर्ती गांवों के पशुपालकों को एक स्थायी और सुनिश्चित बाजार मिलेगा। यह पहल वाइब्रेंट विलेज योजना को नई दिशा देने के साथ-साथ गांवों से हो रहे पलायन को रोकने में भी सहायक सिद्ध होगी... **पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड।**

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ अभिषेक त्रिपाठी, मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी डॉ अशीम देब व उप मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी एवं जनपद चमोली के परियोजना समन्वयक डॉ पुनीत भट्ट की उपस्थित रहे।

## उत्तराखंड की समस्याओं पर माकपा ने वित्त आयोग को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) की उत्तराखंड राज्य कमेटी ने 16वें वित्त आयोग के सामने राज्य की गंभीर चुनौतियों और जरूरतों को लेकर 18 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। दो सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल में राजेन्द्र पुरोहित और अनन्त आकाश शामिल रहे। पार्टी ने आयोग से राज्य के लिए विशेष पैकेज और योजनाओं की मांग की है।

कहा कि भौगोलिक और पर्यावरणीय स्थिति को देखते हुए विशेष धन और हरित बोनस दिया जाए। प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए आपदा प्रबंधन कोष और सुरक्षित बुनियादी ढांचा तैयार किया जाए। पलायन रोकने और सीमावर्ती क्षेत्रों की सुरक्षा के लिए विशेष बजट की मांग। राज्य को विशेष दर्जा दिया जाए और बकाया धनराशि तुरंत जारी की जाए।

ग्रामीण विकास, शिक्षा और स्वास्थ्य के लिए विशेष योजनाएं लागू की जाएं। महिला सशक्तिकरण के लिए आशा, आंगनबाड़ी और समूहों को बेहतर मानदेय मिले। बिजली विभाग में स्थायी नियुक्ति और निजी कंपनियों की जवाबदेही तय हो। उद्यान और वन आधारित उद्योगों को बढ़ावा देकर स्थानीय रोजगार सृजित किया जाए। पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए सरकारी गारंटी के साथ लोन सुविधा मिले। चारधाम मार्गों पर यात्रा सीजन में अस्थायी हट बनाए जाएं। ग्रामीण पर्यटन के लिए पेइंग गेस्ट योजना को प्रोत्साहन मिले।

जल व सौर ऊर्जा परियोजनाओं के लिए समय पर सब्सिडी मिले। वन्यजीवों से सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। कृषि भूमि अधिग्रहण पर रोक लगाई जाए। चाय बागानों और रेशम फार्मों का पुनरुद्धार और मजदूरों को स्थायी रोजगार। शिवालिक क्षेत्र में बाढ़ सुरक्षा के उपाय किए जाएं। उत्तर प्रदेश से जल और संपत्ति बंटवारे का समाधान कराया जाए। सिडकुल व उद्योगों में श्रमिकों के अधिकार सुरक्षित हों और वनाग्नि नियंत्रण के लिए विशेष बजट बने। माकपा ने आयोग से मांग की कि उत्तराखंड की विशेष परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए न्यायोचित और दीर्घकालिक समाधान सुनिश्चित किए जाएं। कहा कि राज्य में पर्यटन को रोजगारपरक और लाभकारी बनाने के लिए भी केंद्रीय सहायता की जरूरत है।

## डीआईटी ने हासिल किया रिकॉर्ड प्लेसमेंट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** डीआईटी यूनिवर्सिटी ने अपने प्लेसमेंट सीजन में नया रिकॉर्ड बनाया है। 450 से अधिक कंपनियों ने कैंपस का दौरा किया और छात्रों को 1,550 से ज्यादा नौकरी के प्रस्ताव मिले, जो पिछले पांच वर्षों में सबसे अधिक है। यह उपलब्धि विश्वविद्यालय के सशक्त औद्योगिक संबंधों और प्रभावी प्रशिक्षण कार्यक्रमों का परिणाम है। भर्ती करने वाली कंपनियों ने छात्रों के तकनीकी कौशल और पेशेवर दृष्टिकोण की सराहना की।

इस मौके पर प्रवीण साईवप्ल-डीन करियर सर्विसेज एंड डेवलपमेंट सेंटर ने कहा कि डीआईटी विश्वविद्यालय प्लेसमेंट के क्षेत्र में उत्तराखंड का बेहतरीन विश्वविद्यालय साबित हो रहा है। 2024- 2025 बैच के प्लेसमेंट सीजन में निम्नलिखित प्रमुख कंपनियों ने छात्रों को अवसर प्रदान किएरू वोल्वो आयशर, पालो ऑल्टो नेटवर्क, डाइकिन, कैपजेमिनी, लार्सन एंड टुब्रो , डेलोइट, एक्सेंचर, कॉग्निजेंट, यामाहा मोटर्स, इंफोसिस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, इन कंपनियों के अलावा, कई अन्य प्रतिष्ठित फर्मों ने भी विश्वविद्यालय के छात्रों में रुचि दिखाई। छात्रों की तैयारी और व्यावसायिकता की लगातार सराहना की गई, जिससे डीआईटी विश्वविद्यालय के करियर-तैयारी कार्यक्रमों की गुणवत्ता को बल मिला।

प्रवीण साईवप्ल ने बताया की प्लेसमेंट के अलावा, डीआईटी विश्वविद्यालय के छात्रों ने प्रतियोगी परीक्षाओं में भी बेहतरीन प्रदर्शन किया। 32 छात्रों ने परीक्षा में सफलता पाई और 3 छात्रों ने में उत्कृष्टता प्राप्त की। इसके अलावा, डिजाइन, आर्किटेक्चर और भौतिक विज्ञान जैसे नए क्षेत्रों में भी प्लेसमेंट के अवसर विस्तारित हुए।

**विश्वविद्यालय ने इस वर्ष दो प्रमुख कार्यक्रमों का आयोजन किया**

मेगा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी फेयर कृ अमेरिका, यूके और आयरलैंड के 35 विश्वविद्यालयों की भागीदारी से छात्रों को विदेश में अध्ययन के अवसर मिले।

इस वर्ष डीआईटी विश्वविद्यालय ने अपना प्रथम एचआर कॉन्क्लेव 2025 आयोजित किया जिसमेंकृ भारत के 55 से अधिक प्रमुख एचआर पेशेवरों ने इसमें भाग लिया और नौकरी के उभरते रुझानों पर चर्चा की।

डीआईटी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जी. रघुराम ने कहा, हमारे छात्रों की उपलब्धियां हमारे शैक्षणिक दृष्टिकोण की सफलता को दर्शाती हैं। हम उन्हें वैश्विक मंच पर कामयाब होने के लिए हरसंभव अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

उन्होंने बताया कि 1 जून, 2025 को डीआईटी विश्वविद्यालय में एडमिशन काउंसलिंग सत्र आयोजित किया जाएगा। इच्छुक छात्र 30 मई, 2025 तक आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए, डीआईटी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाएं।

# कांग्रेस ने उत्तराखण्ड को विशेष राज्य का दर्जा देने की उठाई मांग

## पलायन, स्वास्थ्य और आर्थिक संकट के समाधान के लिए मांगा विशेष पैकेज

### 16वें वित्त आयोग का उत्तराखण्ड दौरा

■ आपदा प्रबंधन राष्ट्रीय सुरक्षा व महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण पर भी दिए सुझाव



**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सूर्यकान्त धस्माना के नेतृत्व में कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने 16वें वित्त आयोग की टीम के समक्ष राज्य के विकास के लिए कई अहम सुझाव प्रस्तुत किए। धस्माना ने कहा कि उत्तराखंड का गठन राज्य की जनता के लंबे संघर्ष का परिणाम था, लेकिन 25 साल बाद भी राज्य की मूल समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं, जैसे पलायन, बेरोजगारी, महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य सेवाओं की कमी, और शिक्षा की स्थिति।

उन्होने कहा कि प्रदेश की विशेष भौगोलिक परिस्थितियां हैं, उत्तराखंड का 67 फीसदी हिस्सा वन क्षेत्र है और यहां 10 जिलों में कठिन पर्वतीय इलाके हैं। राज्य में असिंचित भूमि और सीमित संसाधन हैं, जिससे विकास में रुकावटें आती हैं। कांग्रेस ने ग्रीन बोनस और अलग लागत संवे. दनशीलता गुणांक की मांग की। कहा कि राज्य में बार-बार प्राकृतिक आपदाएं आती हैं, जैसे भूकंप, भूस्खलन, और बाढ़। कांग्रेस ने राज्य में आपदा प्रबंधन के लिए दीर्घकालीन तैयारी और विशेष पैकेज की जरूरत जताई। धस्माना ने कहा कि उत्तराखंड चीन, तिब्बत और नेपाल की सीमा से जुड़ा हुआ है, जिससे यह राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए संवेदनशील है। कांग्रेस ने सीमांत क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं जैसे सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा, और डिजिटल कनेक्टिविटी के लिए विशेष अनुदान की मांग की। राज्य के पर्वतीय इलाकों से बढ़ते पलायन को रोकने के लिए स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन, लाभकारी खेती, पशुपालन और अन्य गति. विधियों के लिए विशेष पलायनरोधी विकास योजना लागू करने की आवश्यकता जताई।

### पर्यटन को रोजगारपरक बनाने के लिए भी केंद्रीय सहायता की जरूरत

उत्तराखंड के चारधाम और अन्य तीर्थ स्थल देश और दुनिया से श्रद्धालुओं को आकर्षित करते हैं। कांग्रेस ने तीर्थाटन के लिए विशेष सहायता की मांग की ताकि यात्रियों के लिए सुविधाएं बढ़ाई जा सकें। राज्य में पर्यटन को रोजगारप. रक और लाभकारी बनाने के लिए भी केंद्रीय सहायता की जरूरत है। राज्य निर्माण के समय से ही उत्तराखंड को राजस्व घाटे का सामना करना पड़ रहा है, जो हर साल बढ़ता जा रहा है। कांग्रेस ने अगले 10 वर्षों तक राजस्व घाटा अनुदान देने की अपील की, ताकि राज्य का विकास निर्बाध रूप से हो सके। प्रतिनिधिमंडल में सूर्यकान्त धस्माना, गिरिराज किशोर हिंदवान, और अन्य नेता शामिल थे।

साथ ही उन्होने कहा कि उत्तराखंड में महिलाओं का महत्वपूर्ण योगदान है, खासकर पर्वतीय क्षेत्रों में।

कांग्रेस ने महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण और स्वास्थ्य सेवाओं के लिए विशेष योजना बनाने की मांग की। उत्तराखंड जल विद्युत परियोजनाओं, सौर ऊर्जा और पवन ऊर्जा के लिए महत्वपूर्ण राज्य है। कांग्रेस ने इन क्षेत्रों में राज्य को विशेष सहायता देने की मांग की, ताकि राज्य की आय बढ़ सके।

उद्यान और वन आधारित उद्योगों को बढ़ावा देकर स्थानीय रोजगार सृजित किया जाए। पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए सरकारी गारंटी के साथ लोन सुविधा मिले। चारधाम मार्गों पर यात्रा सीजन में अस्थायी हट बनाए जाएं।

## हाइड्रोलॉजिस्ट की रिपोर्ट पेश करे नगर पालिका नैनीताल

### नैनीझील में तैराकी को लेकर पुनर्विचार याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** उत्तराखण्ड हाईकोर्ट ने नैनी झील में पूर्व में उच्च न्यायलय के द्वारा तैराकी के लिए लगाई गई रोक को खोलने के मामले में दायर पुनर्विचार याचिका पर सुनवाई की। मामले को कोर्ट ने गंभीरता से लेते हुए कोर्ट ने नगर पालिका से कहा कि पूर्व में आदेश के क्रम में हाइड्रोलॉजिस्ट की रिपोर्ट कोर्ट में प्रस्तुत करें। बता दें सोमवार को हुई सुनवाई पर याचिकाकर्ता की तरफ से कहा गया कि हाइड्रोलॉजिस्ट की रिपोर्ट आ चुकी है।

तैराकी के लिए नैनी झील का पानी मानकों के अनुरूप है। इससे झील का पानी दूषित नहीं हो रहा है, जो घरों को पानी की सप्लाई होती है। वह सीधे झील से न भेजकर बोरिंग के माध्यम से सप्लाई की जाती है इसलिए नैनी झील में तैराकी की इजाजत दी जाए। जिस पर कोर्ट ने अगली तिथि तक नगर पालिका से हाइड्रोलॉजिस्ट की रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई जून प्रथम सप्ताह की तिथि नियत की है। बता दें कि पूर्व में कोर्ट ने कहा था कि नैनीताल शहर में व्यवसायिक गतिविधियों के अलावा बच्चों व नागरिकों के शाररिक विकास के लिए कोई क्रीड़ा के साधन उपलब्ध नही हैं। मात्र डीएसए के अलावा उसमें भी क्रिकेट व फुटबाल के अलावा कोई अन्य गतिविधियां नही होती है जबकि अन्य स्पोर्ट भी हैं। किसकी रुचि किस खेल में है वे बच्चे इससे बंचित हो रहे हैं। उनके अधिकारों का हनन हो रहा है। ऐसी सुविधा नैनीताल में भी होनी चाहिए। मामले के अनुसार पुनर्विचार याचिका में कहा गया कि यह मामला 2001 में दायर की गया था। जिसका निस्तारण 2019 में हो गया था। कोर्ट ने नैनी झील में स्वमिंग सहित कपड़े धोने पर रोक लगा दी थी जिसे खोला जाय। सुनवाई के दौरान ऊत्तराखण्ड बार काउंसिल के अध्यक्ष व वरिष्ठ अधिवक्ता डा. महेंद्र सिंह पाल ने कोर्ट में अपना पक्ष रखते हुए कहा था कि इसे खुलना चाहिए। इसके खुलने से तैराकों का मनोबल बढ़ेगा। जल क्रीड़ा भी एक व्यायाम है। योगा का इससे बेहतरीन व्यायाम नहीं हो सकता।

## संसाधनों की लूट मचाकर लोकल फॉर वोकल का ज्ञान हास्यास्पद: भट्ट

■ रावत की काफल पार्टी पर भी किया तंज , कांग्रेस के बड़े नेताओं का राजनैतिक रसूख और विश्वास हो गया समाप्त

**शाह टाइम्स मुख्य संवाददाता**

**देहरादून ।** भाजपा ने पूर्व सीएम हरीश रावत की सोशल पार्टी के राजनैतिक आरोप पर तंज किया कि जिनके लिए लोकल फॉर वोकल का मतलब सिर्फ डेनिस होता था, उनका मजाक उड़ना तो तय था।

प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने कहा कि सरकार में रहते जो राज्य के संसाधनों को लूटने का लाइसेंस देते रहे हों, उनका विकास पर ज्ञान बांटना समझ से परे है। जबकि पीएम मोदी के मार्गदर्शन एवं सीएम धामी के नेतृत्व में लोकल फॉर वोकल के मंत्र पर राज्य विकास की नित नई ऊंचाईयों को छू रहा है।

उन्होंने कहा कि उत्तराखंड, प्रधानमंत्री मोदी द्वारा बताए गए लोकल का वोकल के मूल मंत्र पर वृहद पैमाने पर शानदार कार्य कर रहा है। एक तरफ वाइब्रेंट विलेज योजना से सीमावर्ती क्षेत्रों में विकास की नई इबारत लिखी जा रही, जिससे वहां के लोगों की स्थानीय कला, संस्कृति और परम्पराओं को नई पहचान मिल रही है। आज नीति, माणा, गूंजी, आदि कैलाश, हर्षिल नेलांग घाटी, समेत तमाम सीमावर्ती गांवों में पर्यटन के साथ स्थानीय स्वरोजगार को लेकर जबरदस्त बदलाव आया है। वहां के स्थानीय उत्पादों को वैश्विक पहचान मिल रही है। वहीं स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से प्रदेश 3 लाख लखपति दीदी के लक्ष्य की तरफ तेजी से हम बढ़ रहे हैं। मिलेट के उत्पादन और उसके विपणन के साथ जैविक खेती और जड़ी बूटी प्रसंस्करण को लेकर केंद्र की मदद से राज्य सरकार नई नई सफल योजनाओं का संचालन कर रही है।

उन्होंने पूर्व सीएम हरीश रावत की काफल पार्टी पर भी तंज किया कि कांग्रेस के बड़े नेताओं का राजनैतिक रसूख और विश्वास समाप्त हो गया है। यही वजह है कि वे मीडिया की सुर्खियां बनने के लिए ही अपने कार्यक्रम बनाते हैं। लेकिन अफसोस वहां भी सामाजिक संदेश देने के बजाय राजनैतिक हित साधने में जुट जाते हैं।

उनका यह स्वीकारना कि अपनी सरकार में जब वे लोकल फॉर वोकल की बात करते थे तो लोग उनकी हंसी उड़ाते थे, बताता है कि तब उनकी जनता में कितनी विश्वसनीयता रही होगी। क्योंकि सत्य यही है कि उनके लिए तब लोकल फॉर वोकल का मतलब सिर्फ और सिर्फ डेनिस शराब को बढ़ावा देना था। उनके लिए इस नीति का अर्थ लोकल संसाधनों को मुफ्त में अपने लोगों को रेवड़ी की तरह बांटना था। लूट का लाइसेंस देने और दिल्ली में उनके निजी सचिव का शराब माफियाओं से सौदेबाजी लोगों ने टीवी पर देखी थी।

उन्होंने कहा कि हर चुनाव में हरदा सरकार की गलतियों की माफी मांगते हैं और जनता उन्हें एक नहीं दो-दो बार भी माफ नहीं करती है। वहीं बहुत हैरानी और अफसोस होता है यह जानकर कि अब वो वर्तमान भाजपा सरकार के अच्छे कामों को अपनी सरकार की उपलब्धियों से जोड़ने का झूठा प्रयास कर रहे हैं। दअरसल सच तो यह कि विगत 8 वर्षों में राज्य में हुई अभूतपूर्व तरक्की का अहसास उनके सिर चढ़कर बोल रहा है। तभी वे अपना कार्यकाल भूल कर वर्तमान विकास की उभरती तस्वीर को अपने पुराने कैनवास पर दिखाने की असफल कोशिश कर रहे हैं।

## हवन यज्ञ के साथ मनाया गया महिषासुरी मर्दानी प्राकट्योत्सव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी ।** जनपद मुख्यालय में महिषासुर मर्दिनी का प्राकट्योत्सव हवन यज्ञ और विशाल भंडारा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया और माँ दुर्गा के आशीर्वाद प्राप्त किया।

महिषासुर मर्दिनी, जिसे माँ दुर्गा का ही एक रूप माना जाता है, का प्रकट दिवस हर साल मनाया जाता है। इस दिन, भक्त माँ दुर्गा के विभिन्न रूपों की पूजा करते हैं और उनके आशीर्वाद की कामना करते हैं।

उत्तरकाशी में इस प्रकट दिवस पर स्थानीय लोगों के साथ-साथ अन्य भक्तों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। भंडारे में प्रसाद के साथ-साथ अन्य खाद्य पदार्थ भी वितरित किए गए ।यह आयोजन लोगों को एक साथ लाने और धार्मिक भावना को बढ़ावा देने का एक अच्छा माध्यम है।

इस बार अखंड रामायण पाठ भजन कीर्तन व सामुहिक कन्या पूजन भी किया गया । सोमवार को हवन सामुहिक कन्या पूजन भंडारे का आयोजन किया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान में हरिद्वार से पंकज गुप्ता का परिवार हर साल करता है। बता दें कि खूदाई के दौरान 1984 में महिषासुरी मर्दानी यहां निकली थी उस दिन से इस स्थान पर हर साल माता का प्राकट्योत्सव मनाया जा रहा है। यह हर वर्ष सैकड़ों की संख्या में लोग यहां आते हैं । इस मौके पर रेखा सेमवाल ,किरन पंवार, उषा भट्ट ,सरिता पडियार, पुष्पा पंवार, अजय प्रकाश बड़ौला रमेश, दिनेश नौटियाल, भीमदेव थपलियाल, प्रवीण थपलियाल, आदि मौजूद रहे है।

## गांव जुड़ेंगे सड़क मार्ग से ग्रामीणों में खुशी की लहर

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नैनीताल विधानसभा के तहत सोमवार को मंगोली, खमारी, थापला, जलाल गांव, रौखड़ मोटरमार्ग का सुधार एवं क्षतिग्रस्त दीवारों एवं डामरीकरण का शिलान्यास पूर्व पर्यटन एवं रक्षा राज्य मंत्री भारत सरकार एवं सांसद नैनीताल उद्यम सिंह नगर व सरिता आर्या विधायक नैनीताल द्वारा शिलान्यास संयुक्त रूप से किया गया। बता दें कि यह कार्य जिसकी लागत रुपए 456.25 लाख है इससे क्षेत्र की जनता व किसानों को अपनी सब्जी आदि को ले जाने के लिए आवागमन सुगम होगा। सांसद अजय भट्ट ने कहा कि केंद्र व राज्य की सरकारें मिलकर राज्य के हर क्षेत्र में लगातार विकास के कार्य के साथ ही युवाओं को भी गांव क्षेत्र में अपने रोजगारों को खोलने के लिए अनेकों सुविधा प्रदान कर रही है जिससे गांवों का पलायन रुके। विधायक सरिता आर्या ने कहा इन रोडों के लिए क्षेत्र की जनता लगातार उनसे मांग कर रही थी जिसको उन्होंने मुख्यमंत्री जी के समक्ष रखा जिसे माननीय मुख्यमंत्री ने एक बड़ी राशि देकर क्षेत्र की समस्या का समाधान किया इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। सांसद प्रतिनिधि गोपाल सिंह रावत जो कि इस क्षेत्र से भली भांति परिचित हैं उन्होंने भी सांसद और विधायक को क्षेत्र की समस्या से अवगत कराया। दर्जा राज्य मंत्री शांति मेहरा ने भी मुख्यमंत्री के साथ ही सांसद और विधायक का इस कार्य के लिए उनका आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष सुरेश उप्रेती, पूर्व जिला पंचायत सदस्य गणेश मेहरा, नीमा नेगी, मंजू बुढ़लाकोटी, केशव पंत, हेम बहुखंडी, दीपक कनवाल, हेमंत कनवाल, कुंदन अधिकारी, प्रताप मेहरा, विक्रम कनवाल, मुकेश मेहरा, पूरन अरोड़ा, कंचन पंत, चंदू सनवाल, हरीश भट्ट, आनंद सिंह बिष्ट, पान सिंह खनी, हीरा सिंह नेगी, हिमांशु मेहरा, महेंद्र जीना व गिरीश जोशी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# गंगोत्री नेशनल पार्क से एक माह में 12 लाख की हुई आय

## गंगोत्री नेशनल पार्क देश -विदेशों सैलानियों से हुआ गुलजार





**उत्तरकाशी।** गंगोत्री नेशनल पार्क देश दुनिया के सैलानियों की पसंदीदा बन रहा है । पार्क प्रशासन के उप निदेशक हरीश नेगी ने ने बताया कि

गंगोत्री नेशनल पार्क के गेट एक अप्रैल खुले जिसमें अभी तक देश -विदेशों के पर्यटक नेलांग घाटी , गर्तांगली , गौमुख ट्रेक, सात ताल में अभी तक साढ़े आठ हजार से अधिक सैलानियों ने दीदार कर लिया जिससे पार्क प्रशासन कि 12 लाख से अधिक का राजस्व प्राप्त कर लिया है ।

उप निर्देशक गंगोत्री नेशनल पार्कने बताया कि चारधाम यात्रा खुलने से एक माह पहले गंगोत्री नेशनल पार्क के सभी गेटों को खोल दिए थे जिसमें एक माह में देश- विद. ेशों के पर्यटकों से पार्क प्रशासन को अच्छी आय देखने को मिली है । पर्यटकों से स्वच्छता बनाए रखने की अपील की गई ।

**गंगोत्री राष्ट्रीय उद्यान**

गंगोत्री नेशनल पार्क चुनौतीपूर्ण पैदल यात्राओं, पगडंडियों, कुचली हुई बर्फ, सीटी बजाते जंगल और सरसराहट करती पत्तियों से और भी बढ़ जाता है। आपको बताते चलें कि पार्क के खुलने के बाद, पर्यटकों को एक बार फिर इसके दो सबसे लोक. प्रिय आकर्षणों - गर्तांगली और नेलांग घाटी में जाने की अनुमति मिल जाती है ।

गर्तांगली, जो खड़ी चट्टान पर बने अपने ऐतिहासिक लकड़ी के पुल के लिए जानी जाती है, और सुदूर नेलोंग घाटी, जिसे अक्सर ष्उत्तराखंड का लद्दाखष कहा जाता है, रोमांच के शौकीनों और प्रकृति प्रेमियों को समान रूप से आकर्षित करती है। फिर से खुलने के साथ, अधिकारियों ने पर्यटकों के लिए एक सहज और सुरक्षित अनुभव सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा उपाय और आगंतुक दिशानिर्देश लागू किए गए है ।

### गंगोत्री नेशनल पार्क में दुर्लभ वन्य जीव हिम तेंदुए,कस्तूरी मृग है आकर्षण का केंद्र

**उत्तरकाशी :** उत्तरकाशी जिले में स्थित गंगोत्री नेशनल पार्क 2,390 वर्ग किमी क्षेत्रफल पर विस्तारित है।

150 पक्षी प्रजातियाँ और लगभग 15 स्तनधारी प्रजातियाँ भी हैं। यहाँ हिमालयन बारबेट, आइबेक्स, टाइगर, थार, सीरो, तीतर, तीतर, कबूतर, तोता, बुलबुल आदि भी पाए जाते हैं।

इस क्षेत्र में एक उपयुक्त जलवायु है जो कुछ दुर्लभ जानवरों की प्रजातियों के पनपने के लिए बहुत बढ़िया है जैसे कि हिम तेंदुए, काले भालू, भूरे भालू, कस्तूरी मृग, नीली भेड़ या भारल, हिमालयी तहर, हिमालयी मोनाल, कोक्लास और हिमालयी स्नोकॉक आदि जानवर देखने को मिलते है ।

फोटो कैप्शन रोमांच से भरा है दुनिया का ये सबसे खतरनाक रास्ता, देखकर सांसे थम जाएंगी।

# खान विभाग की बिल्डिंग में लगी भीषण आग

## रामलीला कमेटी का लाखों का सामान और विभागीय दस्तावेज जलकर राख

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मुखानी क्षेत्र में स्थित खान विभाग की इमारत में सोमवार दोपहर भीषण आग लग गई, जिससे विभागीय दस्तावेजों के साथ-साथ रामलीला कमेटी का लाखों का सामान जलकर राख हो गया। आग इतनी तेजी से फैली कि ग्राउंड फ्लोर पूरी तरह खाक हो गया। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार तल्ली बमौरी स्थित खान विभाग कार्यालय के ग्राउंड फ्लोर पर दोपहर करीब ढाई बजे अचानक आग लग गई। इस हिस्से में पिछले कई वर्षों से श्री रामसेवक रामलीला कमेटी का सामान स्टोर किया जा रहा था। आग



पहले अंदर ही अंदर भड़कती रही, लेकिन जब लपटें बाहर निकलीं तो आसपास के लोगों को इसका पता चला। आग इतनी भीषण थी कि कमरों के दरवाजे, खिड़कियां और छत तक जल गईं। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर नियंत्रण पाया जा सका। लेकिन तब तक रामलीला कमेटी का लगभग 6 लाख रुपये का मंचन सामग्री, वेशभूषा, सजावटी सामान सहित पूरा स्टॉक जलकर राख हो चुका था। खान विभाग के कर्मचारियों ने भी विभागीय दस्तावेजों के जलने की पुष्टि की, हालांकि यह स्पष्ट नहीं हो पाया कि कौन-कौन से अहम दस्तावेज इस आग की भेंट चढ़े। मौके पर पहुंचे पटवारी रमेश चौहान ने भी घटना का जायजा लिया और नुकसान का आकलन शुरू कराया। रामलीला कमेटी के चारू तिवारी ने बताया कि उनका पूरा संग्रह, जिसमें मंचीय सामग्री से लेकर पारंपरिक वस्त्र तक शामिल थे, जलकर नष्ट हो गया है। उन्होंने इसे सांस्कृतिक धरोहर को हुआ बड़ा नुकसान बताया। शुरुआती जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है, हालांकि दमकल विभाग ने अभी इसकी पुष्टि नहीं की है और मामले की जांच जारी है।

## बुजुर्ग व महिला ने उपचार के दौरान तोड़ा दम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** अलग-अलग मामलों में एक बुजुर्ग सहित एक महिला ने अज्ञात कारणों के चलते जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। आनन फानन में दोनों को परिजनों द्वारा सुशीला तिवारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान दोनो ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने दोनो के शवों का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार छड़ायल नयाबाग निवासी मोहनी जोशी (88) ने रविवार शाम अज्ञात कारणों के चलते जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ती देख परिजनों ने सुशीला तिवारी अस्पताल भर्ती कराया। वहीं दूसरी ओर जगूरा मल्लीताल निवासी विमला देवी (39) ने बीते 29 अप्रैल को जहर खा लिया था। आनन फानन में परिजनों द्वारा नैनीताल जिला अस्पताल में उपचार के लिया लाया गया लेकिन हालत नाजुक होने पर उन्हें सुशीला तिवारी अस्पताल रेफर कर दिया। जहां लंबे उपचार के बाद रविवार रात विमला ने भी दम तोड़ दिया। पुलिस ने दोनो के शवों का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया।

# पूर्व क्रिकेटर मनोज पर दिया मुकदमा दर्ज करने के आदेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर मनोज प्रभाकर और उनके बेटे रोहन प्रभाकर की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं। शहर के एक व्यवसायी से लाखों रुपये की

- व्यापारी से धोखाधड़ी के मामले में कसा शिकंजा
- मनोज प्रभाकर का बेटा रोहन भी मुश्किल में

धोखाधड़ी के आरोप में अदालत ने पुलिस को दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के आदेश दे दिए हैं। यह फैसला उस वक्त आया जब पीड़ित ने बार-बार पुलिस से गुहार लगाने के बावजूद कोई कार्रवाई न होते देख न्यायालय की शरण ली। बरेली रोड निवासी जसविंदर सिंह भसीन जो श्री गुरुनानक इंटरप्राइजेज के मालिक हैं, ने आरोप लगाया कि उन्हें प्रभाकर की कंपनी नेचुरंस हर्बल प्राइवेट लिमिटेड का सुपर डिस्ट्रीब्यूटर बनाया गया था। मनोज ने 2.5 लाख नकद लिए और एक ब्लैंक चेक भी लिया, जिसके बाद कंपनी से माल भेजा जाता रहा। जसविंदर इसे कुमाऊं क्षेत्र में सप्लाई करते रहे, लेकिन अचानक मनोज ने बिना किसी सूचना के कंपनी बंद कर दी। इतना ही नहीं, जसविंदर का आरोप है कि कंपनी का मार्केटिंग हेड बाजार से सीधे पेमेंट उठवाने लगा, जिससे उन्हें लाखों रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ। जब उन्होंने मनोज प्रभाकर से संपर्क करना चाहा, तो कोई जवाब नहीं मिला। पुलिस के कई स्तरों पर गुहार के बावजूद जब कोई कार्रवाई नहीं हुई, तो जसविंदर ने अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अखिलेश कुमार पांडे की अदालत में वाद दायर किया, जहां उन्होंने सारे साक्ष्य प्रस्तुत किए। कोर्ट ने मामले की गंभीरता को देखते हुए हल्द्वानी कोतवाली पुलिस को तत्काल मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू करने के निर्देश दिए हैं। इस मामले में कोतवाल राजेश कुमार यादव ने पुष्टि की कि कोर्ट आदेश मिलते ही मुकदमा दर्ज किया जाएगा और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया अपनाई जाएगी।

## बोलेरो दुर्घटना की मजिस्ट्रियल जांच

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पटरानी मोटर मार्ग पर विगत 5 मई को अपराह्न 1.30 बजे एक बोलेरो वाहन संख्या यूके 04 ई 9977 दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, जिसमें 9 लोग सवार थे। इस दुर्घटना में 4 व्यक्तियों की मृत्यु हो गई और 5 लोग घायल हो गए। इस घटना की गंभीरता को देखते हुए, जिला मजिस्ट्रेट ने इसकी जांच के लिए उप जिला मजिस्ट्रेट धारी, कां. गोस्वामी को मजिस्ट्रियल जांच सौंप दी है। उप जिला मजिस्ट्रेट, केएन गोस्वामी ने घटना से संबंधित सभी लोगों से अपील की है कि जो भी व्यक्ति इस दुर्घटना के बारे में जानकारी रखते हैं या उनके पास कोई साक्ष्य मौजूद है, वे अपने लिखित या मौखिक बयान/अभिकथन 10 दिन के भीतर किसी भी कार्य दिवस में उनके कार्यालय या न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। यह जांच दुर्घटना के कारणों और उसके परिणामों की सटीक जानकारी जुटाने के उद्देश्य से की जा रही है, ताकि संबंधित अधिकारियों को उचित कार्रवाई करने में सहायता मिल सके।

# मानसून से पूर्व सुरक्षा तैयारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मानसून से पूर्व संभावित प्राकृतिक आपदाओं से बचाव और सुरक्षा के मद्देनजर प्रशासन द्वारा विभागीय स्तर पर तैयारियां जोरों पर हैं। हल्द्वानी क्षेत्र में प्रमुख नालों की सफाई, चैनलाइजेशन और अन्य सुरक्षात्मक कार्य तेजी से किए जा रहे हैं ताकि बरसात में संभावित जलभराव और बाढ़ के खतरों से निपटा जा सके। जिलाधिकारी वंदना द्वारा दिए गए निर्देशों के तहत हल्द्वानी नगर क्षेत्र के प्रमुख नालों की सफाई और चैनलाइजेशन कार्य तेज़ी से चल रहा है।

इन नालों के माध्यम से बरसात के पानी की निकासी सुनिश्चित की जा रही है, ताकि किसी प्रकार की



आपातकालीन स्थिति से बचा जा सके। सिंचाई विभाग, नगर निगम हल्द्वानी और वन विभाग के अधिकारियों ने इन कार्यों को प्राथमिकता देते हुए त्वरित कार्रवाई शुरू कर दी है। सिंचाई विभाग ने कलसिया नाले में 900 मीटर चैनलाइजेशन का कार्य पूरा कर लिया है। नगर निगम हल्द्वानी द्वारा रकसिया नाले की सफाई का कार्य लगातार जारी है, जिसकी कुल लंबाई 7 किलोमीटर है। अब तक 3 किलोमीटर की सफाई का कार्य पूरा कर लिया गया है। वन विभाग द्वारा देवखड़ी नाले में भू कटाव और बाढ़ सुरक्षा के नियंत्रण हेतु 13 चैक डैमों का निर्माण कर रहा है। वर्तमान में 8 चैक डैम का निर्माण कार्य पूरा किया जा चुका है, और बाकी चैक डैम 10 दिनों के अंदर पूर्ण कर लिए जाएंगे।

# गौलापार में सुविधाएं न मिलने पर रोष

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** गौलापार क्षेत्र में प्राधिकरण की सीमा में आने वाले क्षेत्रों को सीमा से बाहर करने और विद्युत विभाग की ओर से नए कनेक्शन न दिए जाने आदि समस्याओं को लेकर पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य अर्जुन सिंह बिष्ट की अगुवाई में ग्रामीणों ने सोमवार को एसडीएम कोर्ट में नारेबाजी कर प्रदर्शन किया और बाद में इस सम्बन्ध में सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य अर्जुन बिष्ट ने कहा कि शासन ने क्षेत्र को प्राधिकरण में शामिल कर लिया है लेकिन किसी भी तरह की सुविधा नहीं दी जा रही है जिससे ग्रामीणों में आक्रोश है।

वही क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट नहीं है और सड़क भी टूटी हुई है। प्राधिकरण कोई सुविधाएं उपलब्ध नहीं करा रहा है और ऊपर से विभाग ग्रामीणों पर चलानी कार्यवाही कर रहा है। ग्रामीणों ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि या तो प्राधिकरण क्षेत्र में सुविधाएं उपलब्ध कराये अन्यथा क्षेत्र को प्राधिकरण की सीमा से बाहर रखे। उन्होंने विद्युत विभाग द्वारा नए कनेक्शन न दिए जाने का मुद्दा भी उठाते हुए कहा कि विभाग ने कुछ समय से नए कनेक्शन देने में रोक लगा दी है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों को जल्द पूरा नहीं किया गया तो वह आंदोलन को बाध्य होंगे। इस दौरान हेमंत बगड्वाल, महिपाल सिंह, बची सिंह, राजेंद्र प्रसाद, मदन राम, रेवती देवी, जगदीश राम, शिव राम, हरीश सिंह, महिपाल रैकवाल, विनोद कुमार, नरेश दानी आदि मौजूद रहे।



## युवती से छेड़छाड़, मुकदमा

**हल्द्वानी।** युवती से छेड़छाड़ करने वाले समुदाय विशेष के युवक पर हल्द्वानी कोतवाली पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। राजपुरा निवासी प्रीतम सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में लिखा, रोडवेज स्टेशन पर चाय के ठेले पर मो. आमिर नाम का युवक ने एक महिला को बैठाकर उसके साथ छेड़छाड़ कर रहा था। पूछने पर युवती ने बताया की उक्त युवक उसके साथ छेड़खानी कर रहा है और उसके मोबाइल से अन्य युवकों को भी फोन कर रहा है। इसके बाद डायल 112 पर को सूचना दी गई।


**टाटा कैपिटल लिमिटेड**

पंजीकृत कार्यालय: 11वीं मंजिल, टावर ए, पेनिनसुला बिजनेस पार्क, गणपतराव कदम मार्ग, लोवर पैरल, मुंबई-400013.

**कब्ज़ा सूचना (अचल संपत्ति हेतु)**

**(सुरक्षा हित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 8(1) के साथ पढ़े गए परिशिष्ट IV के अनुसार)**

सूचित किया जाता है कि **टाटा कैपिटल लिमिटेड (टीसीएल)** एक गैर-बैंकिंग वित्त कंपनी है और कंपनी अधिनियम, 1956 के प्रावधानों के तहत निगमित है और इसका पंजीकृत कार्यालय पेनिनसुला बिजनेस पार्क, टॉवर ए, 11वीं मंजिल, गणपतराव कदम मार्ग लोअर परेल, मुंबई-400013 और नई दिल्ली में अन्य स्थानों के बीच एक शाखा कार्यालय ("शाखा")। दिनांक 24.11.2023 के आदेशों के तहत, नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी) मुंबई ने ट्रांसफरर्स और टाटा कैपिटल के रूप में टाटा कैपिटल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड ('टीसीएफएसएल') और टाटा क्लीनटेक कैपिटल लिमिटेड ('टीसीएफएसएल') के बीच व्यवस्था की योजना को विधिवत मंजूरी दे दी है। लिमिटेड ("टीसीएल") को कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 66 और अन्य लागू प्रावधानों के साथ पठित धारा 230 से 232 के प्रावधानों के तहत हस्तांतरिती के रूप में ("कहा गया") योजना')। इसके संदर्भ में, टीसीएफएसएल और टीसीसीएल (ट्रांसफरर कंपनियां) अपने उपक्रम के साथ सभी संपत्तियों, परिसंपत्तियों, परिसंपत्तियों, अधिकारों, लाभ, ब्याज, कर्तव्यों, दायित्वों, देनदारियों, अनुबंधों, समझौतों के साथ एक चालू चिंता के रूप में टीसीएल में विलय कर चुकी हैं। प्रतिभूतियाँ 01.01.2024 उक्त आदेश और योजना के अनुसरण में, टीसीएफएसएल द्वारा निष्पादित सभी सुविधा दस्तावेज और उनके संबंध में सभी बकाया आवेदक कंपनी को हस्तांतरित कर दिए गए और इस प्रकार टीसीएल इसके संदर्भ में (उधारकर्ताओं/सह-उधारकर्ताओं) से दावा करने का हकदार है।

जबकि, अधोहस्ताक्षरी वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत टाटा कैपिटल लिमिटेड का प्राधिकृत अधिकारी है और सुरक्षा हित के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करता है। (प्रवर्तन) नियम, 2002, ने एक **डिमांड नोटिस - 12.02.2025** जारी किया, जिसमें उधारकर्ताओं से 60 दिनों के भीतर नोटिस में उल्लिखित राशि चुकाने का आह्वान किया गया।

उधारकर्ताओं द्वारा राशि चुकाने में विफल रहने पर, निम्नलिखित उधारकर्ताओं को, विशेष रूप से और जनता को, सामान्य रूप से नोटिस दिया जाता है, कि नीचे हस्ताक्षरकर्ता ने यहां वर्णित गिरवी संपत्तियों इसके बाद "सुरक्षित संपत्ति" के रूप में संदर्भित का कब्ज़ा ले लिया है। उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे दिया गया है।

विशेष रूप से उधारकर्ताओं और सामान्य रूप से जनता को चेतावनी दी जाती है कि वे संपत्ति का लेन-देन न करें और संपत्ति के साथ कोई भी लेन-देन **टाटा कैपिटल लिमिटेड** के शुल्क के अधीन होगा, जिसमें नीचे दी गई राशि ब्याज सहित होगी और मांग नोटिस की तारीख से दंडात्मक ब्याज, शुल्क, लागत आदि।

**(उधारकर्ता का ध्यान सुरक्षित संपत्तियों को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।)**

| ऋण खाता संख्या | दायित्व (ओं)/कानूनी उत्तराधिकारी/ कानूनी प्रतिनिधि(ओं) का नाम | डिमांड नोटिस की दिनांक & राशि | सांकेतिक कब्जे की तिथि |
|---|---|---|---|
| टीसीएफएलए 03740000 12176104 | 1. **मैसर्स बालाजी ग्लास कंपनी** 58 एजी 3 पीएलएस प्लाजा गांधी रोड देहरादून उत्तराखंड 248001, 2. **अंकुर कुमार** चूना भट्टा रायपुर रोड देहरादून 248001, 3. **अकांशा चूना भट्टा** रायपुर रोड देहरादून 248001. | रू. 21,44,879/- & 12.02.2025 | 17.05.2025 |

**संपत्ति का विवरण:** दुकान संख्या AG-5 [छत के अधिकार के बिना], का वह समस्त भाग और नीचे का फ्लोर अधिकार क्षेत्र 154 वर्ग फीट या 13.31 वर्ग मीटर है, जिसे लोकप्रिय रूप से पीएलएस प्लाजा देहरादून के रूप में जाना जाता है, जो नगरपालिका संख्या 4-बी राजा रोड, देहरादून 248001 की संपत्ति का हिस्सा है, जिसका अधिक विशेष रूप से उल्लेख 18.04.2023 को श्रीमती आकांक्षा पत्नी श्री अंकुर कुमार के पक्ष में पंजीकृत बिक्री विलेख में किया गया है। निम्नानुसार सीमाबद्ध और बटेड:- पूर्व: दुकान संख्या AG-4, 10 फीट की भुजा। पश्चिम: श्री आर्यन त्यागी की संपत्ति, 10 फीट की भुजा। उत्तर: 25 फीट पार्किंग क्षेत्र, 15 फीट 5 इंच की भुजा। दक्षिण: दुकान संख्या AG-6, 15 फीट 5 इंच की भुजा।

दिनांक: 17.05.2025 — एसडी/- अधिकृत अधिकारी
स्थान:- देहरादून (उत्तराखण्ड) — टाटा कैपिटल लिमिटेड



**न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू०डि०) महोदय, नरेन्द्रनगर, टि०ग०।**

वाद सं०— सन—2025

**वादीगण—** 1. फूल देई पत्नी जय चंद
2. वीर सिंह पुत्र जय चंद, निवासीगण ग्राम—कुखई तल्ली, पट्टी—कुजणी, जनपद—टिहरी गढ़वाल।

**बनाम**

**प्रतिवादीगण—** 1. सरकार उत्तराखण्ड द्वारा कलक्टर टि०ग०।
2. आम जनता द्वारा प्रधान ग्राम पंचायत कुखई, पट्टी—कुजणी, जनपद—टिहरी गढ़वाल।
3. राजेन्द्र सिंह पुत्र शेर सिंह ग्राम—कुखई, पट्टी—कुजणी, जनपद—टिहरी गढ़वाल।

चूँकि उपरोक्त वादीगण द्वारा उपरोक्त वाद अपने पति/पिता जय चंद जो कि 40 वर्ष से लापता हैं तब से उनका न कोई पत्र आया न ही कहीं देखे व सुने गये हैं उनके पुत्र, पत्नी व आम जनता ने उन्हें अब मृत मान लिया है की दीवानी मृत्यु घोषित करने हेतु वाद संस्थित किया है।

अतएव किसी आम जन को कोई आपत्ति हो तो स्वयं या ऐसे अधिवक्ता द्वारा जो सम्यक रूपेण अनुर्दिष्ट हो और वाद सम्बंधित समस्त प्रश्नों का उत्तर देने में समर्थ हो नियत दिनांक 16—06—2025 को 11 बजे पूर्वाह्न न्यायालय में उपस्थित/उपसंजात हो व ऐसा न करने पर उक्त वाद एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा।

आज दिनाँक 17—05—2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

आज्ञा से
प्रबन्धक
सिविल जज
नरेन्द्रनगर, टिहरी गढ़वाल


# गाड़ी सीज, नाबालिग के पिता पर मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शहर में नाबालिग वाहन चालकों के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार जारी है। बनभूलपुरा थाना पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक नाबालिग को तेज रफ्तार स्कूटी चलाते हुए पकड़ा, जिसके पास न तो हेलमेट था और न ही वाहन से संबंधित कोई वैध कागजात। पुलिस ने स्कूटी को सीज कर दिया और नाबालिग के पिता के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार बनभूलपुरा थाने में तैनात एसआई मनोज यादव रविवार को रेलवे बाजार क्षेत्र में चेकिंग अभियान चला रहे थे। इस दौरान स्कूटी संख्या यूके04एस-4178 को रोका गया। स्कूटी चला रहा युवक बिना हेलमेट था और उसकी उम्र मात्र 17 वर्ष निकली। पूछताछ में उसने अपना नाम अली पुत्र असलम, निवासी गौजाजाली बनभूलपुरा बताया। जांच में सामने आया कि स्कूटी मल्ली बमौरी दमुवाढूंगा निवासी तुषार केसरवानी पुत्र चन्द्रप्रकाश केसरवानी के नाम पर पंजीकृत है। अली ने बताया कि यह गाड़ी उसके पिता ने पुरानी खरीदी थी, लेकिन नाम ट्रांसफर नहीं कराया गया। साथ ही अली के पास ड्राइविंग लाइसेंस या कोई दस्तावेज भी नहीं था। पुलिस ने तुरंत स्कूटी सीज कर दी और अली को उनके पिता असलम के सुपुर्द कर दिया। साथ ही नाबालिग को वाहन सौंपने के आरोप में असलम के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया।


**NAME CHANGE**

I **MANOJ KUMAR** S/o **TEERATH SINGH**, R/o- 47, Allawalpur, Alawalpur, Haridwar, Uttarakhand-247671 have Changed the name of my minor son **KARTIK CHOUDHARY** aged 10 years and he shall hereafter be known as **REYANSH CHAUDHARY**.



**।। कार्यालय नगर पालिका परिषद, रूद्रप्रयाग ।।**

पत्रांक— 259 /दुकान आवंटन/2025—26 — दिनांक 19 मई, 2025

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद, रूद्रप्रयाग क्षेत्र के समस्त नागरिकों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद, रूद्रप्रयाग के क्षेत्रान्तर्गत् निम्न वर्णित दुकान को खुली बोली के आधार पर निर्धारित आवेदन पत्र के माध्यम से आगामी 11 माह के लिये शर्तों के अधीन किराये पर दिये जाने के निमित्त दिनांक 26—05—2025 को पूर्वाह्न 12:00 बजे तक आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं, जो कि उसी दिन अपरान्ह 3:00 बजे समिति एवं आवेदनकर्ताओं के सम्मुख खुली बोली के आधार पर आवंटित की जायेगी। आवेदन पत्र नगर पालिका परिषद, रूद्रप्रयाग कार्यालय में निर्धारित शुल्क जमा कर दिनांक 26—05—2025 को पूर्वाह्न 12:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते हैं। दुकान आवंटन से सम्बन्धित अन्य नियम, शर्तें व विस्तृत जानकारी कार्यालय में किसी भी कार्यदिवस को देखी जा सकती है। इस सूचना को जनपद की वेबसाईट http://rudraprayag.nic.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. सं. | सम्पत्ति/दुकान का नाम | प्रीमियम धनराशि | निर्धारित किराया प्रतिमाह | आवेदन शुल्क | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बस अड्डा मीट मार्केट में 01 दुकान | 10,000 | 1730.00 | 500+GST | 10,000 |

अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद रूद्रप्रयाग, रूद्रप्रयाग — अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, रूद्रप्रयाग



**नाम परिवर्तन**

**सर्वसाधारण** को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम गजाला फातमा (**GAZALA FATMA - पुराना नाम**) से बदलकर गजाला फातमा (**GAJALA FATMA - नया नाम**) कर लिया है। भविष्य में मुझे गजाला फातमा पत्नी निजामुद्दीन खान के नाम से जाना व पहचाना जाए।

**शपथकर्ता :** गजाला फातमा पत्नी निजामुद्दीन खान, निवासी: बंजारावाला, पी.ओ. बंजारावाला, जिलादेहरादून-248001, उत्तराखण्ड।



**कार्यालय:- कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी कोटद्वार गढवाल**

पत्रांक : 235 /कृ0भू0स0अ0को0/भण्डार/ 2025-26 — दिनांक 17.05.02025

**नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद पौड़ी गढ़वाल में वर्ष 2023-24 में रबी बीज उत्पादन कार्यक्रम के अन्तर्गत उत्पादित गेंहू बीज की छानस की नीलामी की जानी है। नीलामी कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी कार्यालय कोटद्वार में दिनांक 06.06.2025 को अपराहन 2.00 बजे गठित नीलामी समिति के सम्मुख सम्पन्न की जायेगी। इच्छुक बोलीदाता उक्त नीलामी में निर्धारित तिथि एवं समय पर पहुँचकर स्वंय भाग ले सकता है। गेंहू बीज की छानस का निरीक्षण नीलामी से पूर्व किसी भी कार्य दिवस पर बफर प्रभारी से सम्पर्क कर किया जा सकता है।

**नीलामी की शर्तें**

1. प्रत्येक बोलीदाता को नीलामी में भाग लेने से पूर्व बफर प्रभारी के पास मु0 1000.00 (एक हजार) रूपये मात्र अर्नेस्ट मनी के रूप में जमा करना आवश्यक है। अर्नेस्ट मनी की धनराशि जमा न करने की दशा में सम्बन्धित व्यक्ति नीलामी में प्रतिभाग नही ले सकेगा और न ही नीलामी परिसर में उपस्थित रह सकता है। अर्नेस्ट मनी के रूप में मु० 1000.00 (एक हजार) रूपये मात्र नीलामी से पूर्व समय अपराहन 12.00 बजे दोपहर तक जमा करनी होगी, तदोपरान्त धनराशि स्वीकार नही की जायेगी।
2. गेंहू बीज की छानस अनुमान के अनुसार उच्चतम बोली प्राप्त होने पर ही नीलामी स्वीकार की जायेगी। अनुमान से कम बोली प्राप्त होने की दशा में उक्त की स्वीकृति पर विचार नही किया जायेगा।
3. उच्चतम बोलीदाता को बोली गई धनराशि का सम्पूर्ण भुगतान तत् समय बोली धनराशि स्वीकार्य होने पर एक मुश्त बफर प्रभारी के पास जमा करनी होगी, ऐसा न करने पर सम्बन्धित उच्चतम बोलीदाता की अर्नेस्ट मनी की धनराशि जब्त कर ली जायेगी तथा द्वितीय उच्चतम बोलीदाता द्वारा बोली गई बोली पर विचार किया जायेगा। 4. गेंहू बीज की छानस के लिये बोली गई उच्चतम बोलीदाता की अर्नेस्ट मनी की धनराशि तब तक रोक दी जायेगी जब तक बोलीदाता द्वारा पूर्व नीलामी हेतु बीज छानस का पूर्ण रूप से उठान बिना किसी भी विवाद के नही किया जाता है। नीलामी सम्पन्न होने के उपरान्त अन्य असफल बोलीदाताओं की अर्नेस्ट मनी की धनराशि वापिस की दी जायेगी।
5. अध्यक्ष नीलामी समिति को यह अधिकार रहेगा, कि बिना किसी कारण बताए बोली को स्वीकार / अस्वीकार कर सकते है एवं नीलामी प्रक्रिया निरस्त कर दी जायेगी।

(भगवान दास)
कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी
कोटद्वार गढवाल।



**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता**
**पी0एम0जी0एस0वाई0, सिंचाई खण्ड, देहरादून**
email: eepmgsydehradun@rediffmail.com
प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना

पत्रांक :—592 /पी0एम0जी0एस0वाई0/सि0ख0दे0/निविदा, — दिनांक 19/05/2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना सं0—05**

महामहिम राज्यपाल महोदय उत्तराखण्ड की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा लो0नि0वि0/सिंचाई मे पंजिकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य की मोहरबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा 20.05.2025 से 05.06.2025 तक किसी भी कार्यदिवस में 10:00 बजे पूर्वाह्न से 5:00 बजे सायं तक निर्धारित शुल्क देकर कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, पी0एम0जी0एस0वाई0, सिंचाई खण्ड देहरादून से क्रय किये जा सकते है तथा दिनांक 06.06.2025 को अपरान्ह 1.00 बजे तक कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, पी0एम0जी0एस0वाई0, सिंचाई खण्ड देहरादून के निविदा बॉक्स में डाली जा सकती है। प्राप्त निविदायें दिनांक 06.06.2025 को अपराहन 3:30 बजे कार्यालय में अधोहस्ताक्षरी अथवा अधिकृत प्रतिनिधि के द्वारा,उपस्थित ठेकेदारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी। निविदा के साथ वांछित धरोहर धनराशि एन.एस.सी./डाकघर बचत बैंक पास बुक एवं भारत सरकार में किसी अनुसूचित बैंक की जमा रसीद के रूप में जो अधिशासी अभियन्ता, पी0एम0जी0एस0वाई0, सिंचाई खण्ड, देहरादून के नाम से बन्धक हो लगाना आवश्यक है। इसके अतिरिक्त निविदा प्रपत्र के साथ रू0 100/— के रेवेन्यू स्टाम्प पेपर पर रू0 1.00 का रसीदी टिकट लगाकर वैधता की शर्तो के साथ हस्ताक्षर कर संलग्न करना आवश्यक होगा। इसके बिना निविदा पर विचार नही किया जायेगा। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि रू0 | निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 | निविदा की वैधता अवधि | ठेकेदारों की पंजीकरण की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Balance work of PBMC Maintenance (1 years) at MRL07-NH 72 to through Fathehpur Herbertpur Marg to Bairagiwala Motor Road under PMGSY | 20000.00 | 500+GST | 45 दिन | मार्ग कार्य हेतु पंजीकृत श्रेणी—डी एवं उच्चतर |

अधिशासी अभियन्ता
पी0एम0जी0एस0वाई0, सिंचाई खण्ड,
6—इन्दिरा नगर, देहरादून



**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

सम्पादक: एस.एन. राना
*कार्यकारी सम्पादक आनन्द बत्रा 'सुमन'
स्थानीय सम्पादक चेतन गुरूंग
देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून
☎0135-2743363
R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656
मोबाइल-9720007290
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# जीत के साथ खोया आत्मविश्वास हासिल करने उतरेगी सीएसके

● दोनों टीमें अब तक अपने अभियान में केवल तीन जीत के साथ प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है



**नई दिल्ली, वार्ता।** करिश्मायी कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी की अगुवाई में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 62वें मुकाबले में मंगलवार को राजधानी के अरुण जेटली स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के खिलाफ जीत के साथ साथ खोया आत्मविश्वास हासिल करने के इरादे से मैदान पर उतरेगी।

संजू सैमसन के कुशल नेतृत्व में राजस्थान रॉयल्स बेहतरीन बल्लेबाजी फॉर्म की बदौलतर हाल ही में सीएसके पर अपना दबदबा बनाने में सफल रही है और इस मुकाबले में भी उसका इरादा जीत का स्वाद चखने का होगा। दोनों टीमें अब तक अपने अभियान में केवल तीन जीत के साथ प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी हैं। इस प्रकार आईपीएल 2025 का यह मुकाबला इस सीज़न को शानदार तरीके से खत्म करने और अपने चहेते कप्तान की साख को बरकरार रखने का होगा। चेन्नई ने कोलकाता नाइट राइडर्स को दो विकेट से हराकर अभियान की शुरूआत की थी, लेकिन उनका शीर्ष क्रम अस्थिर रहा। पंजाब किंग्स से दस रन से हारने के बावजूद आरआर ने अपने पिछले दो मैचों में 400 से अधिक रन बनाए हैं और अधिक संतुलित बल्लेबाजी इकाई के तौर पर स्पष्ट दिखाई दी है। दूसरी ओर राजस्थान ने चेन्नई के खिलाफ अपने पिछले पांच मैचों में से चार जीते हैं। यशस्वी जायसवाल, वैभव सूर्यवंशी और ध्रुव जुरेल जैसे प्रमुख खिलाड़ी बेहतरीन फॉर्म में हैं। उनकी गेंदबाजी चिंता का विषय बनी हुई है, जिसमें तुषार देशपांडे और फजलहक फारुकी पर सफलता दिलाने की जिम्मेदारी है। सीएसके के लिए, युवा सलामी बल्लेबाज आयुष म्हात्रे और शेख रशीद से मजबूत शुरुआत की उम्मीद की जाएगी, जबकि अनुभवी रवींद्र जडेजा, डेवाल्ड ब्रेविस और खुद धोनी मध्य और निचले क्रम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते नजर आयेंगे। टीम में गेंदबाजी आक्रमण खलील अहमद और अंशुल कंबोज पर निर्भर करेगा, जबकि स्पिनर रविचंद्रन अश्विन और जडेजा से किसी भी टर्न का फायदा उठाने की उम्मीद है। दिल्ली का मौसम पूर्वानुमान के मुताबिक बादल छाए रहने की उम्मीद है और सपाट पिच पारंपरिक रूप से बल्लेबाजों के अनुकूल है। पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम 200 के आसपास का स्कोर बनाने की कोशिश करेगी, क्योंकि इस मैदान पर दूसरी पारी में लक्ष्य का पीछा करना मुश्किल हो जाता है। हालांकि रविवार के मुकाबले में गुजरात टाइटंस ने दिल्ली कैपिटल के 200 रन के लक्ष्य को बिना विकेट खोये आसानी से हासिल कर लिया था। जब दोनों टीमों का सिर्फ सम्मान दांव पर लगा हो, तो सीएसके और आआर प्रशंसकों को एक आखिरी शो देने की कोशिश करेंगे और धोनी के के शानदार आईपीएल सफर का एक और अध्याय हो सकता है।

**सीएसके:** एमएस धोनी (कप्तान-विकेटकीपर), आयुष म्हात्रे, उर्विल पटेल, शेख रशीद, जड़ेजा, डेवाल्ड, अश्विन, अंशुल कंबोज, नूर अहमद, खलील अहमद, मथीशा पथिराना, शिवम (इम्पैक्ट प्लेयर)

**राजस्थान रॉयल्स:** संजू सैमसन (कप्तान और विकेटकीपर), यशस्वी जयसवाल, वैभव सूर्यवंशी, रियान पराग, शिम्रोन हेटमायर, ध्रुव जुरेल, वानिंदु हसरंगा, क्वेना मफाका, तुषार देशपांडे, आकाश मधवाल, फजलहक फारूकी, शुभम दुबे (इम्पैक्ट प्लेयर) के तौर पर रहेंगे।

## खेल समाचार

### 236 करोड़ से तैयार होगा उत्तर प्रदेश का चौथा इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम

**लखनऊ, वार्ता।** उत्तर प्रदेश सरकार ने गोरखपुर इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम के निर्माण व विकास कार्यों को भी धरातल पर उतारने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। कार्ययोजना के अनुसार, गोरखपुर के ताल नदौर में 236-40 करोड़ रुपए खर्च कर 50 एकड़ भूमि पर 18 महीनों में निर्माण व विकास कार्यों को पूरा किया जाएगा। प्रदेश में यह चौथा इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम होगा। प्रदेश में फिलहाल कानपुर व लखनऊ के स्टेडियम में इंटरनेशनल क्रिकेट मैचों का आयोजन होता है, वहीं वाराणसी में निर्माणाधीन इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम को भी तेजी से पूरा किया जा रहा है। गोरखपुर में बनने वाले इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम के मुख्य परिसर का निर्माण 45 एकड़ में होगा जबकि 5 एकड़ में अन्य सुविधाओं का विकास होगा। यह स्टेडियम एयरपोर्ट से 23-6 किमी, राप्तीनगर बस अड्डे से 22 किमी तथा गोरखपुर जंक्शन से 20-8 किमी की दूरी पर स्थित होगा तथा उत्तम कनेक्टिविटी को प्रशस्त करने के लिए इसे संपर्क मार्ग के जरिए गोखपुर-वाराणसी हाइवे (एनएच-24) से जोड़ने की तैयारी है। आईसीसी समेत विभिन्न वैश्विक संस्थाओं के मानकों के अनुसार इस 2 मंजिला क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण होगा। इसमें 7 मुख्य पिच व 4 प्रैक्टिस पिच होंगी तथा यह 30 हजार दर्शकों की क्षमता युक्त होगा। यह स्टेडियम मल्टीपर्पज यूज मॉड्यूल पर बनेगा, यानी यहां इंटरनेशनल क्रिकेटिंग इवेंट्स के साथ ही अन्य बड़े कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जा सकेगा। गोरखपुर इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम को ईपीसी मोड पर बनाए जाने की तैयारी है। इसके अंतर्गत स्टेडियम परिसर में एंट्री गेट्स, सिक्योरिटी चेक प्वॉइंट्स, ईस्ट व वेस्ट स्टैंड तथा नॉर्थ व साउथ पवेलियन का निर्माण किया जाएगा। परिसर में 1500 गाड़ियों की पार्किंग की क्षमता भी होगी। ईस्ट स्टैंड में 14,490 तथा वेस्ट स्टैंड में 14,490 के दर्शकों के बैठने की क्षमता होगी।

## द्रविड़ ने जुरेल का किया बचाव मैच में चूकने पर अफसोस जताया



● द्रविड़ ने टीम में शामिल युवा भारतीय बल्लेबाजों जायसवाल, वैभव सूर्यवंशी, पराग और संजू की तारीफ की

**नई दिल्ली, वार्ता।** राजस्थान रॉयल्स के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने दबाव में धैर्य बनाए रखने के लिए युवा बल्लेबाज ध्रुव जुरेल की प्रशंसा की और इस सीजन में टीम की करीबी हार के बावजूद कठिन परिस्थितियों में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने का श्रेय उन्हें दिया।

रविवार को राजस्थान की हालिया करीबी हार के बाद द्रविड़ ने कहा कि हर एक मैच में वह 13-14 रन प्रति ओवर का पीछा करना आसान नहीं है। उसने वास्तव में अच्छा खेला, भले ही हमने बीच के ओवरों में कई विकेट खो दिए हों। उसने हमें लक्ष्य के करीब पहुंचाया। क्रम में मुश्किल स्थिति में जुरेल के स्वभाव की प्रशंसा करते हुए द्रविड़ ने कहा कि ऐसा नहीं है कि वह सात रन प्रति ओवर की जरूरत के लिए मैदान में उतरा और असफल रहा। यह हमेशा 12-13 रन होता है, कभी-कभी इससे भी ज्यादा। मुझे लगता है कि जुरेल ने हमारे लिए नंबर 5 पर अच्छा प्रदर्शन किया है। इस स्थिति में बल्लेबाजी करना बहुत मुश्किल है। द्रविड़ ने टीम में शामिल युवा भारतीय बल्लेबाजों यशस्वी जायसवाल, वैभव सूर्यवंशी, रियान पराग और संजू सैमसन की तारीफ की और कहा कि हमने प्रतिभा देखी है। आज फिर से, जायसवाल, वैभव, जुरेल, यहां तक कि संजू और रियान की बल्लेबाजी भी देखी। हमारे पास युवा भारतीय बल्लेबाजों का एक मजबूत समूह है। वे एक साल में और बेहतर हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि सूर्यवंशी और पराग जैसे खिलाड़ियों को घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय मैचों के माध्यम से और अधिक अनुभव प्राप्त होगा। द्रविड़ ने कहा कि वैभव भारत अंडर-19 सेटअप की तरह बहुत अधिक क्रिकेट खेलेगा। रियान पराग भी। ये खिलाड़ी पूरे साल कठिन क्रिकेट खेलेंगे।

## बेन स्टोक्स ने चोट से उबरने के लिए शराब छोड़ी



**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स ने कहा कि उन्होंने इस साल की शुरुआत में शराब पीना छोड़ दिया था और उन्हे उम्मीद है इससे उनकी चोट से उबरने में मदद मिलेगी। 33 वर्षीय स्टोक्स ने दिसंबर में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट के दौरान चोट लगने के बाद अपने बाएं हैमस्ट्रिंग की सर्जरी करवाई थी। शुरू में उन्हें कम से कम तीन महीने के लिए बाहर कर दिया गया था, लेकिन अभी तक उन्होंने काउंटी चैंपियनशिप में डरहम के लिए नहीं खेला है। इंग्लैंड की अंतर्राष्ट्रीय गर्मियों की शुरुआत 22 मई से ट्रेंट ब्रिज में जिम्बाब्वे के खिलाफ एकमात्र टेस्ट के साथ होगी। ऑलराउंडर स्टोक्स को पिछली गर्मियों में द हंड्रेड के दौरान इसी तरह की चोट लगी थी। उन्होने कहा कि अपनी पहली बड़ी चोट के बाद, मुझे उसका सदमा याद है। मैंने सोचा हमने चार या पांच रात पहले थोड़ी शराब पी थी, क्या इससे कोई फर्क पड़ता। इससे कोई मदद नहीं मिलती। फिर मैंने सोचा ठीक है, मुझे जो करना है उसे बदलना होगा। नतीजतन, स्टोक्स ने कहा कि उन्होंने जनवरी की शुरुआत से शराब नहीं पी है।

## अल्कराज के सिर सजा इटैलियन ओपन का ताज

● वर्ल्ड रैंकिंग में दूसरे एलएफान पर पहुंचे सिनर की 26 मैचों की जीता का सिलसिला टूटा

**नई दिल्ली, वार्ता।** कार्लोस अल्कराज इटालियन ओपन के फाइनल में जैनिक सिनर को 7-6 (7/5), 6-1 से हराकर खिताब अपने नाम किया। उनका यह इस सीजन का तीसरा खिताब है। इसके साथ ही वह वर्ल्ड रैंकिंग में सिनर के बाद दूसरे एलएफाान पर पहुंच जाएंगे। मोंटे कार्लो में जीत के बाद अल्कराज का यह इस साल का दूसरा मास्टर्स 1000 खिताब है।

अल्कराज का यह इस साल का दूसरा मास्टर्स 1000 खिताब है। सिनर के 26 मैचों की जीत का सिल. सिला टूटा सिनर की 26 मैचों की लगातार जीत का सिलसिला टूट गया, जिन्हें पिछली बार भी अल्कराज ने ही चाइना ओपन के फाइनल में हराया था। 2024 की शुरुआत से सिनर को टूर फाइनल में हराने वाले अल्कराज एकमात्र खिलाड़ी हैं। इटालियन ओपन से पहले जैनिक सिनर को अल्काराज ने ही 2024 के शुरुआत में हराया था। जैस्मीन पाओलिनी ने सिंगल्स और डबल्स जीतने वाली खिलाड़ी बनीं जैस्मीन पाओ. लिनी ने मोनिका सेलेस के बाद पहली बार इटालियन ओपन में सिंगल्स और डबल्स दोनों का खिताब जीते। उन्होंने सारा एरानी के साथ मिलकर युगल का खिताब जीता और सिंगल्स में कोको गाफ को हराकर 1985 के बाद रोम में सिगल्स खिताब जीतने वाली पहली इटालियन महिला खिलाड़ी बनीं।



## बरार ने पत्नी को समर्पित किया 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार

**जयपुर, वार्ता।** राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 22 रन देकर तीन लेने वाले पंजाब किंग्स के गेंदबाज हरप्रीत बरार ने अपना 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार पत्नी को समर्पित किया है। यहां राजस्थान रॉयल्स को 10 रन से शिकस्त देने के बाद प्लेऑफ की दहलीज पर पहुंची पंजाब किंग्स के 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुने हरप्रीत बरार ने कहा कि मैं बेहद खुश हूं। मैं यह पुरस्कार अपनी पत्नी को समर्पित करना चाहता हूं क्योंकि यह शादी के बाद मेरा पहला पुरस्कार है। हमने बाएं हाथ के बल्लेबाजों के लिए बहुत अभ्यास किया है और पोंटिंग सर ने भी हमें कहा था कि एक लेफ्टी, लेफ्टी को आउट कर सकता है। जिस तरह से विकेट खेल रही थी और वह बल्लेबाजी कर रहे थे, हमारी योजना यही थी कि हम उन्हें खराब गेंद ना करें। सुनील जोशी सर के साथ बहुत काम आया है और उन्हें मुझे क्रीज का इस्तेमाल करने और बल्लेबाज को रीड करने में मेरी बेहद मदद की है।

## आदिल राशिद ने इंग्लैंड के नए कप्तान के रूप में ब्रूक का किया समर्थन



■ हैरी ब्रूक विंडीज के खिलाफ पहली बार टीम की कमान संभालेंगे

**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड के वरिष्ठ स्पिनर आदिल राशिद ने वेस्टइंडीज के खिलाफ अपनी पहली सीरीज से पहले नए कप्तान हैरी ब्रूक का समर्थन किया है। इंग्लैंड के लिए व्हाइट-बॉल क्रिकेट में एक नया युग शुरू हो रहा है, हैरी ब्रूक 29 मई से वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू मैदान पर होने वाली आगामी एकदिवसीय श्रृंखला के दौरान पहली बार कप्तानी संभालेंगे। इंग्लैंड की टीम हाल के वर्षों में एक बदलाव के दौर से गुजर रही है। 2019 आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप की जीत और 2022 टी20 विश्व कप की जीत के बाद, हाल ही में सफलता उनके हाथ नहीं लगी है। आईसीसी टूर्नामेंटों में उनके प्रदर्शन में उल्लेखनीय गिरावट आई है, 2023 क्रिकेट विश्व कप में वे सातवें स्थान पर रहे और 2025 चैंपियंस ट्रॉफी में वे जीत दर्ज नहीं कर पाए। जोस बटलर के पद छोड़ने के फैसले के बाद, 26 वर्षीय हैरी ब्रूक को इंग्लैंड के टेस्ट क्रिकेट का नेतृत्व करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। आईसीसी की रिपोर्ट के अनुसार, सीनियर खिलाड़ी पूरी तरह से उनके साथ हैं, आदिल राशिद को पूरा भरोसा है कि ब्रूक टीम को आगे ले जाने के लिए सही व्यक्ति हैं। पीए न्यूज एजेंसी से बात करते हुए राशिद ने कहा, ह मुझे यकीन है कि वह तैयार हैं, लेकिन जब कोई कप्तानी संभालता है तो यह रातों-रात नहीं होता। उनके पास समय है, उन्होंने अब तक जो किया है, उसमें उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया है। मुझे यकीन

## सीरीज कब्जाना बांग्लादेश का लक्ष्य



■ लिटन दास चाहते हैं कि उनकी कप्तानी में टीम और भी आक्रामक होकर खेले

**शारजाह, वार्ता।** बांग्लादेश के कप्तान लिटन दास ने अपनी टीम से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद करते हुये कहा कि वह सोमवार को यूएई के खिलाफ सीरीज के दूसरे टी-20 मैच में सीरीज पर कब्जा करना चाहते हैं।

शनिवार को सीरीज के पहले मैच में यूएई पर 27 रन से जीत दर्ज करने वाली बांग्लादेश को मैच के अंत में कुछ चिंता. जनक पलों का सामना करना पड़ा था। युवा सलामी बल्लेबाज परवेज हुसैन इमोन के शानदार शतक और उनके गेंदबाजों के परिपक्व प्रदर्शन की बदौलत बांग्लादेश ने सीरीज के पहले मैच में जीत दर्ज की, लेकिन दास चाहते हैं कि उनकी कप्तानी में उनकी टीम और भी आक्रामक हो और वे सोमवार को और भी बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद कर रहे हैं, दास ने कहा कि विकेट बल्लेबाजी के लिए बहुत अच्छा था और इमोन ने जिस तरह से बल्लेबाजी की, वह शानदार थी लेकिन हमें बेहतर प्रदर्शन करना होगा। हम आखिरी तीन ओवरों में ज्यादा रन नहीं बना सके। मैं हमेशा जानता हूं कि मेरे गेंदबाज किसी भी समय वापसी कर सकते हैं, क्योंकि मुझे अपनी गेंदबाजी इकाई पर भरोसा है। इसके साथ ही, यूएई के बल्लेबाजों को भी श्रेय दिया जाना चाहिए। उन्होंने बीच के ओवरों में बहुत अच्छी बल्लेबाजी की और हमें इससे सीखने की जरूरत है। उन्होने कहा कि यह समझने के लिए कि इस पिच पर किस तरह की गेंदबाजी कारगर साबित होगी। जिस तरह से सभी गेंदबाजों ने गेंदबाजी की और संयम दिखाया, वह प्रभावशाली था। बीच के ओवरों में स्कोर 50-50 लग रहा था, लेकिन उन्होंने शानदार वापसी की।

श्रृंखला के पहले मैच में इमोन की पारी ने उस नई आक्रामकता को दर्शाया, जिसे दास चाहते हैं कि बांग्लादेश अगले साल होने वाले आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप से पहले खेले। 22 वर्षीय इमोन टी-20 प्रतियोगिता में शतक बनाने वाले देश के दूसरे खिलाड़ी बन गए हैं। इमोन ने यूएई के असहाय आक्रमण के खिलाफ पांच चौके और रिकॉर्ड तोड़ नौ छक्के लगाए। मैच के बाद उन्होंने स्वीकार किया कि वह बांग्लादेश के बल्लेबाजों के लिए एक विशेष क्लब में इकबाल के साथ शामिल होने के लिए रोमांचित हैं। इमोन ने 54 गेंदों की पारी के बाद कहा कि ष्मैं तमीम भाई के (रिकॉर्ड) से अच्छी तरह वाकिफ था, क्योंकि उन्होंने ओमान के खिलाफ (2016 टी-20 विश्व कप में) शतक बनाया था और मैं उनके सभी मैच देखने की कोशिश करता हूं। घर लौटने के बाद, मुझे याद आया कि तमीम भाई ने पहला शतक बनाया था। मैं खुश हूं क्योंकि बचपन में मैं तमीम के खेल देखता था और अब मेरा नाम उनके नाम के ठीक बगल में है।

## मेसी ने इंटर मियामी से किया एकजुटता का आह्वान

**फ्लोरिडा, वार्ता।** स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी ने खराब दौर से गुजर रही अपनी टीम इंटर मियामी से एकजुटता बनाये रहने की अपील की है। उनकी टीम का खराब प्रदर्शन एमएलएस में ऑरलैंडो सिटी से घरेलू मैदान पर 3-0 से हार के साथ जारी रहा। फ्लोरिडा डर्बी में हार मियामी की सभी प्रतियोगिताओं में सात मैचों में पांचवीं हार थी और वे ईस्टर्न कॉन्फ्रेंस में छठे स्थान पर खिसक गए हैं। अर्जेंटीना के फॉरवर्ड मेसी ने केवल दो शॉट टारगेट पर लगाए और एक फी-किक को खराब प्रदर्शन के दौरान गंवा दिया। मेस्सी ने कहा कि अब हम वास्तव में देखेंगे कि क्या हम मुश्किल समय में एक टीम हैं, क्योंकि जब सब कुछ ठीक चल रहा होता है तो यह बहुत आसान होता है। जब मुश्किल समय आता है, तो हमें पहले से कहीं अत्निाक एकजुट होना चाहिए। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, ऑरलैंडो ने हाफ-टाइम से ठीक पहले लुइस मुरील के गोल से बढ़त हासिल की, उसके बाद दूसरे हाफ में मार्को पासालिक और डागुर डैन थोरहॉल्सन ने गोल किए। पिछले सीजन में ईस्टर्न कॉन्फ्रेंस में शीर्ष पर रहने वाली मियामी ने अपने पिछले सात मैचों में 20 गोल खाए हैं, जिसमें से उनकी एकमात्र जीत न्यूयॉर्क रेड बुल्स के खिलाफ आई है। क्लब की फॉर्म में गिरावट अगले महीने संयुक्त राज्य अमेरिका में होने वाले क्लब विश्व कप में उनकी उपस्थिति से पहले आई है। नवंबर में मियामी में पदभार संभालने वाले मुख्य कोच जेवियर मास्चेरानो ने कप्तान मेस्सी के शब्दों को दोहराया। उन्होने कहा कि जब आप इस गतिशील स्थिति में होते हैं, अगर हम में से प्रत्येक खुद को किनारे की ओर खींचना शुरू कर देता है, तो उस पल को पार करना असंभव हो जाएगा। यह स्पष्ट है कि हमें इस पर एक साथ काबू पाना होगा क्योंकि स्पष्ट रूप से इस टीम ने दिखाया है, खासकर सीज़न की शुरुआत में, कि वे क्या करने में सक्षम है।

## एशिया कप से हटने की खबरें सही नहीं: BCCI


■ बोर्ड ने एसीसी के आयोजन पर कोई बात नहीं की, हमारा फोकस आईपीएल पर है: सैकिया

**मुंबई, वार्ता।** बीसीसीआई के सेक्रेटरी देवजीत सैकिया ने भारत के एशिया कप से हटने की खबरों का खंडन किया है। सैकिया ने कहा कि एशिया कप से भारत के हटने की खबरें सही नहीं हैं। बोर्ड ने आगामी एसीसी आयोजनों पर न तो कोई चर्चा की है और न ही कोई कदम उठाया है। एसीसी को कुछ लिखना तो दूर की बात है। इस समय हमारा मुख्य ध्यान मौजूदा आईपीएल और उसके बाद होने वाली इंग्लैंड सीरीज, पुरुष और महिला दोनों पर है।श सोमवार सुबह कुछ मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया था कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने एशिया कप 2025 से हटने का मन बनाया है। दरअसल, पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी एशियन क्रिकेट काउंसिल (एसीसी) के अध्यक्ष हैं।

वे पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के चेयरमैन भी हैं। 22 अप्रैल को हुए पहलगांव में आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव की पि्लएफाति है। 2023 में वनडे फार्मेट में खेले गए एशिया कप में भारत-पाकिस्तानी की टीमें कोलंबो में लीग मुकाबले में भिड़ी थीं। इस मैच में भारत ने पाकिस्तान को 228 रन से हराया था। सितम्बर में भारत में होना है एशिया कप एशिया कप इस साल सितम्बर में भारत की मेजबानी में होना है। लेकिन, अगर भारत हटता है तो मुमकिन है कि पूरा टूर्नामेंट ही रद्द हो जाए। भारत के नहीं खेलने पर ब्राडकास्टर पीछे हट सकते हैं। इमर्जिंग वुमन एशिया कप से हटने की जानकारी दे दी गई मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अगले महीने श्रीलंका में होने वाले इमर्जिंग वुमन एशिया कप से हटने की जानकारी बीसीसीआई ने मौखिक रूप से दे दी है। 2023 में हाईब्रिड मॉडल पर खेला गया था एशिया कप 2023 में एशिया कप की मेजबानी पाकिस्तान को सौंपी गई थी। भारतीय टीम ने पाकिस्तान में जाकर खेलने से मना कर दिया था, जिसके बाद हाईब्रिड मॉडल पर खेला गया था। इसके तहत भारत के मैच श्रीलंका में करवाए गए थे। फाइनल भी श्रीलंका में खेला गया था। पाकिस्तान की टीम फाइनल में नहीं पहुंच पाई थी। भारत ने 10 विकेट से श्रीलंका को फाइनल में हराया था। इस साल फरवरी में हुए चैंपियंस ट्राफी में खेलने के लिए भी भारतीय टीम पाकिस्तान नहीं गई थी। टूर्नामेंट हाईब्रिड मॉडल पर खेला गया था। भारत के मैच दुबई में खेले गए थे। भारतीय टीम ने दुबई में चैंपियंस ट्राफी 2025 के खेले गए फाइनल में न्यूजीलैंड को 4 विकेट से हराकर खिताब अपने नाम किया था। 2023 वनडे वर्ल्ड कप के लिए भारत आई थी पाकिस्तानी टीम पाकिस्तान की टीम 2023 वनडे वर्ल्ड कप खेलने के लिए भारत आई थी। तब इंडिया और पाकिस्तान के बीच अहमदाबाद में 14 अक्टूबर को मुकाबला खेला गया था। भारत यह मैच 7 विकेट से जीता था।

## मोहम्मद शमी ने सीएम योगी से की शिष्टाचार भेंट

● शमी ने सीएम योगी को बुके भेंट किये



**लखनऊ, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर शिष्टाचार मुलाकात की।

शमी आज सुबह मुख्यमंत्री के पांच कालीद. ास मार्ग स्थित सरकारी आवास पहुंचे और मुख्यमंत्री योगी को बुके भेंट किया। योगी ने भारतीय तेज गेंदबाज को ओडीओपी के उत्पाद भेंट किये। शिष्टाचार मुलाकात के बाद शमी ने इसे प्रेरणादायक बताते हुए मुख्यमंत्री के दृष्टिकोण और समर्पण की जमकर सराहना की। मोहम्मद शमी ने एक्स पर लिखा कि मैं सीएम योगी सर का दिल से आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने मुझसे मिलने के लिए समय निकाला। आपकी अंतर्दृष्टि और मार्गदर्शन अमूल्य है, और मैं हमारी चर्चाओं के प्रति आपकी प्रतिबद्त्राता की सराहना करता हूं। योगी ने भी शमी से मुलाकात की तस्वीर साझा करते हुये एक्स पर लिखा ह भारतीय क्रिकेट टीम के प्रख्यात गेंदबाज मोहम्मद शमी जी से आज लखनऊ स्थित सरकारी आवास पर शिष्टाचार भेंट हुई। इस मुलाकात को दोनों पक्षों ने सकारात्मक और प्रेरक बताया।

CMYK



### रुड़की तहसील में दून विजिलेंस की छापेमारी

# अपर तहसीलदार का पेशकार दस हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** प्रदेश की राजधानी देहरादून में विजिलेंस की बड़ी कार्यवाही के बाद विजिलेंस की टीम ने रुड़की तहसील में छापेमारी की हैं। इस दौरान टीम ने 10 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रुड़की तहसील में अपर तहसीलदार के पेशकार के पद पर तैनात रोहित को हिरासत में लेकर कागजी कारवाई में जुटी हुई हैं।

मिली जानकारी के मुताबिक रुड़की तहसील में अपर तहसीलदार के पेशकार के पद पर रोहित निवासी अम्बर तालाब रुड़की की तैनाती है। बताया गया है कि एक महिला की बहन का कृषि भूमि वाद चल रहा था रेस्टोरेशन प्रार्थना पत्र पुनः सुनवाई हेतु दिया गया था, उक्त पत्रावली पर कार्यवाही कराये जाने के एवज मे अपर तहसीलदार रुड़की के पेशकार रोहित द्वारा 25,000 रिश्वत की माँग की जा रही है। शिकायतकर्ता रिश्वत नही देना चाहता है एवं ऐसे भ्रष्ट सरकारी कर्मचारी के विरूद्ध कार्यवाही चाहता हैं। जिसके बाद उक्त शिकायतकर्ता द्वारा सूचना विजिलेंस को दी गई। शिकायत के आधार पर विजिलेंस की टीम ने जाल बिछाकर रिश्वतखोर पेशकर को मौके से 10 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ दबोच लिया। बताया जा रहा है कि निदेशक सतर्कता डॉ० वी० मुरूगेसन द्वारा ट्रैप टीम को नकद पुरस्कार से पुरस्कृत



करने की घोषणा की गयी। जिसके कारण रुड़की तहसील में हड़कंप मच गया। खबर लिखे जाने तक टीम अपनी अग्रिम कार्यवाही में जुटी हैं। और इस मामले में मीडिया को दूर रखा गया क्योंकि विजिलेंस के अधिकारियों द्वारा मीडिया को कोई सूचना नहीं दी गई हैं।

# तिरपाल ढककर लाई जा रही शीशम की खेप पकड़ी

**❖वन विभाग के चक्रव्यूह में फंसा वन तस्कर, पिकअप छोड़कर हुआ फरार**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** धनौरी चौकी क्षेत्र में वन विभाग की टीम ने खुफिया जानकारी के आधार पर कार्यवाही करते हुए पिकअप पर तिरपाल ढक कर लाई जा रही शीशम की खेप को पकड़ लिया हैं। वन विभाग की टीम ने पिकअप में भारी मात्रा में अवैध शीशम को जब्त किया हैं। इसके साथ ही पिकअप चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। टीम ने पिकअप को कब्जे में लेकर सीज की कार्यवाही है। और साथ ही टीम तस्करों के खिलाफ अग्रिम कार्रवाई में जुटी हुई हैं।

जानकारी के मुताबिक धनौरी वन विभाग की टीम को खुफिया सूचना मिली कि शिवदापुर उर्फ तेलीवाला रोड से धनौरी की ओर पिकअप वाहन में अवैध कटान



कर शीशम की खेप लाई जा रही हैं। सूचना के आधार पर बीट इंचार्ज मोहित सैनी ने अपनी टीम के साथ पिकअप वाहन को रुकने का इशारा किया लेकिन पिकअप चालक वाहन छोड़कर मौके से भाग खड़ा हुआ। टीम ने जब पिकअप से तिरपाल हटाई तो वन विभाग में हड़कंप मच गया। टीम ने पिकअप से भारी मात्रा में अवैध शीशम जब्त की हैं। धनौरी वन विभाग से बीट इंचार्ज मोहित सैनी ने बताया कि पिकअप से भारी मात्रा में शीशम जब्त की गई हैं। टीम ने पिकअप को कब्जे में लेकर उसको सीज कर दिया हैं। और साथ ही टीम अग्रिम कार्यवाही में जुटी हुई हैं।

# शहीद जवानों की याद में निकाली तिरंगा यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** आज लक्सर के इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय जुड़ गया, जब भगवान महाराज भगीरथ जी की जयंती के अवसर पर क्षेत्र में पहली बार एक किलोमीटर लंबी भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई।

खानपुर के विधायक उमेश कुमार के नेतृत्व में और जिला पंचायत सदस्य रवि पाल सैनी जी की विशेष उपस्थिति में आयोजित इस यात्रा में लक्सर क्षेत्र के सर्व समाज ने एकजुट होकर भाग लिया, जिससे यह आयोजन ऐतिहासिक बन गया। अभी तक लक्सर क्षेत्र में भगवान महाराज भागीरथ जी की जयंती पर इस तरह की विशाल तिरंगा यात्रा कभी नहीं निकाली गई थी। इस अभूतपूर्व पहल ने क्षेत्र के लोगों में उत्साह और उमंग का संचार कर दिया। कंधे से कंधा मिलाकर चलते हुए, हाथों में तिरंगा ध्वज लिए लोगों का जोश देखते ही बन रहा था। इस ऐतिहासिक पल पर अपनी भावनाएं व्यक्त करते हुए जिला पंचायत सदस्य रवि पाल सैनी ने कहा लक्सर के इतिहास के पन्नों पर यह दिन स्वर्णाक्षरों में लिखा जाएगा। भगवान महाराज भागीरथ जी की जयंती पर पहली बार इतनी विशाल तिरंगा यात्रा निकालकर



क्षेत्र के सर्व समाज ने एकता और भाईचारे का अद्‌भुत प्रदर्शन किया है। विधायक उमेश कुमार ने इस सफल आयोजन के लिए सभी क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि यह यात्रा भगवान भागीरथ जी के प्रति श्रद्धा और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन क्षेत्र में सामाजिक समरसता और सौहार्द को बढ़ावा देते रहेंगे।लक्सर के मुख्य मार्गों से गुजरी इस एक किलोमीटर लंबी तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष, युवा और बुजुर्ग शामिल हुए। देशभक्ति के नारों और भगवान भागीरथ के जयकारों से पूरा वातावरण गुंजायमान हो उठा। इस ऐतिहासिक यात्रा ने लक्सर के लोगों के दिलों में एक नई ऊर्जा और उत्साह का संचार किया है। यह आयोजन न केवल भगवान भागीरथ के प्रति आस्था का प्रतीक था, बल्कि यह क्षेत्र के लोगों की एकता और देशभक्ति की भावना का भी जीवंत प्रमाण था।आज लक्सर ने सचमुच में इतिहास रच दिया, और यह भव्य तिरंगा यात्रा आने वाले वर्षों में भी लोगों को प्रेरणा देती रहेगी।

# 11.22 ग्राम स्मैक के साथ एक आरोपी दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** भगवानपुर पुलिस द्वारा 11.22 ग्राम अवैध स्मैक के साथ 01 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। अभि0 को आज ही न्यायलय के समक्ष पेश किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री उत्तराखंड महोदय के ड्रग्स फ्री देवभूमि अभियान 2025 के तहत जनपद को नशा मुक्त करने व नशा (अवैध शराब/स्मैक/ चरस/ गांजा आदि) तस्करों के विरुद्ध हरिद्वार पुलिस द्वारा चलाये जा रहे अभियान को सफल बनाने के क्रम में भगवानपुर पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रांतर्गत दौराने चौकिंग दिनाक 18/05/2025 को अभियुक्त कुर्बान उर्फ सम्राट पुत्र बुद्वन निवासी ग्राम सिकरौड़ा थाना भगवानपुर जनपद हरिद्वार को 11.22 ग्राम अवैध स्मैक के साथ सिकरोड़ा गांव से हलजौरा जाने वाले सडक मार्ग भूरा बांस वाले के पास से गिरफ्तार किया। जिसके सम्बन्ध मे थाना हाजा पर मु0अ0सं0 166/2025, धारा 8/21एनडीपीएस अधिनियम पंजीकृत किया गया। अभि0 को आज ही न्यायलय के समक्ष पेश किया जा रहा है। नाम पता अभियुक्त कुर्बान उर्फ सम्राट पुत्र बुद्वन निवासी ग्राम सिकरौड़ा थाना भगवानपुर जनपद है। पुलिस टीम-अ0उ0नि0 प्रदीप चौहान थाना भगवानपुर, का0 राहुल कुमार थाना भगवानपुर का0 अमर सिंह ख्रथाना भगवानपुर शामिल रहे।

# शांति व्यवस्था भंग करने पर दो गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** भगवानपुर पुलिस द्वारा शांति व्यवस्था भंग करने पर 02 अभि0 को गिरफ्तार कर लिया गया है। थाना भगवानपुर पुलिस द्वारा दिनांक 18/05/2025 को थाना क्षेत्रांतर्गत मे लड़ झगड़ कर शांति भंग करने पर 02 व्यक्ति का चालान अंतर्गत धारा 170 बीएनएसएस मे गिरफ्तार किया गया बाद आवश्यक कार्यवाही कर अभि0गणो को आज ही न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा। 'गिरफ्तार अभियुक्त 1.रोबिन पुत्र रुपचंद निवासी ग्राम सिकन्दरपुर थाना भगवानपुर 2-राजू पुत्र स्व0 अतर सिह नि0 सिकंदरपुर थाना भगवानपुर जिला हरिद्वार है। 'पुलिस टीम-उ0नि0 शहजाद अली, है0का0 गीतम व संजीव यादव शामिल रहे।

# पुलिस ने 10.33 ग्राम अवैध स्मैक के साथ एक तस्कर दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर पुलिस के द्वारा एक नशा तस्कर गिरफ्तार किया गया है। उसके कब्जे से 10.33 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई है।

जानकारी के अनुसार राजीव रौथाण कोतवाली प्रभारी लक्स ने जानकारी देते हुध बताया ड्रग फ्री देव भूमि मिशन 2025 अभियांन को सफल बनाने के लिए एसएसपी हरिद्वार द्वारा जनपद में नसिले पदार्थो पर अंकुश लगाए जाने के लिए सभी कोतवाली प्रभारी थाना अध्यक्ष को निर्देशित किया था जिसमें पुलिस टीम गठित की गई गठित पुलिस टीम के द्वारा 18 मई 2025 को छापेमारी चेकिंग के दौरान लक्सर क्षेत्र जैनपुर निवासी एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया उससे 10.33 ग्राम अवैध स्मेंक बरामद हुई पूछताछ करने पर उस व्यक्ति ने अपना नाम नाजिम पुत्र जुलफान निवासी नवादा जैनपुर थाना कोतवाली लक्सर जनपद हरिद्वार बताया उसको गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में रायसी पुलिस चौकी प्रभारी कमल कांत रतूडी हेड कांस्टेबल प्रदीप कन्नओजिया कांस्टेबल महेंद्र सिंह शामिल रहे पकड़े गए नसा तस्कर के खिलाफ संबंधित मुकदमा दर्ज कर लिया गया है पकड़े गए नशा तस्कर को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# पेड़ काटने की शिकायत पर पटवारी ने की जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** दौड़ वासी माजरा में पेड़ काटने की शिकायत पर क्षेत्र के लेखपाल ने जांच कर आख्या प्रस्तुत की है।

जानकारी के अनुसार ग्राम दौड़ वासी मजरा फिरोजपुर उर्फ बग्गा वाला बुग्गावाला में अवैध रूप से पॉपुलर के 102 पेड़ जो कि संजय पुत्र महेंद्र के द्वारा ग्राम समाज नदी की भूमि से काटे गए थे काटे गए पेड़ों को क्षेत्रीय पटवारी के द्वारा संजीव उप प्रधान पति की सुपुर्दगी में दे दिए गए थे जिसमें कल दिनांक 18 5.2025 को संजय पुत्र महेंद्र के द्वारा सभी पेड़ों को उठाकर ले गए जिसकी शिकायत आज ो संजीव प्रधान पति के द्वारा प्राथमिक की रिपोर्ट दर्ज थाना बुग्गावाला में की गई आगे की कार्रवाई पुलिस के द्वारा की जा रही है।

# शादी में तमंचे के साथ डिस्को करने वाला युवक गिरफ्तार, तमंचा बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** शादी समारोह में तमंचे के साथ डिस्को का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा था जिसका पुलिस ने संज्ञान लेते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। जिसके पास से तमंचा 315 बोर का बरामद हुआ है पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश कर दिया है। पुलिस का कहना है आगे भी कार्यवाही जारी रहेगी।

जानकारी के अनुसार कोतवाली प्रभारी शांति कुमार ने बताया कि ग्राम हरजौली जट निवासी दीपक पुत्र मेवाराम का शादी समारोह में तमंचे के साथ डिस्को का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। एसएसपी हरिद्वार द्वारा सोशल मीडिया पर हवाबाजी कर दबंगई दिखाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने निर्देश दिए थे जिस क्रम में मंगलौर पुलिस द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी को तमंचा 315 बोर के साथ गिरफ्तार कर लिया जिस के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश कर दिया। पुलिस टीम में उप निरीक्षक राकेश डिमरी, कांस्टेबल किशन देव, कांस्टेबल आमिर शामिल रहे। पुलिस का कहना है आगे भी कार्यवाही जारी रहेगी।

# पुलिस ने दो वारंटी पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूडकी।** कोतवाली रुडकी पुलिस द्वारा 02 वारण्टीयो को गिरफ्तार किया गया है।

जानकारी के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद हरिद्वार के द्वारा न्यायालय से प्राप्त गैर जमानती वारंट की तामील किए जाने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसके क्रम मे प्रभारी निरीक्षक के द्वारा वारण्टीयो की धर पकड हेतु पुलिस टीम गठित की गई। पुलिस टीम के द्वारा अभियुक्तो को इनके मसकनों से गिरफ्तार किए गए वारंट को न्यायालय पेश किया जा रहा हैनाम पता वारंटी 1.आसिफ पुत्र हाशिम निवासी भारत नगर कोतवाली रुड़की जनपद हरिद्वार 2.राधेश्याम कश्यप पुत्र ओमपाल निवासी ग्रीनवे स्कूल के सामने वाली गली आदर्श नगर कोतवाली रुड़की है।

# एसडीएम ने झिझयान गांव में सुनी जनसमस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** एसडीम भगवानपुर ने झिझयान ग्रन्ट ग्राम में पहुंचकर ग्रामीणों की जन समस्याएं सुनकर उनका निस्तारण का प्रयास किया गया।

जानकारी के अनुसार उप जिलाधिकारी अजय वीर सिंह जी की अध्यक्षता में सरकार जनता के द्वार प्रोग्राम के अंतर्गत ग्राम झिंझयानग्रन्ट में 22 शिकायतें प्राप्त हुई हैं जिनमें से मौके पर पांच शिकायतों का निस्तारण किया गया तथा इसी के साथ-साथ ग्राम में सरकारी योजनाओं के भौतिक सत्यापन के लिए ग्राम में पंचायत घर का निर्माण किया जा रहा है जिसका श्रीमान जी के द्वारा मौके पर स्थलीय निरीक्षण किया गया जिसमें साफ सफाई एवं कार्य की गुणवत्ता के साथ-साथ जल्दी से जल्दी पूर्ण करने के लिए निर्माण एजेंसी को आदेशित किया गया आज के इस कार्यक्रम में अनुपस्थित विभाग तेजल विभाग विद्युत विभाग सिंचाई विभाग लोक निर्माण विभाग आदि अनुपस्थित रहे जिनके खिलाफ अलग से स्पष्टीकरण की कार्रवाई महोदय के कार्यालय से की जा रही है।

# अवैध पशु कटान पर रोक के बाद भी नहीं रुक रहा पशुओं का कटान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** प्रदेश भर में अवैध पशु कटान पर पूरी तरह रोक लगाने के बाद भी भैंस वंशीय पशु कटान पर रोक नहीं लग रही है। प्रशाशन पूरी तरह नाकाम साबित हो रहा हैं।

जानकारी के अनुसार जनपद हरिद्वार के मंगलौर कस्बे में अवैध भैंस वंशीय पशु कटान जोरो से चल रहा हैं सख्ती के बाद भी पशु कटान पर रोक लगाने में प्रशाशन पूरी तरह नाकाम साबित हो रहा हैं। भैंस वंशीय पशु कटान के बाद अवशेष सड़क किनारे फेंक देते है। जिससे उठती दुर्गंध राहगीरो के लिए मुसीबत का सबब बन गई हैं.आवारा कुत्ते पशुओ के अवशेष लेकर सड़को पर आ जाते है. जिससे राहगीरो को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा हैं। कावड़ यात्रा से लेकर चारधाम यात्रा के चलते इसी मंगलौर लंढोरा रोड को वेकल्पिक मार्ग के लिए यात्रियों का अवगमन होता है। हजारों कि संख्या में यात्री इसी मार्ग से होकर गुजरते है. सड़क के किनारे पड़े पशुओ के अवशेष के कारण यात्रियों को भी दिक्कतो का सामना करना पड़ेगा

# मोनू जलवीर ने गंगनहर में डूब रहे बुजुर्ग को बचाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूडकी।** गंगनहर में डूब रहे एक बुजुर्ग को जलवीर मोनू ने बचा लिया। मोनू इससे पहले भी कई लोगों की जान बचा चुके हैं। पिछले दिनों ही उन्होंने एक छात्रा को भी डूबने से बचाया था। परिवार के लोगों ने मोनू का आभार जताया।

जानकारी के अनुसार गंगनहर में डूब रहे एक बुजुर्ग को जलवीर मोनू ने बचा लिया। सोलानी पार्क के समीप एक बुजुर्ग गंगनहर की सीढिघ्यों पर बैठे थे। अचानक ही उनका पांव फिसल गया और वह गंगनहर में गिर गए। देखते ही देखते वह गंगनहर के तेज बहाव में वह बहने लगे। लोगों ने यह देखकर शोर मचा दिया। इस दौरान पास में ही रहने वाले जलवीर मोनू वहां पहुंचे और बुजुर्ग को बचाने के लिए गंगनहर में छलांग लगा दी। काफी मशक्कत के बाद वह बुजुर्ग को गंगनहर से बाहर निकालने में कामयाब रहे। इसके बाद बुजुर्ग के परिवार वालों को बुलाया गया। परिवार के लोगों ने मोनू का आभार जताया। मोनू पहले भी कई जान बचा चुका है।

# महिला उत्थान को लेकर रेस्टोरेंट की शुरुआत

**खानपुर।** उत्कर्ष स्वयं सहायता समूह की ओर से खानपुर में महिलाओं के उत्थान के लिए रेस्टोरेंट की शुरुआत की है। हरिद्वार के विकासखंड खानपुर में एनआरएलएम के अंतर्गत उत्कर्ष स्वयं सहायता समूह की महिला सदस्यों ने ग्रामोत्थान (रीप) परियोजना के सहयोग से यह पहल की है। समूह की महिलाओं की ओर से खानपुर-पुरकाजी मार्ग पर उत्कर्ष रेस्टोरेंट शुरू किया गया है। इसका शुभारंभ खंड विकास अधिकारी खानपुर जगेन्द्र सिंह राणा ने किया।

# गंगनहर से मिला अज्ञात युवक का शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूडकी।** गंगनहर से पीर बाबा कालोनी के पास एक अज्ञात शव बरामद हुआ जिसकी पहचान का प्रयास पुलिस ने किया न होने पर मोर्चरी में भेज दिया।

सिविल लाईन पुलिस ने बताया कि पीर बाबा कालोनी के पास एक शव तैरता मिला जिसे निकालकर उसकी पहचान कराने का प्रयास किया लेकिन पहचान नहीं हो पाई। प्रभारी निरीक्षक मनीभूषण ने बताया कि शव तीन चार दिन पुराना लग रहा है उम्र करीब 25 वर्ष है जो पीछे से आ रहा था पहचान न हाने पर मोर्चरी भिजवाया है।

# मिड-डेमील का दूध एक्सपायर

**भगवानपुर।** कस्बे के सीएमडी इंटर कालेज में मिडडे मील के तहत मिला दूध एक्सपायर डेट मिला। बच्चों के गिलासों तक नहीं पहुंच पाया इसके अलावा अन्य पोषाहार के लिए आई धनराशि की भी खैर खबर नहीं है। भगवानपुर खण्ड शिक्षाधिकारी ने मामले की जांच के बाद कार्यवाही शुरू कर दी है। शिकायत पर खण्ड शिक्षा अधिकारी ने खुद मौके पर पहुंचकर तमाम चीजों की जांच की जिसमे दूध एक्सपायरी डेट मिला और अनय अनियमितताएं पायी गयी।

# स्टेशन पर चलाया जागरूकता अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूडकी।** रूडकी रेलवे स्टेशन पर जीआरपी ने जागरूकता अभियान चलाया। जीआरपी ने यात्रियों को जागरूक करते हुए बताया कि संदिग्ध व्यक्ति व नशा करने वालों के खिलाफ तुरंत अवगत करायें। 1933 पर फोन करें। जीआरपीट इंचार्ज प्रीति कण्र्वाल ने बताया कि पोर्टल के माध्यम से पहल की गयी है। समस्या दर्ज करा सकते है। वहीं गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ भी सूचना दें। यात्रियों से अपील करते हुए कहा कि नशेले पदार्थ से दूर रहे, धार्मिक स्थल की मर्यादा का ख्याल रखें।

### मदरसा बोर्ड अध्यक्ष शमून ने की रक्षा मंत्री से मुलाकात

# ऑपरेशन सिंदूर को मदरसा बोर्ड पाठ्यक्रम में शामिल किए जाने पर लिया निर्णय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** मदरसा बोर्ड अध्यक्ष शमून कासमी ने की रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की। उत्तराखंड मदरसा शिक्षा परिषद के अध्यक्ष मुफ्ती शमून कासमी ने शिक्षविदों, बुद्धिजीवियो और सूफियों के एक प्रतिनिधि मंडल के साथ दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मिलकर ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर बधाई दी ।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री के निर्देशन में भारत की तीनों सेनाओं के सैनिकों ने ऑपरेशन सिंदूर के द्वारा, पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों को नेस्तो नाबूद किया जिससे पूरी दुनिया में भारत की कार्यवाही को सराहना मिल रही है। मुफ्ती शमून



कासमी ने रक्षा मंत्री से ऑपरेशन सिंदूर में शहीद हुए सैनिकों और पाकिस्तान की बमबारी में मारे गए जम्मू कश्मीर के आम नागरिकों के परिवारों को विशेष आर्थिक सहायता दिए जाने की मांग भी की । उन्होंने बताया कि मदरसा बोर्ड के नए पाठ्यक्रम में ऑपरेशन सिंदूर को भी शामिल किए जाने पर निर्णय लिया जाएगा।

# दो शातिर चोर गिरफ्तार, चोरी का सामान बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** रूडकी पुलिस के द्वारा चोरी की घटना को अंजाम देने वाले 02 शातिर चोरो को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी का सामान भी बरामद कर लिया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी पूर्व में गैंगस्टर सहित कई अन्य गंभीर मामलों में जेल जा चुके हैं।

जानकारी के अनुसार वादी मुकदमा सुनील कुमार सैनी के द्वारा थाना हाजा पर लिखित सूचना दी कि अज्ञात व्यक्तियों द्वारा रात्रि में उसकी दुकान के ताले तोड़कर दुकान के अन्दर घुसकर दुकान से नकदी व अन्य सामान सहित लैपटाप, मोटर, इन्वर्टर आदि सामान चोरी कर ले जाने के सम्बन्ध मे अज्ञात के विरूध्द पंजीकृत कर विवेचना अ0उ0नि0 अषाढ सिह पंवार के सुपुर्द की गयी थी। चोरी और नकबजनी की घटनाओं का शीघ्र अनावरण करने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार द्वारा जारी निर्देशों के क्रम में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण महोदय व क्षेत्राधिकारी रुड़की महोदय के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली रुड़की द्वारा चोरी की घटना का अनावरण हेतु कई टीमों का गठन कर, सीसीटीवी कैमरों चेक किए गए, पूर्व अपराधियों का सत्यापन किया गया। टीम के द्वारा सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन करते हुये मुखबिर तंत्र सक्रिय किये गये। टीम के द्वारा



पतारसी सुराग रसी करते हुये 02 शातिर चोर 1.आसिफ पुत्र रफीक उर्फ गुल्लू निवासी ग्राम खंजरपुर रूडकी थाना कोतवाली रूडकी जनपद हरिद्वार उम्र 26 वर्ष 2.तस्व्वर उर्फ भूरू पुत्र गफ्फार निवासी ग्राम खंजरपुर रूडकी थाना कोतवाली रूडकी जनपद हरिद्वार उम्र 24 वर्ष को दिनाँक 18.05.2025 को गिरफ्तार किया गया जिनके कब्जे से एक लैपटॉप एक कम्पनी का पंखा मोटर, व 07 शर्ट एक टीवी, एक कोट व एक पुरानी लोहे की स्टीम प्रेस, बरामद किया गया। अभियुक्तो को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। पुलिस टीम 1.अ0उ0नि0 आषाढ सिह पंवार, कोतवाली रूडकी 2. हेकानि0 प्रवीण कोतवाली रूडकी 3.कानि0 प्रदीप भण्डारी कोतवाली रूडकी 4.कानि0 गुलबाहर कोतवाली रूडकी 5. हेकानि0 संदीप कोतवाली रूडकी. हेड कांस्टेबल मनमोहन भंडारी7. हेड कांस्टेबल नूर हसन कोतवाली रुड़की आदि शामिल रहे।

CMYK

## देश के 'जयचंद'

देश में पहलगाम हमले के बाद देश के गद्दारों को पता लगाया जा रहा है। ये जयचंद देश की महत्वपूर्ण सूचनाएं पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए काम करते थे। हैदराबाद में आतंकी संगठन आईएसआईएस से जुड़े दो संदिग्ध आतंकी गिरफ्तार किए गए हैं। इन पर बम धमाके की साजिश रचने का आरोप है। रविवार को आंध्र प्रदेश और तेलंगाना पुलिस ने दोनों को पकड़ा और बम ब्लास्ट होने से बचा लिया। संदिग्ध आतंकियों की पहचान सिराज-उर-रहमान और सैयद समीर के रूप में हुई है। पुलिस को संदेह है कि इन दोनों को सऊदी अरब में एक्टिव आईएसआईएस मॉड्यूल से निर्देश मिल रहे थे, जो हैदराबाद में हमला करवाना चाहता था। इससे पहले हरियाणा के हिसार से ज्योति मल्होत्रा और मुरादाबाद से शहजाद को गिरफ्तार किया गया है। इन सभी पर पाक की एजेंसी के साथ मिला होने का आरोप है। पुरानी कहावत है कि जहां जयचंद हों, वहां तरक्की कैसे हो सकती है। रावण के घर में भी विभीषण हुआ था, जिसकी वजह से पूरी लंका नष्ट हो गई थी। यही हाल अब है। जब देश में जयचंद हैं, तो पड़ोसी क्यों डरेंगे, लेकिन जिस तरह से अब इनका पता लगाया जा रहा है और गिरफ्तारी की जा रही है, उससे हमारी खुफिया एजेंसी पर सवाल उठ रहे हैं। पुलिस के अनुसार ये लोग इतने लंबे समय आईएसआई के लिए काम करते रहे और किसी को भनक नहीं लगी। कहीं पुलवामा, बालाकोट और पहलगाम में हुए हमले इनकी वजह से ही तो नहीं हुए। अगर ये बात सामने आती है तो हमारी खुफिया एजेंसी को मंथन करने की जरूरत होगी। पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोप में गिरफ्तार यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा को राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए)ने हिरासत में ले लिया है। एनआईए की टीम सोमवार को ज्योति से पूछताछ करने हिसार पहुंची थी। इसके बाद उसे हिरासत में लेकर चंडीगढ़ ले गई। भारत में पाकिस्तान के कई एजेंट पकड़े गए हैं, जो भारत से पाकिस्तान में जानकारी भेजते रहते हैं। अगर भारत में आए पाकिस्तानी जासूसों की बात करें तो भारत में हर साल औसत 10-12 जासूस पकड़े जाते हैं। लेकिन इनसे सचेत रहने की जरूरत है, क्योंकि ये अलग-अलग भेष बनाकर देश के अलग-अलग शहरों में रहते हैं। अगर समय रहते इनका पता लगा लिया होता और इन्हें गिरफ्तार कर लिया होता, तो शायद ये हमले नहीं होते। आखिर हमारे देश का प्रशासन हमलों के बाद ही सक्रिय क्यों होता है, इस बात पर मंथन करने की जरूरत है। क्योंकि पहलगाम हमले के बाद से ही यह कदम उठाया गया है। इससे पहले नहीं। क्यों नहीं हमारे खुफिया तंत्र को पहले से इनकी जानकारी नहीं होती या फिर खुफिया तंत्र किसी बड़े हादसे की इंतजार मे रहता है। ये ही हमारे देश के जयचंद हैं, जो नमक खाते हैं हिन्दुस्तान का और काम करते हैं पाकिस्तान या अन्य देशों के लिए। ऐसा ही एक मामला हरियाणा के नूंह में सामने आया है, जहां जासूसों के नेटवर्क का अड्डा बताया जा रहा है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद देश की जांच एजेंसियां मामले की पड़ताल में जुटी हुई हैं। इस बीच देश के अंदर कुछ ऐसे लोग पकड़े गए हैं जो पाकिस्तान के लिए जासूसी का काम कर रहे थे। यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा की तरह नोमान इलाही भी पाकिस्तान के लिए जासूसी किया करता था। उसे भी पिछले हफ्ते हरियाणा की एक फैक्ट्री से गिरफ्तार किया गया था। नोमान पर पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी को गोपनीय जानकारी देने का आरोप हैं। साथ ही वह लगातार पाकिस्तान के साथ संपर्क में रहा।

## सरकार की कूटनीतिक विफलता



ऑपरेशन सिन्दूर से संबंधित जानकारी के बारे में विदेश मंत्री एस, जयशंकर का बयान सरकार की कूटनीतिक विफलता है, युद्ध सिर्फ सीमाओं पर ही नहीं लड़े जाते, बल्कि राजनीतिक रणनीति से भी लड़े जाते हैं, सेना बहादुरी से सीमा पर अपना काम करती हैं, तो युद्ध में उन रणनीतिकारों की बहुत अहम भूमिका हो जाती है, जो राजधानी में बैठे होते हैं, इन की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होती है और यह रणनीति सेनाओं के पराक्रम को या तो बढ़ा सकती है या नुकसान पहुंचा सकती है, विदेश मंत्री ने खुद मीडिया को बताया है कि हमला करने से पहले पाकिस्तान को सूचित कर दिया गया था, अब ये सूचित करने का क्या मतलब होता है, क्या विदेश मंत्री को भरोसा है कि पाक के कहने पर आतंकी चुपचाप बैठेंगे।

**-पवन खेड़ा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता**

# ऑपरेशन सिंदूर और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय



भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव का इतिहास लंबा और जटिल रहा है। दोनों देशों के बीच कश्मीर को लेकर दशकों से चला आ रहा विवाद समय-समय पर हिंसक संघर्षों का कारण बनता रहा है। हाल ही में अप्रैल 2025 में पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद दोनों देशों के बीच तनाव एक बार फिर चरम पर पहुंच गया। इस हमले में 26 पर्यटकों की जान गई थी, जिसके लिए भारत ने पाकिस्तान को जिम्मेदार ठहराया। इसके जवाब में भारत ने ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया, जिसमें पाकिस्तान और पाकिस्तान प्रशासित कश्मीर में आतंकी ठिकानों पर हवाई हमले किए गए। इस घटनाक्रम ने दक्षिण एशिया में तनाव को और बढ़ा दिया। इस संदर्भ में, अमरीका के जॉर्जटाउन विश्वविद्यालय की युद्ध मामलों की विशेषज्ञ प्रोफेसर क्रिस्टीन फेयर ने एक टीवी साक्षात्कार में इस संघर्ष के कारणों, परिणामों और भविष्य की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की।

प्रोफेसर फेयर ने अपने साक्षात्कार में बताया कि पाकिस्तान की सेना और उसका खुफिया तंत्र लंबे समय से आतंकी संगठनों, जैसे लश्कर-ए-तैयबा आदि को समर्थन देता रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह संगठन न केवल कश्मीर में सक्रिय हैं, बल्कि पाकिस्तान के आंतरिक सुरक्षा परिदृश्य में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उनके अनुसार, पाकिस्तानी सेना इन संगठनों को रणनीतिक संपत्ति के रूप में देखती है, जो भारत के खिलाफ छद्म युद्ध छेड़ने में उपयोगी हैं। पहलगाम हमले के जवाब में भारत ने ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया, जिसमें भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान में नौ आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया। इस ऑपरेशन को भारत ने अपनी आत्मरक्षा का अधिकार बताया, जबकि पाकिस्तान ने इसे अपनी संप्रभुता पर हमला करार दिया। प्रोफेसर फेयर ने इस ऑपरेशन को भारत की बदलती रणनीति का हिस्सा बताया। उन्होंने कहा कि भारत अब पहले की तरह केवल कूटनीतिक जवाब तक सीमित नहीं रहा, बल्कि वह सैन्य कार्रवाई के जरिए आतंकवाद के खिलाफ कड़ा संदेश भी देना जानता है। हालांकि, उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि ऑपरेशन सिंदूर जैसे कदम आतंकवाद को पूरी तरह खत्म नहीं कर सकते, क्योंकि पाकिस्तान की सेना के लिए भारत के खिलाफ संघर्ष अस्तित्वगत है। यह उनके वजूद का सवाल है। भारत का डर दिखा -दिखा कर ही पाकिस्तान अनेक देशों से आर्थिक मदद मांगता रहा है।

प्रोफेसर फेयर ने पाकिस्तानी सेना की भारत के प्रति कार्यशैली पर एक किताब भी लिखी है। इस साक्षात्कार में उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि पाकिस्तान की सेना अपने देश की नीति-निर्माण प्रक्रिया में अहम भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी सेना भारत को अपने अस्तित्व के लिए सबसे बड़ा खतरा मानती है और इस धारणा को बनाए रखने के लिए वह आतंकी संगठनों का इस्तेमाल करती है। फेयर के अनुसार, उनकी यह नीति न केवल भारत के लिए खतरा है, बल्कि पाकिस्तान के आंतरिक स्थायित्व को भी कमजोर करती है। उन्होंने यह भी बताया कि पाकिस्तानी सेना के लिए कश्मीर विवाद केवल एक क्षेत्रीय मुद्दा नहीं है, बल्कि यह उनकी वैचारिक और रणनीतिक पहचान का हिस्सा है। फेयर ने कहा कि पाकिस्तान की सेना तब तक आतंकवाद को समर्थन देती रहेगी, जब तक कि उसे भारत के खिलाफ अपनी स्थिति मजबूत करने का मौका मिलता रहेगा। भारत की हालिया सैन्य कार्रवाइयों, जैसे ऑपरेशन सिंदूर ने पाकिस्तान को यह संदेश दिया है कि भारत अब पहले की तरह निष्क्रिय नहीं रहेगा।

साक्षात्कार में प्रोफेसर फेयर ने भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल की रणनीति की भी चर्चा की। उन्होंने डोभाल को एक ऐसे रणनीतिकार के रूप में वर्णित किया, जो भारत की सुरक्षा नीति को आक्रामक और सक्रिय दिशा में ले जा रहे हैं। फेयर ने कहा कि डोभाल की सक्रिय रक्षा की नीति ने भारत को पाकिस्तान के खिलाफ अधिक प्रभावी बनाया है। ऑपरेशन सिंदूर इस नीति का एक उदाहरण है, जिसमें भारत ने न केवल आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया, बल्कि पाकिस्तान को कूटनीतिक और सैन्य रूप से भी जवाब दिया। हालांकि, फेयर ने यह भी चेतावनी दी कि इस तरह की आक्रामक नीति के अपने जोखिम भी हैं। उन्होंने कहा कि भारत और पाकिस्तान, दोनों ही परमाणु शक्ति संपन्न देश हैं और किसी भी सैन्य टकराव का बढ़ना दक्षिण एशिया में व्यापक विनाश का कारण बन सकता है।

उनके अनुसार, भारत को अपनी रणनीति में संत. ुलन बनाए रखना होगा, ताकि वह आतंकवाद के खिलाफ कड़ा रुख अपनाए, लेकिन साथ ही स्थिति को पूर्ण युद्ध की ओर बढ़ने से रोके। 10 मई 2025 को भारत और पाकिस्तान ने एक युद्धविराम की घोषणा की, जिसे अमेरिका की मध्यस्थता से संभव माना गया। हालांकि, भारत ने इसे द्विपक्षीय समझौता बताया और अमेरिकी हस्तक्षेप को कमतर करने की कोशिश की। प्रोफेसर फेयर ने इस युद्धविराम को अस्थाई करार दिया। उन्होंने कहा कि जब तक पाकिस्तानी सेना अपनी नीतियों में बदलाव नहीं करती, तब तक इस तरह के तनाव बार-बार सामने आएंगे। उन्होंने यह भी भविष्यवाणी की कि पाकिस्तान भविष्य में फिर से भारत के खिलाफ आतंकी हमले कर सकता है, क्योंकि यह उसकी रणनीति का हिस्सा है। फेयर के अनुसार अंतर्राष्ट्रीय समुदाय, विशेष रूप से अमेरिका, इस क्षेत्र में शांति बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका की मध्यस्थता हमेशा दोनों देशों को स्वीकार्य नहीं होती, खासकर भारत के लिए, जो कश्मीर को अपना आंतरिक मामला मानता है। प्रोफेसर क्रिस्टीन फेयर का टीवी साक्षात्कार भारत-पाकिस्तान संघर्ष की जटिलताओं को समझने के लिए एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है।

उनके विश्लेषण से स्पष्ट होता है कि यह संघर्ष केवल दो देशों के बीच का विवाद नहीं है, बल्कि इसमें गहरे ऐतिहासिक, वैचारिक और रणनीतिक आयाम हैं। पाकिस्तानी सेना की आतंकवाद समर्थक नीतियां और भारत की आक्रामक जवाबी रणनीति इस क्षेत्र में स्थाई शांति की राह में बड़ी बाधाएं हैं। हालांकि, फेयर का यह भी मानना है कि दोनों देशों के बीच संवाद और कूटनीति के रास्ते अभी पूरी तरह बंद नहीं हुए हैं। यदि पाकिस्तान अपनी नीतियों में बदलाव लाता है और भारत संतुलित रुख अपनाता है, तो भविष्य में तनाव को कम करने की संभावना बनी रह सकती है, लेकिन इसके लिए दोनों पक्षों को न केवल अपनी रणनीतियों पर पुनर्विचार करना होगा, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के साथ सहयोग भी करना होगा।

**प्रोफेसर फेयर ने पाकिस्तानी सेना की भारत के प्रति कार्यशैली पर एक किताब भी लिखी है । इस साक्षात्कार में उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि पाकिस्तान की सेना अपने देश की नीति-निर्माण प्रक्रिया में अहम भूमिका निभाती है । उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी सेना भारत को अपने अस्तित्व के लिए सबसे बड़ा खतरा मानती है और इस धारणा को बनाए रखने के लिए वह आतंकी संगठनों का इस्तेमाल करती है । फेयर के अनुसार, उनकी यह नीति न केवल भारत के लिए खतरा है, बल्कि पाकिस्तान के आंतरिक स्थायित्व को भी कमजोर करती है । उन्होंने यह भी बताया कि पाकिस्तानी सेना के लिए कश्मीर विवाद केवल एक क्षेत्रीय मुद्दा नहीं है, बल्कि यह उनकी वैचारिक और रणनीतिक पहचान का हिस्सा है । फेयर ने कहा कि पाकिस्तान की सेना तब तक आतंकवाद को समर्थन देती रहेगी, जब तक कि उसे भारत के खिलाफ अपनी स्थिति मजबूत करने का मौका मिलता रहेगा ।**



**विनीत नारायण**

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# किडनी के मरीज संभलकर खाएं मखाना

**तालाबों से निकाला जाता है ये सुपरफूड, खाने से शरीर को मिलती है इतनी ताकत मखाना वाटर लिली पौधो का बीज होता है , जिसे फॉक्स नट या लोटस सीड और प्लांट पॉप के नाम से भी जाना जाता है , रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया का 90 प्रतिशत मखाना भारत के बिहार राज्य में उपजाया जाता है , लेकिन अब यह साधारण सा दिखने वाला मखाना एक ग्लोबल सुपरफूड बन गया है , अनोखे स्वाद और टिकटॉक फैनडम के साथ इसे नया रूप मिल रहा है।**



मखाने में कई ऐसे पोषक तत्व पाए जाते हैं, जिनका सेवन शरीर को कई तरह से लाभ पहुंचाता है, लेकिन सवाल यह है कि क्या किडनी के मरीज मखाना खा सकते हैं या नहीं? हम अपनी डेली लाइफस्टाइल में कई चीजें शामिल करते हैं, जिससे हमारा स्वास्थ्य बना रहे। जैसे ड्राई फ्रूट्स में मखानों को भी शामिल किया जाता है। मखाना शरीर को कई तरह से लाभ पहुंचाने में उपयोगी होता है। मखाने में प्रोटीन, फाइबर, कैल्शियम, मैग्नीशियम और पोटैशियम जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं, जिनका सेवन शरीर के लिए आवश्यक होता है। ऐसे में सवाल यह है कि क्या किडनी के मरीज मखाने का सेवन कर सकते हैं या नहीं? आइए जानते हैं मखाने की न्यूट्रिशनल वैल्यू और इसके किडनी स्वास्थ्य पर प्रभाव के बारे में।

### मखाने की न्यूट्रिशनल वैल्यू

मखाने में प्रोटीन, फाइबर, कैल्शियम, मैग्नीशियम, पोटैशियम, विटामिन B2 और B6 जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं। इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स और ओमेगा-3 फैटी एसिड सूजन कम करने और हृदय स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद करते हैं। यह पाचन, हड्डियों और मेटाबॉलिज्म के लिए भी फायदेमंद है।

### किडनी के मरीज मखाना खा सकते हैं

अगर आप भी किडनी के मरीज हैं, तो यह जानना आपके लिए महत्वपूर्ण है कि मखाने का सेवन किडनी के लिए फायदेमंद है या नहीं। अगर आप किडनी स्टोन या इससे जुड़ी अन्य समस्याओं से पीड़ित हैं, तो आपको मखाना खाने से बचना चाहिए, क्योंकि मखाने में कैल्शियम की मात्रा अधिक होती है और ऐसे में यदि किडनी से संबंधित समस्याओं से ग्रस्त व्यक्ति इसका सेवन करता है, तो यह पथरी के आकार को बढ़ा सकता है। इसके अलावा, मखाने के सेवन से पेशाब में कैल्शियम की मात्रा भी बढ़ सकती है, जिससे किडनी से जुड़ी अन्य समस्याएं भी गंभीर हो सकती हैं। मखाने में प्रोटीन, पोटैशियम और फॉस्फोरस भी पाए जाते हैं, जो किडनी के मरीजों के लिए नुकसानदायक साबित हो सकते हैं। इसलिए यदि आप मखाना खाना चाहते हैं, तो पहले डॉक्टर की सलाह जरूर लें।

**डिसक्लेमरः** इस लेख में दी गई जानकारी का उद्देश्य केवल रोगों और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के प्रति जागरूकता लाना है। यह किसी क्वालीफाइड मेडिकल ऑपिनियन का विकल्प नहीं है। इसलिए पाठकों को सलाह दी जाती है कि वह कोई भी दवा, उपचार या नुस्खे को अपनी मर्जी से ना आजमाएं एक्सपर्ट या डॉक्टर की सलाह जरूर ले लें।

### मखाने के स्वास्थ्य लाभ

- मखाने में प्रोटीन और फाइबर की अच्छी मात्रा होती है, जो पाचन तंत्र को स्वस्थ रखने में मदद करता है।
- मखाने में फाइबर होता है, जो वजन कम करने में मदद करता है।
- मखाने में ओमेगा-3 फैटी एसिड और एंटीऑक्सीडेंट होते हैं, जो हृदय स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद करते हैं।
- मखाने में एंटीऑक्सीडेंट होते हैं, जो कैंसर जैसी बीमारियों से बचाव में मदद करते हैं।
- मखाने में कैल्शियम व मैग्नीशियम होते हैं, हड्डियों को मजबूत बनाने में मदद करते हैं।

# 2025 का मानसूनः समय से पहले देगा दस्तक



**दिल्ली एनसीआर में इस वर्ष 20 जून के आसपास लगाया जा रहा मानसून के आगमन का अनुमान।**

देशभर में इन दिनों गर्मी अपने चरम पर है। उत्तर भारत से लेकर दक्षिण भारत तक, लोग भीषण लू और चिलचिलाती धूप से बेहाल हैं। तापमान कई जगहों पर 45 डिग्री सेल्सियस के पार चला गया है। इस बढ़ती गर्मी के बीच एक राहत की खबर आई है। भारतीय मौसम विभाग (IMD) ने 2025 के दक्षिण-पश्चिम मानसून को लेकर सकारात्मक और उत्साहजनक पूर्वानुमान जारी किया है। इस बार मानसून अपने सामान्य समय से पहले देश में दस्तक देगा, जिससे किसानों को भी फायदा होने की उम्मीद है।

### मानसून 2025 की विशेषताएं

मौसम विभाग के अनुसार, इस बार दक्षिण-पश्चिम मानसून सामान्य से पहले भारत पहुंचेगा। इसका मुख्य कारण वैश्विक और क्षेत्रीय जलवायु स्थितियों में बदलाव बताया जा रहा है। खासतौर पर ला नीना प्रभाव और हिंद महासागर में समुद्र सतह के तापमान में बदलाव का मानसून पर गहरा असर पड़ता है। ये दोनों कारक इस बार मानसून के जल्दी शुरू होने के पीछे माने जा रहे हैं। ला नीना एक समुद्री घटना है जिसमें प्रशांत महासागर के सतह के तापमान सामान्य से कम हो जाते हैं। इसका असर भारत के मानसून पर सकारात्मक होता है और सामान्य से अधिक बारिश की संभावना को जन्म देता है। वहीं हिंद महासागर डिपोल का सकारात्मक चरण भी बारिश को बढ़ावा देता है।

### अंडमान निकोबार में दस्तक

हर साल की तरह इस बार भी मानसून की शुरुआत अंडमान और निकोबार द्वीप समूह से हुई है। भारतीय मौसम विभाग ने पुष्टि की है कि दक्षिण-पश्चिम मानसून ने 13 मई 2025 को अंडमान और निकोबार द्वीपों में प्रवेश कर लिया है। इसके साथ ही इन द्वीपों में भारी बारिश भी दर्ज की गई है। यह संकेत है कि मानसून अपनी सामान्य दिशा और प्रवाह के अनुसार आगे बढ़ रहा है, बल्कि इस बार यह थोड़ी रफ्तार से भी बढ़ रहा है। अंडमान और निकोबार में मानसून की शुरुआत के बाद, यह तेजी से दक्षिण भारत की ओर बढ़ेगा और फिर मध्य तथा उत्तर भारत को कवर करेगा।

### केरल में 27 मई को पहुंचेगा मानसून

केरल को भारत में मॉनसून का प्रवेश द्वार माना जाता है। आमतौर पर मानसून यहां 1 जून को दस्तक देता है, लेकिन इस बार 27 मई को ही मानसून केरल तटों पर पहुंच जाएगा। यह सामान्य तिथि से चार दिन पहले है। यह बदलाव काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि 2009 के बाद यह पहला मौका है जब मानसून इतने जल्दी केरल में प्रवेश करेगा। यह न केवल मौसम वैज्ञानिकों के लिए अध्ययन का विषय है, बल्कि किसानों और जल प्रबंधन विभागों के लिए भी एक सकारात्मक संकेत है।

### दक्षिण भारत में मानसून का विस्तार

केरल में दस्तक देने के बाद मानसून कर्नाटक, तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश के तटीय इलाकों में तेजी से फैलेगा। भारतीय मौसम विभाग का अनुमान है कि 5 से 7 जून के बीच दक्षिण भारत के अधिकतर हिस्सों में मानसून सक्रिय हो जाएगा। इसका मतलब है कि कृषि गतिविधियों के लिए पानी की उपलब्धता जल्द सुनिश्चित हो सकेगी। विशेषज्ञों का मानना है कि मानसून के जल्दी आगमन से खरीफ की फसल की बुआई समय पर शुरू हो सकेगी और इससे उत्पादन बढ़ने की भी उम्मीद की जा सकती है।

### मध्य भारत की ओर बढ़ता मानसून

दक्षिण भारत को कवर करने के बाद मानसून मध्य भारत की ओर बढ़ेगा। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, और ओडिशा जैसे राज्यों में मानसून जून के दूसरे और तीसरे सप्ताह में दस्तक देगा। इस दौरान इन क्षेत्रों में भारी से मध्यम बारिश की संभावना जताई गई है। मध्य भारत में मानसून का समय पर पहुंचना न केवल कृषि के लिए फायदेमंद होता है, बल्कि तापमान में गिरावट लाकर जनजीवन को भी राहत देता है। कई हिस्सों में जलाशयों का स्तर भी मानसून के भरोसे होता है, जिससे जल संकट की समस्या हल हो सकती है।

### उत्तर भारत में मानसून की चाल

उत्तर भारत में विशेष रूप से दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड जैसे राज्यों में मानसून की राह पर सबकी निगाहें टिकी होती हैं। आमतौर पर दिल्ली में मानसून 25 जून के आसपास दस्तक देता है, लेकिन इस बार संभावना जताई जा रही है कि मानसून 20 जून से 29 जून के बीच दिल्ली पहुंच सकता है। हालांकि, मौसम विभाग ने अभी तक कोई निश्चित तारीख नहीं दी है क्योंकि उत्तर भारत में मौसम की अनिश्चितता अधिक रहती है। स्थानीय मौसम परिस्थितियां और वैश्विक जलवायु परिवर्तन मानसून की गति और दिशा को प्रभावित कर सकते हैं। फिर भी उम्मीद की जा रही है कि मानसून समय से पहले या कम से कम समय पर दिल्ली और आसपास के इलाकों में पहुंचेगा, जिससे लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिलेगी।

### पूर्वोत्तर भारत में मानसून की स्थिति

पूर्वोत्तर भारत में हर साल मानसून सबसे पहले दस्तक देता है। इस क्षेत्र में भारी वर्षा के कारण बाढ़ और भूस्खलन जैसी समस्याएं अक्सर देखने को मिलती हैं। इस बार भी पूर्वोत्तर राज्यों जैसे असम, मेघालय, नागालैंड, अरुणाचल प्रदेश और त्रिपुरा में मानसून सामान्य समय से पहले या समय पर पहुंचने की उम्मीद है। मौसम विभाग ने यहां भारी बारिश की चेतावनी भी जारी की है, खासकर जून के दूसरे सप्ताह से लेकर जुलाई के पहले सप्ताह तक। प्रशासन को बाढ़ प्रबंधन और आपदा राहत कार्यों के लिए पहले से तैयार रहने की सलाह दी गई है।

### पश्चिम भारत और गुजरात में स्थिति

पश्चिम भारत के राज्यों राजस्थान, गुजरात और महाराष्ट्र के कुछ शुष्क हिस्सों में मानसून सामान्यतः देर से पहुंचता है। इस बार मौसम विभाग का अनुमान है कि गुजरात के अधिकांश हिस्सों में मानसून 10 से 15 जुलाई के बीच पहुंचेगा। गुजरात जैसे क्षेत्रों में मानसून का देर से आना सामान्य प्रक्रिया है, लेकिन यहां की जलवायु और कृषि इस मानसून पर बहुत हद तक निर्भर करती है। जलाशयों, नदियों और सिंचाई स्रोतों की भरपाई मानसून की बारिश से ही होती है। भारतीय मौसम विभाग सैटेलाइट डेटा, मौसम मॉडल, समुद्री सतह के तापमान, वायुमंडलीय दबाव और पवन प्रवाह का विश्लेषण कर मानसून की स्थिति का पूर्वानुमान लगाता है। इसके अलावा वैश्विक जलवायु घटनाएं जैसे एल नीनो और ला नीना, हिंद महासागर डिपोल और Madden-Julian Oscillation जैसी जटिल प्रणालियों का भी असर देखा जाता है। इन सभी संकेतकों का अध्ययन कर मौसम विभाग हर साल लॉन्ग रेंज फोरकास्टष यानी दीर्घकालिक पूर्वानुमान जारी करता है।

# बिना पायलट 10 मिनट तक उड़ती रही लुफ्थांसा फ्लाइट

## उड़ान का को-पायलट बेहोश हुआ था, 205 लोग मौजूद थे, 15 महीने बाद हुआ खुलासा




**स्पेन।** स्पेन जा रही एक फ्लाइट 205 लोगों के साथ करीब 10 मिनट तक बिना पायलट के उड़ान भरता रहा। दरअसल, विमान का पायलट टायलेट गया था, तभी अचानक को-पायलट की तबीयत खराब हो गई, और वह बेहोश हो गया था।

इसका खुलासा 15 महीने बाद स्पेन की दुर्घटना जांच एजेंसी सीआईएआईएसी की एक नई रिपोर्ट में हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार पिछले साल 17 फरवरी, 2024 को लुफ्थांसा के एयरबस ए321 में यह घटना हुई। फ्लाइट फ्रैंकफर्ट से सेविले, स्पेन जा रही थी। उस समय विमान में 199 यात्री और 6 क्रू मेंबर मौजूद थे। लुफ्थांसा दुनिया भर के 80 से ज्यादा देशों में 200 से अधिक डेस्टिनेशन तक सेवाएं देती है। पायलट बाथरूम से लौटा और काकपिट का दरवाजा खोलने की कोशिश की, लेकिन अंदर से लॉक होने के कारण वह दरवाजा नही खोल पाए। क्रू मेंबर ने को-पायलट से बात करने की कोशिश में इंटरकाम पर काल भी किया। जवाब न मिलने पर कप्तान ने इमरजेंसी कोड का इस्तेमाल कर काकपिट के अंदर गए, और विमान को कंट्रोल किया। को-पायलट को क्रू और एक यात्री डाक्टर ने प्राथमिक उपचार दिया। जिससे को-पायलट को होश आया। जांच में पता चला कि को-पायलट को पहले से एक न्यूरोलाजिकल बीमारी थी, जिसके बारे में उसे पता नहीं था और यह उसके मेडिकल टेस्ट में भी नहीं पकड़ी गई थी। इसके बाद को-पायलट का मेडिकल सर्टिफिकेट रद्द कर दिया गया। लुफ्थांसा ने जर्मन समाचार एजेंसी को बताया कि वे इस घटना के बारे में जानते है, और उनकी उड़ान सुरक्षा टीम ने इसकी जांच भी की थी, लेकिन इसके परिणाम सार्वजनिक नहीं किए गए थे। रिपोर्ट में कहा गया कि उड़ान के दौरान पायलट के बेहोश होने या मृत्यु की घटनाएं रेयर होती हैं। यूरोपीय आयोग के 2019-2024 के डेटाबेस में 287 ऐसी घटनाएं दर्ज की गईं। अमेरिका की 2004 की एक रिपोर्ट में 1993 से 1998 के बीच 39 ऐसी घटनाएं अमेरिकी पायलटों के साथ हुईं।

■ लुफ्थांसा दुनिया में 80 से ज्यादा देशों में 200 से अधिक डेस्टिनेशन तक सेवाएं देती है

## अमेरिका के साथ परमाणु समझौता संभव है: ईरान

**तेहरान।** ईरान ने कहा है कि अगर अमेरिका उसे भयभीत करने की प्रवृत्ति छोड़ दे तो दोनों देशों के बीच परमाणु समझौता संभव हो सकता है। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने रविवार शाम को ओमान के विदेश मंत्री बद्र बिन हमद अल बुसैदी के साथ बैठक के दौरान कहा कि अगर अमेरिका ईरान को 'डराना' बंद कर दे तो ईरान अमेरिका के साथ समझौता कर सकता है।



नीदरलैंड। हेग में रणनीतिक विशेषज्ञों के साथ बैठक के दौरान विदेश मंत्री एस जयशंकर।

# बाइडन प्रोस्टेट कैंसर की गंभीर अवस्था में



**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन को प्रोस्टेट कैंसर से ग्रसित हैं और यह उनकी हड्डियों तक फैल गया है। जनवरी में अमेरिकी राष्ट्रपति का पद छोड़ने वाले बाइडन को शुक्रवार को बीमारी का पता चला, जब उन्होंने पिछले सप्ताह मूत्र संबंधी लक्षणों के लिए एक डॉक्टर को दिखाया था।

यह जानकारी उनके कार्यालय से एक बयान में दी। डॉक्यटरों के मुताबिक यह कैंसर रोग का ज्यादा आक्रामक रूप है, जिसका ग्लीसन स्कोर 10 में से 9 है। कैंसर रिसर्च यूके के अनुसार, इसका मतलब है कि उनकी बीमारी को 'हाई ग्रेड' में रखा गया है और कैंसर कोशिकाएं तेजी से फैल सकती हैं। जानकारी के अनुसार, बाइडन और उनका परिवार उपचार के विकल्पों पर विचार कर रहा है। उनके कार्यालय ने कहा कि कैंसर हॉरमोन-संवेदनशील है, जिसका मतलब है कि इसे नियंत्रित किया जा सकता है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार कि शुक्रवार को उनमें प्रोस्टेट कैंसर का निदान किया गया, जिसमें ग्लीसन स्कोर 9 (ग्रेड ग्रुप 5) था तथा हड्डी में मेटास्टेसिस था। हालांकि यह रोग का अधिक आक्रामक रूप है, कैंसर हार्मोन-संवेदनशील प्रतीत होता है, जिसके कारण इसका प्रभावी प्रबंधन संभव है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा कि मैं और मेलानिया बाइडन की बीमारी के सुनकर दुखी हैं। उन्होंने पूर्व प्रथम महिला जिल बाइडन का उल्लेख करते हुए कहा हम उनकी पत्नी और उनके परिवार को हार्दिक शुभकामनाएं देते हैं। हम बाइडन के शीघ्र और पूर्ण स्वस्थ होने की कामना करते हैं। पूर्व उपराष्ट्रपति कमला हैरिस, जिन्होंने बाइडन कार्यकाल में काम किया था, ने एक्स पर लिखा कि वह और उनके पति डग एमहॉफ बाइडन परिवार के लिए प्रार्थना कर रहे हैं।

## इजरायल ने किया इंडोनेशिया के अस्पताल का ध्वस्तिकरण शुरू

**यरूशलम।** इजरायली सैनिकों ने उत्तरी गाजा पट्टी में एक इंडोनेशियाई अस्पताल को ध्वस्त करना शुरू कर दिया है जहां अभी कम से कम 55 लोग फंसे हुए हैं। अल जजीरा न्यूज चैनल की रिपोर्ट के अनुसार यह उत्तरी गाजा में अंतिम चिकित्सा सुविधा है।

चैनल ने कहा कि इजरायली सैनिकों ने अस्पताल के गेट पर हमला किया और बुलडोजर से अस्पताल की उत्तरी दीवार को ध्वस्त कर दिया। अल जजीरा की रिपोर्ट अनुसार इमारत में कम से कम 55 लोग फंसे हुए हैं, जिनमें चार डॉक्टर और आठ नर्स शामिल हैं। चैनल ने कहा कि अस्पताल के आसपास गोलीबारी की आवाजें सुनाई दे रही हैं। इजरायली रक्षा बलों ने 18 मार्च की रात को गाजा पट्टी पर हमले फिर से शुरू किए। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि हमले जारी रहेंगे, क्योंकि फलस्तीनी आंदोलन हमास ने युद्धविराम को बढ़ाने और बंधकों को मुक्त करने की अमेरिकी योजना को स्वीकार करने से इनकार कर दिया है। उल्लेखनीय है कि इजरायल और हमास के बीच संघर्ष विराम आधिकारिक तौर पर 01 मार्च को समाप्त हो गया था, लेकिन मध्यस्थों द्वारा दोनों पक्षों के साथ गाजा में एक समझौते पर बातचीत जारी रखने के प्रयासों के कारण लड़ाई फिर से शुरू नहीं हुई है। हालांकि, इजरायल ने पट्टी में एक विलवणीकरण संयंत्र की बिजली आपूर्ति बंद कर दी है तथा पट्टी में मानवीय सहायता ले जाने वाले ट्रकों का प्रवेश बंद कर दिया है।

■ इजरायली रक्षा बलों ने 18 मार्च की रात को गाजा पट्टी पर हमले फिर से शुरू किए


# एशिया में तेजी से फैल रहा कोरोना वैरिएंट

## सिंगापुर में 14 हजार नए मामले आए सामने, चीन, हांगकांग, थाइलैंड आदि देश अलर्ट पर

**सिंगापुर, वार्ता**

**एशिया** के कई देशों में कोरोना वायरस के मामले फिर से बढ़ रहे हैं। सिंगापुर, हांगकांग, चीन और थाईलैंड जैसे देशों में नए मामलों की संख्या में काफी इजाफा हुआ है। इस बार संक्रमण के लिए ओमिक्रोन के नए वेरिएंट जेएन1 और उसके सब-वेरिएंट्स एलएफ7 और एनबी1.8 को जिम्मेदार माना जा रहा है।

सिंगापुर में मई की शुरुआत में 14000 से ज्यादा मामले सामने आए हैं। अप्रैल के आखिरी हफ्ते में यह संख्या करीब 11100 थी। यहां मामलों में 28 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। वहीं, रोजाना अस्पतालों में भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या 30 प्रतिशत तक बढ़ गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक अस्पताल में भर्ती मरीजों की संख्या बढ़ी है, लेकिन गंभीर मरीजों की संख्या कम हुई है। अधिकारियों का कहना है कि अब तक ऐसा कोई सबूत नहीं मिला है जिससे यह लगे कि ये नए वेरिएंट पहले से ज्यादा खतरनाक या तेजी से फैलने वाले हैं। हालांकि, उनका मानना है कि यह लहर कमजोर इम्यूनिटी वाले लोगों पर अपना असर दिखा सकती है। गंभीर बीमा. रियों से जूझ रहे मरीजों के कोविड संक्रमित होने से मौत का आंकड़ा भी बढ़ा है। चीन और थाईलैंड में भी कोविड को लेकर सरकार अलर्ट पर हैं। चीन में बीमारियों की जांच करवाने जा रहे मरीजों में कोरोना वायरस पाए जाने के मामले दोगुने हो गए हैं। लोगों को बूस्टर शाट लेने की सलाह दी गई है। चाइनीज सेंटर फार डिजीज एंड प्रिवेंशन के आंकड़ों के मुताबिक, कोविड की लहर जल्द ही तेज हो सकती है। वहीं, थाइलैंड में दो अलग-अलग इलाकों मे तेजी से कोविड केस बढ़ने का मामले आए हैं। जेएन1, ओमिक्रान के बीए2.86 का एक स्ट्रेन है। जिसे अगस्त 2023 में पहली बार देखा गया था। दिसम्बर 2023 में विश्व स्वाएलएफय संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने इसे 'वेरिएंट ऑफ इंटरेस्ट' घोषित किया। इसमें करीब 30 म्यूटेशन्स हैं, जो इम्यूनिटी को कमजोर करते हैं। अमेरिका के जान्स हापकिंस यूनिवर्सिटी के अनुसार जेएन1 पहले के वैरिएंट्स की तुलना में ज्यादा आसानी से फैलता है, लेकिन यह बहुत गंभीर नहीं है। यह दुनिया के कई हिस्सों में सबसे आम वेरिएंट बना हुआ है। कोाविड-19 जेएन1 के लक्षण कुछ दिनों से लेकर हफ्तों तक कहीं भी रह सकते हैं। अगर आपके लक्षण लंबे समय तक बने रहते हैं, तो हो सकता है कि आपको लान्ग-कोाविड हो। यह एक ऐसी एिलएफाति है जिसमें कोाविड-19 के कुछ लक्षण ठीक होने के बाद भी बने रहते हैं।



रोजाना अस्पतालों में भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या 30% तक बढ़ गई है

## गाजा में फूड सप्लाई को तैयार हुए नेतन्याहू



**तेल अवीव।** इजरायल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने गाजा में सीमित मात्रा में खाद्य सामग्री भेजने की इजाजत दे दी है। इजरायल ने 2 मार्च से गाजा में खाने-पीने की चीजों के आने पर रोक लगा दी थी।

टाइम्स ऑफ इजरायल की रिपोर्ट के मुताबिक इजरायल की वार कैबिनेट ने सैन्य अधिकारियों की सलाह पर रविवार को यह फैसला किया। हालांकि कैबिनेट में इसे लेकर वोटिंग नहीं कराई गई क्योंकि कई मंत्री इस फैसले के खिलाफ थे। आंतरिक सुरक्षा मंत्री इतमार बेन ग्विर और दूसरे दक्षिणपंथी नेताओं ने इस फैसले की आलोचना करते हुए कहा कि यह हमास को 'आक्सीजन' देने जैसा है। पहले हमास को खत्म किया जाना जरूरी है। पिछले ढाई महीने में गाजा में यूएन और बाकी एजेंसियों के खाद्य भंडार पूरी तरह से खत्म हो गए हैं। खाने-पीने के सामानों की कमी के चलते गाजा में भुखमरी का खतरा बढ़ गया है। इस वजह से अमेरिका समेत कई देशों का इजरायल पर दबाव बढ़ रहा था, जिसके बाद पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने रविवार को गाजा पट्टी में जरूरी मदद फिर से शुरू करने का आदेश दिया।

■ दो महीने से रुकी हुई थी सप्लाई इजरायली मंत्री बोले: यह फैसला हमास को ऑक्सीजन देने जैसा

## पुर्तगाल में भारतीय दूतावास के बाहर पाकिस्तानियों का हंगामा

**लिस्बन।** पुर्तगाल की राजधानी लिस्बन में पाकिस्तानियों ने भारतीय दूतावास के सामने हंगामा किया। इसका जवाब देते हुए भारतीय अधिकारियों ने दूतावास के बाहर ऑपरेशन सिंदूर का बैनर लगा दिया। इस पर लिखा था-ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है। दूतावास ने एक्स पर पोस्ट करते हुए बैनर की तस्वीरें शेयर की हैं। साथ ही लिखा है कि पाकिस्तानियों के कायरतापूर्ण विरोध प्रदर्शन का जवाब ऑपरेशन सिंदूर के बैनर के साथ दिया गया। हम दूतावास की सुरक्षा सुनिश्चित करने में पुर्तगाल सरकार और उसके पुलिस अधिका. रियों को धन्यवाद देते हैं। इन तस्वीरों में भारतीय अधिकारी भी बैनर के साथ नजर आए। भारत ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में 6-7 मई की रात पाकिस्तान में ऑपरेशन सिंदूर लान्च किया था। इस दौरान भारत ने 9 आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया था।




■ जवाब में भारतीय एंबेसी ने ऑपरेशन सिंदूर का बैनर लगाया लिखा: यह अभी खत्म नहीं हुआ

## हूतियों ने इजरायली हवाई अड्डों को निशाना बनाने की दी धमकी

**अदन यमन।** यमन के हूती समूह ने घोषणा की कि वह गाजा में इज़रायल के हमलों में वृद्धि और यमन पर हाल ही में किए गए हमलों के जवाब में कुछ घंटों के भीतर बेन गुरियन हवाई अड्डे और अन्य अनिर्दिष्ट इज़रायली हवाई अड्डों के खिलाफ सैन्य अभियान चलाएगा। यह घोषणा हूती के मीडिया प्राधिकरण के उप प्रमुख नसरुद्दीन आमेर ने सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म 'एक्स' पर एक बयान में की। आमेर ने इज़रायली हवाई अड्डों पर वर्तमान में परिचालन करने वाली सभी एयरलाइनों से तुरंत प्रस्थान करने का आग्रह किया और सभी यात्रियों को योजनाबद्ध हूती अभियानों से पहले बाहर निकलने की चेतावनी दी। इससे पहले इज़रायली सेना ने कहा कि उसने यमन से मध्य इज़रायल की ओर लॉन्च की गई एक मिसाइल को रोक दिया।

## अमेरिका से गाजा में तत्काल युद्धविराम कराने का आग्रह

**काहिरा।** मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल-फत्ताह अल-सीसी ने गाजा पट्टी में तुरंत युद्धविराम कराने का आग्रह किया और वहां मानवीय सहायता पहुंचाने की आवश्यकता पर ज़ोर दिया।

यह बयान उन्होंने एक दौरे पर आए अमेरिकी अधिकारी से मुलाकात के दौरान दिया। काहिरा में मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल-फत्ताह अल-सीसी ने अमेरिका के वरिष्ठ सलाहकार मासाद बुलोस से मुलाकात के दौरान गाजा में तुरंत युद्धविराम की अपील की। दोनों नेताओं ने मध्य पूर्व की स्थिति और क्षेत्रीय स्थिरता बहाल करने के उपायों पर चर्चा की। सीसी ने गाजा में युद्धविराम के लिए मिस्र, अमेरिका और कतर की संयुक्त मध्यस्थता प्रयासों की सराहना की और कहा कि मिस्र इस समन्वय को जारी रखेगा। अमेरिका के सलाहकार मासाद बुलोस ने मिस्र के साथ मिलकर मध्य पूर्व में शांति बहाल करने के संयुक्त प्रयासों में अमेरिका की प्रतिबद्धता दोहराई। यह बैठक उस समय हुई जब इजरायल और हमास के बीच शनिवार को दोहा में परोक्ष वार्ता का नया दौर शुरू हुआ।

दोनों नेताओं ने मध्य पूर्व की स्थिति और क्षेत्रीय स्थिरता बहाल करने के उपायों पर भी चर्चा की

# विश्व की जेलों में कैद हैं 23 हजार पाकिस्तानी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के 23 हजार से ज्यादा नागरिक इस समय दुनिया के कई देशों की जेलों में बंद है। इन्हें रेप, मर्डर और ड्रग तस्करी जैसे गंभीर आरोपों में दोषी ठहराया गया है। पाकिस्तानी अखबार डान के मुताबिक विदेश मंत्रालय ने यह जानकारी संसद में दी है। पाकिस्तान की नेशनल असेंबली में प्रश्नकाल के दौरान इससे जुड़ा सवाल पूछा गया था, जिसका मंत्रालय ने लिखित जवाब दिया। अपने लिखित जबाव में मंत्रालय ने बताया कि पाकिस्तान के कुल 23456 पाकिस्तानी नागरिक विदेशों की जेल में बंद हैं। इनमें से सबसे ज्यादा 12156 सऊदी अरब में कैद है।

सऊदी के बाद दूसरे नंबर पर संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) है, जहां 5292 पाकिस्तानी जेल की सजा काट रहे हैं। चीन की जेलों में भी 400 पाकिस्तानी बंद हैं। इनमें से ज्यादातर ड्रग तस्करी, बलात्कार, डकैती और हत्या जैसे गंभीर अपराधों में दोषी पाए गए हैं। डान की रिपोर्ट के मुताबिक बहरीन में बंद 450 पाकिस्तानी नागरिकों को ड्रग तस्करी, नशीले पदार्थों के कब्जे और धोखाधड़ी के आरोपों में सजा हुई है। वहीं अफगानिस्तान ने 88 पाकिस्तानी नागरिकों को ओवरस्टे और सुरक्षा से जुड़े अपराधों में दोषी ठहराया है। इस्लामिक देशों में भी पाकिस्तानी नागरिकों का रिकॉर्ड खराब है। कतर में 338, ओमान में 309, मलेशिया ने 255 पाकिस्तानी अलग-अलग अपराधों में सजा काट रहे हैं। यूरोप के भी कई देशों में पाकिस्तानी अपराधियों की संख्या बढ़ती जा रही है। फ्रांस में 168 और जर्मनी में 94 पाकिस्तानी जेल में बंद हैं। आस्ट्रिया में भी पाकिस्तानियों को अवैध घुसपैठ, मानव और ड्रग तस्करी, हत्या और यौन उत्पीड़न जैसे मामलों में दोषी ठहराया गया है, हालांकि संख्या नहीं बताई है। नार्वे में 3, फिनलैंड में 2, कनाडा में 9 डेनमार्क में 27 पाकिस्तानी दोषी ठहराए गए हैं। साल 2022 में एक रिपोर्ट जारी हुई थी। इसमें बताया गया था कि इंग्लैंड के रादरहैम, कार्नवाल, डर्बीशायर, रोशडेल और ब्रिस्टल शहर में साल 1997 से 2013 के बीच कम से कम 1400 नाबालिग बच्चियां यौन शोषण की शिकार बनीं थीं। आरोपियों में सबसे ज्यादा पाकिस्तानी मूल के लोग थे।



■ रेप, मर्डर और ड्रग तस्करी जैसे गंभीर आरोपों में दोषी ठहराया गया है, पाक विदेश मंत्रालय ने संसद में दी जानकारी

## पाक ने शाहीन मिसाइल इस्तेमाल नहीं की

**इस्लामबाद।** पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने सोमवार को आधिकारिक बयान जारी कर कहा कि पाकिस्तानी सेना ने ऑपरेशन बनयानुन मार्सूस के दौरान शाहीन मिसाइल का इस्तेमाल नहीं किया।

उन्होंने कहा कि इस मिसाइल के इस्तेमाल को लेकर भारतीय मीडिया की तरफ से किए जा रहे दावे झूठे और बेबुनियाद हैं। बात दें शाहीन मिसाइल परमाणु और पारंपरिक हथियार ले जाने में सक्षम है। पाकिस्तान ने कहा कि बिना जांच के भड़काऊ और गलत खबरें फैलाना क्षेत्रीय स्थिरता को नुकसान पहुंचाता है और यह आधिकारिक संस्थानों की पेशेवर छवि को भी कमजोर करता है। इससे पहले पाकिस्तानी सेना ने 12 मई 2025 को जारी अपने बयान में बताया था कि उसने भारतीय सेना के खिलाफ ऑपरेशन में फतह सीरीज (एफ1 और एफ2) की लंबी दूरी की मिसा. इलों, लंबी दूरी के ड्रोन और तोपों का इस्तेमाल किया था।

पाकिस्तानी सेना के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने रविवार को कहा कि पाकिस्तान, कभी भी भारत के आगे नहीं झुकेगा। उन्होंने कहा कि भारत, अमेरिका या इजराइल नहीं है और पाकिस्तान, अफगानिस्तान या फिलिस्तीन नहीं है। अनादोलु एजेंसी को दिए इंटरव्यू में सेना के प्रवक्ता ने दावा किया कि सीजफायर की अपील पहले भारत ने की थी, इसके बाद ही वे इसके लिए राजी हुए। प्रवक्ता चौधरी ने भारत को चेतावनी दी है कि अगर उसने पाकिस्तान की जल आपूर्ति रोकने की कोशिश की, तो भारत को इसके गंभीर परिणाम भुगतने होंगे जो दशकों तक महसूस किए जाएंगे।

■ विदेश मंत्रालय ने कहा: इस मामले में किए जा रहे दावे झूठे, ये मिसाइल परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम, पाक आर्मी बोली: भारत के आगे नहीं झुकेंगे

Recruitment For Teaching Staff

Required:
Faculty For BA/BBA/BCA/B.Ed
B.A - Subjects: Political Science, Urdu
BBA/BCA/B.Ed: All Subjects

Qualification: As per University/UGC Norms

Eligible candidates are invited to send their resumes to idcdeoband@gmail.com and appear for the interview within 15 days with original documents and a recent colored photograph.

❑ Experienced Candidates will be preferred.

ISLAMIA DEGREE COLLEGE
Deoband, Distt., Saharanpur
Affiliated to Maa Shakumbhari University, Saharanpur
Contact No. : 9045143298, 8755525452
Email Id- idcdeoband@gmail.com

Contact for admission
Seats are Limited

Low Neet Score.... Low Budget Student's (Don't Worry)
Register Today....and Get Discount
Complete Your MBBS in just 20 to 23 Lakhs (Approx) Including Tuition Fee, Hostel Fee, Food 3 Times, Visa Ext., Insurance Medical, Transportation, Laundry & FMGE Coaching By Experts Regularly (No Extra, No Hidden Charges

➢Russia
➢Georgia
➢Kazakistan
➢Kyragyzstan
➢Uzbekistan
➢Iran
➢Bangladesh
➢Nepal
➢China
➢Europe
➢Egypt
➢Armenia
➢U.K.
➢Canada
➢U.S.A.

Anjum Kaleem
8384872313
9457439020
No need to go Delhi or NCR, Come to Bijnor
100% Sure and Safe
India's Leading Education Consultancy

M.B.B.S./M.D BHMS, BAMS BDS, BUMS

Since 2010

ABROAD ADMISSION & COUNSELLING FOR INDIA
Top Govt. Universities NMC, WHO, WFME, UNESCO, US Assmebly Approved Universities
Indian Hostel And Mess Available
Lowest Price Packages

www.mbbsbijnor.com
M.B.B.S. ABROAD CONSULTANCY

Office Add. : Moin ka Chauraha Opposite Tiranga Enterprise, Chahshreen B-21, Bijnor